✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 202 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान के सुल्तान ने 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति से मिले भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के आवास पर जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नितिन नवीन ने उपराष्ट्रपति का आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्राप्त की।

### जस्टिस संगम कुमार साहू बनेंगे पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 18 दिसंबर को हुई बैठक में उड़ीसा हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश संगम कुमार साहू को पटना हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम की इस सिफारिश के बाद केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने पर न्यायाधीश साहू औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे।

### सीएम नीतीश कुमार आज जहानाबाद आयेंगे

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 19 दिसंबर को जहानाबाद का दौरा करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री का संभावित कार्यक्रम सुबह 10:20 बजे रतनी प्रखंड के सोहरैया पंचायत भवन के उदघाटन से शुरू होगा। इसके बाद वे विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करेंगे। 10:45 बजे वे जहानाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न स्थानों पर ईंट सोलिंग और मिट्टी भराई का काम भी चल रहा है।

### गांधी मैदान में ग्रामीण भारत महोत्सव आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से आयोजित ग्रामीण भारत महोत्सव-बिहार 2025 का दूसरा चरण आज शुक्रवार से 28 दिसंबर तक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इस इस भव्य प्रदर्शनी-सह-बिक्री मेले में देशभर के कारीगरों, शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक संगठनों और उद्यमियों के हस्तनिर्मित, जैविक व पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। महोत्सव का उदघाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघुएवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ, उद्यमी और शैक्षणिक जगत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### मजदूर की गोली मारकर हत्या

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के गोपाल नगर गांव में बुधवार देर रात अधेड़ की हत्या कर दी गई। मदन राजवंशी की गोली मारकर हत्या की गयी है। घटना आपसी विवाद से जुड़ा है। बथानी पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद ही मृतक के घरवाले और गांव वाले अपने अपने घर से बाहर निकले तब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे।

मुख्यमंत्री ने साक्ष्य संग्रहण व अपराध के अनुसंधान में सहायता हेतु चलंत फॉरेंसिक वाहनों को दिखायी हरी झंडी

# विधि-व्यवस्था का संधारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 01 अणे मार्ग से साक्ष्य संग्रहण एवं अपराध के अनुसंधान में सहायता हेतु 34 चलंत फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने फॉरेंसिक वाहनों को रवाना करने के पूर्व वाहनों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद से ही विधि व्यवस्था के संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानून का राज स्थापित किया गया, इसके लिए कई काम किये गये। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टालरेंस की नीति अपनायी गयी। आपराधिक मामलों की जांच में तेजी लाने के लिए 34 नये मोबाईल फोरेंसिक वाहनों का लोकार्पण किया गया है। ये सभी वाहन आधुनिक जांच उपकरणों से युक्त हैं। इन वाहनों की मदद से अपराध के घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल जांच शुरू की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके पहले कोई अपराध होने पर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजना पड़ता था। इसमें काफी समय लगता था और विलम्ब होने के कारण पीड़ित परिवारों में असंतोष रहता था। अब मोबाईल टीम घटनास्थल पर ही जांच शुरू कर देगी जिससे काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, विशेष कार्य पदाधिकारी (गृह विभाग) संजय कुमार सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, सीआइडी के अपर पुलिस महानिदेशक पारसनाथ, अपर पुलिस महानिदेशक, आधुनिकीकरण सुधांशु कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रोविजिनिंग अजिताभ कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# तथाकथित गुंडा बैंक व सूदखोरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने मुजफ्फरपुर में सामने आई आत्महत्या की घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार सूदखोरी और तथाकथित गुंडा बैंक चलाने वालों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों पर अलग से कानून बनाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैशाली पहुंचे डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि बिहार में अपराध के मामलों में कमी आई है लेकिन हर अपराध पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान डीजीपी सराय थाना क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए जहां उन्होंने बैंक लूट के दौरान अपराधियों की गोली से शहीद हुए जवान अमिताभ बच्चन की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शहीद जवान की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा और पुलिस विभाग की ओर से लगभग 43 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। कार्यक्रम में तिरहुत प्रक्षेत्र के डीआईजी जयंतकांत, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी ने शहीद जवान अमिताभ बच्चन के साहस और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण देते हुए पुलिसकर्मियों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अपने पुरुषार्थ और बहादुरी का प्रदर्शन अपराध नियंत्रण और जनता की मदद के लिए करें न कि सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए। गौरतलब है कि 24 अक्तूबर 2023 को सराय बाजार में बैंक लूट के बाद फरार हो रहे अपराधियों से मुकाबला करते हुए सराय थाना में तैनात जवान अमिताभ बच्चन वीरगति को प्राप्त हुए थे। अपराधियों की गोली लगने से वह शहीद हो गए थे।

# साढ़े तीन करोड़ का स्मैक बरामद 20.47 लाख कैश भी मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नशा के कारोबार के खिलाफ एक्शन मोड में काम कर रही बेगूसराय पुलिस को बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। इनपुट के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने 3.340 किलो स्मैक बरामद किया है। मौके से 20 लाख 47 हजार रुपया कैश भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को यह सफलता गणेशदत्त नगर में मिली। डीआइयू को सूचना मिली थी कि गणेशदत्त नगर में स्थित एक भाजपा नेता के रिश्तेदार के घर में स्मैक का कारोबार किया जा रहा है। वहां रहने वाले कारोबारी बीपी स्कूल के नजदीक डिलीवरी देने पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही सदर-वन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां से 3 किलो 340 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। बरामद स्मैक का बाजार मूल्य करीब साढे तीन करोड़ रुपए बताई जा रहा है। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता के रिश्तेदार ने गणेशदत्त नगर में मकान बनाया है लेकिन वे लोग पटना में रहते हैं और कभी किसी विशेष मौके पर यहां आते हैं। घर को उन लोगों ने किराए पर ले रखा है। इस मामले में पुलिस ने दो बड़े कारोबारी को गिरफ्तार किया है। सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि नशा के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश की सीमा से स्मैक की बहुत बड़ी डिलीवरी बेगूसराय आई है। स्मैक यहां लोकल सप्लायर में डिस्ट्रीब्यूशन होने वाला है। इसके लिए तीन युवक बीपी स्कूल के नजदीक पहुंचे हैं। डिलीवरी करने की सूचना पर घेराबंदी में शिवम कुमार एवं कुमार आर्यन उर्फ कार्तिक पकड़ा गया जबकि एक युवक भाग गया। पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि खगड़िया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित मथार निवासी बाल्मीकि यादव का पुत्र रामवृक्ष कुमार इस पूरे कारोबार का मास्टरमाइंड है।

# गड्ढे में गिरी कार, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिले के नेहरा थाना क्षेत्र में बीती देर रात घने कोहरे के कारण हुई सड़क दुर्घटनामें एक ही गांव के तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा नेहरा गांव के समीप उस समय हुई जब तेज धुंध के बीच सड़क पर अचानक सामने आए सांड को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 15 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरी। मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार तीनों युवक जगदीशपुर स्थित अपने बहनोई के घर से नेहरा गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले पहुंचे, घने कोहरे के कारण चालक सड़क पर खड़े सांड को समय रहते नहीं देख सका। संतुलन बिगड़ते ही कार पलट गई जिससे उसमें सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतकों की पहचान शंभू कुमार यादव (27), अजय कुमार साहनी (28) और सुजीत कुमार साहनी (28) के रूप में हुई है। तीनों नेहरा गांव के निवासी थे और आपस में गहरे दोस्त थे। शंभू यादव किसान था और परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। अजय साहनी मखाना और मछली के व्यवसाय से जुड़ा था जबकि सुजीत साहनी की पत्नी छह माह की गर्भवती है। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार से शवों को बाहर निकाला। सूचना पर नेहरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच दरभंगा भेज दिया। एक साथ तीन युवकों की असमय मौत से पूरे नेहरा गांव में कोहराम मच गया है। हर घर में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

# खेत में दौड़ा करंट, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कुढ़नी थाना अंतर्गत मलकौली गांव में खेत में पटवन के दौरान करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बाप-बेटे और नाती शामिल है। घटना की जानकारी के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने सड़क पर तीनों लाश को रखकर जाम लगा दिया। गांव के लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। मृतकों की पहचान 60 साल के चंद्रेश्वर राय, उनके बेटे 25 साल के मिट्ठू कुमार और चंद्रेश्वर राय के नाती 22 साल के सोनू कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक तीनों गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे खाना खाने के बाद खेत में पटावन के लिए गए थे। पास के खेत में काम रहे किसान ने बताया कि बाप-बेटे और नाती तीनों धान के खेत में पटावन के लिए आए थे। खेत में पहले से हाई वोल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ था। सबसे पहले सोनू कुमार करंट की चपेट में आया वो तड़पने लगा। इसके बाद चंद्रेश्वर राय उसे बचाने के लिए दौड़े। वो भी करंट की चपेट में आए गए। आखिर में मिट्ठू कुमार दोनों को बचाने गया लेकिन वो भी करंट की चपेट में आ गया। तीनों करीब 5 मिनट तक खेत में ही तड़पते रहे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बीडीओ नीरज रंजन ने बताया कि जांच के बाद पता चलेगा कि बिजली विभाग की लापरवाही है या फिर क्या है।

# बिहार सरस मेला की अलग पहचान : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित बिहार सरस मेला 2025 का भ्रमण किया और मेले में की गई व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिहार सरस मेला-2025 का आयोजन 12 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस मेले में बिहार के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों से आए कारीगर और उत्पादक अपने उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। मेले में हस्तशिल्प, लोककला, हस्तकरघा उत्पादों के साथ-साथ देशी व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली। इस मौके पर उपस्थित उत्पादकों एवं विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि मेले में प्रदर्शित सामान को लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है और बिक्री भी अच्छी हो रही है। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी सुविधाएं बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरस मेला की अपनी एक अलग पहचान है। मेले में लगाए गए उत्पादों को देखकर खुशी होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका दीदियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और उनके जीविका संवर्द्धन तथा स्वरोजगार के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताई कि मेले में जीविका दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के कई स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# बिहार में 72 हजार से अधिक शिक्षकों की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर अब तक की सबसे बड़ी और सख्त जांच शुरू होने जा रही है। राज्य के 72,287 शिक्षकों के जाति, आधार, आय, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जिम्मेदारी अब निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी गई है। इस जांच में यदि किसी शिक्षक का प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया तो उसकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। साथ ही अब तक ली गई पूरी सैलरी और अन्य सरकारी सुविधाओं की राशि ब्याज सहित वसूल की जाएगी। इसके अलावा फर्जीवाड़े के आरोप में आपराधिक मामला भी दर्ज होगा। यह जांच खासतौर पर वर्ष 2006 से 2015 के बीच नियुक्त किए गए नियोजित शिक्षकों पर केंद्रित है। शिक्षा विभाग के अनुसार इन वर्षों में बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, जिनके प्रमाण पत्रों को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। अब तक विभागीय स्तर पर सात बार जांच कराई जा चुकी है लेकिन हर बार लापरवाही और तकनीकी कारणों से वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ सकी। इसी वजह से सरकार ने अब यह जिम्मेदारी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को दी है ताकि निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। जांच के दायरे में आए शिक्षकों में सबसे अधिक 53,894 शिक्षकों की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट और प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के हरिरा पंचायत स्थित गोसनगर गांव में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक किशोरों की पहचान जतन कुमार यादव (14) और दिलखुश (12) के रूप में हुई है। जतन कुमार पहुंसी पंचायत के बलचंदा वार्ड संख्या 7 निवासी परमानंद यादव का पुत्र था, जबकि दिलखुश गोसनगर गांव के ही मोहम्मद सोहराब का बेटा था। दोनों अच्छे दोस्त थे। गुरुवार सुबह जतन अपने पड़ोसी दिलखुश के साथ नाना के घर गोसनगर जा रहा था। रास्ते में अचानक एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बेहोशी की हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्साकांटा पहुंचाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्साकांटा में डॉक्टर ओपी पंडित ने जतन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दिलखुश को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। नेपाल ले जाने के क्रम में सुंदरी के पास दिलखुश ने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर कुर्साकांटा थाना अध्यक्ष रोहित कुमार, दारोगा रामाशंकर गुप्ता, सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ज्योति सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया।

# भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के दरभंगा नगर सीट से छह बार के विधायक संजय सरावगी ने बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। पार्टी कार्यालय में दिलीप जायसवाल ने उन्हें कुर्सी सौंपी। इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले उन्होंने बेली रोड स्थित अंबेडकर मूर्ति से लेकर पार्टी कार्यालय तक उन्होंने रोड शो किया। इस दौरान महिलाओं ने शंख बजाकर और फूलों से उनका स्वागत करते नजर आए। पटना में उनके स्वागत के लिए हाथी-ऊंट, घोड़ा और बैंड-बाजे का इंतजाम किया गया था। नए प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में आठ हजार से ज्यादा कार्यकर्ता झंडा लिए पटना की सड़कों पर दिखे। पटना पहुंचने पर सरावगी ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाऊंगा। मेरी कोशिश होगी कि कार्यकर्ताओं की आवाज सरकार तक पहुंचती रहे। पिछले साल नीतीश सरकार में कैबिनेट विस्तार के दौरान संजय सरावगी को पहली बार मंत्री बनाया गया था। अब वो दिलीप जायसवाल की जगह बिहार में पार्टी की कमान संभालेंगे। नए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के स्नेह के बिना कोई नेता नहीं बन सकता। भाजपा ने आपके साथ न्याय किया है तो सभी कार्यकर्ताओं को भी न्याय देना है। संगठन के लिए जो भी बेहतर होगा, वहीं करूंगा। मैं ईमानदारी पूर्वक संगठन की विचारधारा को मजबूती से स्थापित करूंगा। दिलीप जायसवाल के कार्यकाल में बीजेपी को 202 सीट मिली, जो अभूतपूर्व है। संगठन के कई लोग इसबार विधायक बने हैं, जो उत्साह बढ़ाने वाला है। पहले जंगलराज में ना तो मेडिकल कॉलेज खुला, ना इंजीनियरिंग कॉलेज। बिहार सरकार को विकसित बनाने के लिए हम हर काम करेंगे। 2005 से पहले महिलाओं की क्या हालत थी, सब जानते हैं। आज बिहार की महिलाएं देशभर में अपना परचम लहरा रही हैं। विपक्ष आज मुद्दा विहीन हो गया है। बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के सम्मान में पार्टी कार्यालय में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मंच पर दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, शाहनवाज हुसैन, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



# 4000 करोड़ में बनेगा खगड़िया-पूर्णिया फोरलेन

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के खगड़िया से पूर्णिया के बीच नई फोरलेन सड़क बननेका रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने 143 किलोमीटर लंबेइस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में 4000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की नरेंद्र मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिलना बाकी है। अप्रूवल मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। दरअसल लोजपा (रा) के सांसद राजेश वर्मा ने गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान खगड़िया-पूर्णिया सड़क का मुद्दा उठाया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि खगड़िया लोकसभा क्षेत्र सबसे पिछड़ा है। वे पटना से निकलते हैं तो बेगूसराय तक फोरलेन मिलता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संभाला कार्यभार

## प्रदेश कार्यालय में दायित्व ग्रहण सह अभिनंदन समारोह में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरवागी आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है, संगठन ही शक्ति है और विचारधारा ही हमारे प्राण हैं। उन्होंने कहा की कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि मेरी शिक्षा की शुरूआत ही संघ की पाठशाला से हुई है और मेरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ही 'मैं ' से 'हम ' की यात्रा प्रारंभ हुई। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए वे आगे काम करेंगे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शन से आगे बढूंगा। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने वरिष्ठ नेताओं और पूर्व अध्यक्षों की चर्चा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं जैसे शिल्पकारों ने उन्हें रचा है और इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास कर दायित्व सौंपा है उसपर वे खरा उतरेंगे। संजय सरावगी आज अपने विधानसभा क्षेत्र दरभंगा से पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। महिला मोर्चा के सदस्यों ने शंख ध्वनि से उनका स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए संजय सरवागी ने कहा कि आज मैं पदभार ग्रहण कर रहा हूं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह पद नहीं मुझे जिम्मेदारी मिली है और मैं भरोसा देता हूं मैं रात दिन मेहनत कर इस जिम्मेदारी को निभाने की कोशिश करूंगा। वे संगठन की विचारधारा को और मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि बिहार के वरिष्ठ नेताओं की टीम का सहयोग मिलता रहेगा और राष्ट्रीय नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने साफ लहजे में कार्यकताओं को भरोसा देते हुए कहा कि कोई भी कार्यकर्ता उपेक्षित नहीं रहेगा, सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम किया जाएगा।

समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नव नियुक्त अध्यक्ष का अभिनन्दन करते हुए उन्हें सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में दायित्व बदलता है और काम बदलता है और हम सभी श्रेष्ठता से अपने दायित्व को निभाते हुए आगे बढ़ते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल तक चुनाव नहीं है इस कारण आशा है कि नए अध्यक्ष संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंके प्रदेश अध्यक्ष को भरोसा देते हुए कहा कि उनके साथ नौ पूर्व अध्यक्ष मार्गदर्शन के लिए खड़े हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज केंद्रीय नेतृत्व कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी रहा है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि इन जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के मान, सम्मान और स्वभिमान बढ़ेगा और हम सभी विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करेंगे। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने 17 महीने के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के सहयोग मिलने पर आभार जताते हुए कहा कि आज सभी के मेहनत का परिणाम है कि बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत से फिर से सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि आज नए प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभालने को लेकर भाजपा के लिए उत्सव, जश्न और खुशी का दिन हैं। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सहित बिहार सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश के तमाम पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अभिनंदन समारोह का संचालन भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने किया।

भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने वरिष्ठ नेताओं और पूर्व अध्यक्षों की चर्चा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं जैसे शिल्पकारों ने उन्हें रचा है और इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास कर दायित्व सौंपा है उस पर वे खरा उतरेंगे।

## भाजपा चुनाव प्रबंधन विभाग की ओर से नवनियुक्त अध्यक्ष का भव्य स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा बिहार के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का आज पटना आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में इनकम टेक्स गोलम्बर के पास कैट कोर्ट के सामने चुनाव प्रबंधन विभाग के संयोजक राधिका रमण के नेतृत्व में गर्म जोशी से फुलो की बारिश कर एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। यह जानकारी चुनाव प्रबंधन विभाग के प्रदेश मीडिया प्रभारी रणविजय सिंह यादव ने दिया। मौक पर एस के बरियार, कुमार सचिन, रवीन्द्र शर्मा, राम तुजभ सिंह, मुकेश कुमार, प्रकाश वर्मा, मनिष कुमार, डा० अमित पासवान सहित सैकड़ों अधिवक्ता एवं विभाग से जुड़े पदाधिकारियों को देखकर प्रदेश अध्यक्ष वाहन से उतर कर सबका अभिनन्दन स्वीकार किया। राधिका रमण ने कहा नये प्रदेश अध्यक्ष से संगठन और मजबूत एवं प्रभावी होगा। उनके संगठनात्मक क्षमता से पार्टी और सशक्त होगा।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया अर्थशास्त्री सीए संजय कुमार झा की 16 पुस्तकों का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गरिमामय समारोह में ख्यातिप्राप्त अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, नीति-विशेषज्ञ एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट मानसपुत्र संजय कुमार झा द्वारा लिखित 16 महत्वपूर्ण पुस्तकों का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सीए संजय कुमार झा की ये पुस्तकें केवल साहित्यिक कृतियां नहीं हैं, बल्कि भारत और बिहार के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, कृषि, न्याय एवं शासन व्यवस्था के पुनर्निर्माण का गंभीर और शोध-आधारित दस्तावेज हैं। यह पुस्तकें नीति-



निमार्ताओं, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और शिक्षकों के लिए दिशा-निर्देशक सिद्ध होंगी। उन्होंने विशेष रूप से बिहार विजन 2030, नई शिक्षा नीति 2020, आत्मनिर्भर भारत, वैदिक पंचायती राज, प्राकृतिक कृषि, भारतीय न्याय परंपरा और औद्योगिक निवेश व रोजगार सृजन पर आधारित पुस्तकों को समय की आवश्यकता बताया। सीए मानसपुत्र संजय कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन पुस्तकों का उद्देश्य केवल विचार प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से एक आत्मनिर्भर, न्यायपूर्ण और समृद्ध भारत एवं विकसित बिहार का ठोस रोडमैप देना है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक-श्रृंखला युवाओं के चरित्र निर्माण, कृषि एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं न्याय सुधार, लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा नई अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन जैसे विषयों को समग्रता से संबोधित करती में शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नीति- विशेषज्ञों, युवाओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी ने इस पुस्तक - विमोचन को बिहार के बौद्धिक और नीतिगत विमर्श के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। मौके पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महासचिव मुकुंद कुमार सिंह, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, एनजीओ हेल्पलाइन के प्रवन्धक सोनु पटेल, इंटर्न आरती मिश्र, सपना कुमारी, निर्मल वर्मा, तारा कुमारी, रानी कुमारी, कुमारी जानवी, अमृत राज, सोनु कुमार, मोहित कुमार, अंकित, मनीष उपस्थित रहे।

# टीएमसी की सरकार ने बंगलादेशी घुसपैठियों को दी शरण : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी होने के बाद ये बात स्पष्ट हो गया है कि सीएम ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को शरण दिया था। इस ड्राफ्ट में 58 लाख से ज्यादा लोगों के नाम काट दिए गए हैं। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि 1 करोड़ 90 लाख से ज्यादा वोटर्स को संदिग्ध कैटगरी में रखा गया है। राज्य में कुल वोटरों की संख्या करीब 7 करोड़ 66 लाख है। दावा किया जा रहा है कि इन संदिग्ध वोटर्स में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए शामिल हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी कि एसआईआर के दौरान भरे गए एन्यूमेरेशन फॉर्म्स की जांच से कई गड़बड़ियां पकड़ी हैं। श्री पांडेय ने कहा कि बंगाल में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को संदिग्ध कैटगरी में इसलिए रखा गया है क्योंकि एन्यूमेरेशन फॉर्म में दी गई जानकारी संदेह पैदा करने वाली है। चुनाव आयोग को करीब 12 लाख ऐसे फॉर्म मिले जिनमें पिता और बच्चे की उम्र का अंतर 15 साल से कम है। इस प्रकार 8 लाख 77 हजार से ज्यादा फॉर्म में पेरेंट्स और बच्चों की उम्र का अंतर 50 साल से ज्यादा है। करीब 85 लाख फॉर्म में पिता का नाम या तो दर्ज नहीं है या रिकॉर्ड से मैच नहीं हो रहा। श्री पांडेय ने कहा कि बंगाल में 1 करोड़ 90 लाख संदिग्ध वोटर्स को नोटिस भेजा गया है और उन्हें सफाई का मौका दिया जाएगा, लेकिन ग्राउंड पर जांच से हैरान करने वाली सच्चाई सामने आई है। यह साफ हो चुका है कि बंगाल में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल हैं, लेकिन 58 लाख नाम कटने और 1 करोड़ 90 लाख संदिग्ध पर ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी परेशान है। ममता दीदी की सरकार राज्य में फर्जी वोटरों के सहारे सत्ता में हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान सरकार के इशारे पर जमकर हिंसा चुनाव प्रभावित करने के लिए होती है। मगर अब ममता दीदी की सरकार जाएगी और राज्य में भाजपा प्रचंड जीत हासिल करेगी।

# नई दिल्ली में नितिन नवीन का भव्य स्वागत, बिहारी एनडीए सांसदों ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो









**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का गुरुवार को नई दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। लोकसभा में भाजपा के चीफ व्हिप संजय जायसवाल के नई दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार के एनडीए सांसदों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिहार एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुखों की उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम को विशेष राजनीतिक महत्व मिला। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और सांसद उपेंद्र कुशवाहा, जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री एवं जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा केंद्रीय मंत्री एवं जदयू सांसद रामनाथ ठाकुर मौजूद रहे। सभी नेताओं ने नितिन नवीन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में लोकसभा के चीफ व्हिप और भाजपा सांसद संजय जायसवाल के अलावा केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने भी नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव और राजनीतिक समझ पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी, खासकर बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने बिहार में एनडीए की एकजुटता और समन्वय पर भी जोर दिया। सभी घटक दलों के प्रमुखों की साझा उपस्थिति को बिहार एनडीए की मजबूती और सामूहिक नेतृत्व का संकेत माना गया। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और उपस्थित नेताओं ने नितिन नवीन के साथ भविष्य की रणनीतियों और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी अनौपचारिक चर्चा की।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील वर्मा ने दी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील वर्मा व्यक्तिगत कारणों से भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट नहीं कर सके। इस अवसर पर उनके सुपुत्र यश वर्मा, जो वर्तमान में लंदन में निवासरत हैं, दिल्ली पहुंचे और परिवार, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों की ओर से नितिन नवीन को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह भेंट पारिवारिक आत्मीयता, संगठनात्मक विश्वास एवं वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। यश वर्मा ने इस दौरान अपने पिता सुनील वर्मा की शुभेच्छाएं एवं भावनाए भी नितिन नवीन तक पहुंचायी तथा शीघ्र उपस्थित होने के उपरांत



स्वयं भेंट कर शुभकामनाएं देने का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन के भविष्य, बिहार में पार्टी की भूमिका एवं समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर सकारात्मक संवाद भी हुआ। सभी ने नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की आशा व्यक्त की।

# लोक कलाकारों के लिए आदर्श हैं भिखारी ठाकुर : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सांस्कृतिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार की ओर से बेली रोड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भोजपुरी के महान साहित्यकार, गीतकार, नाटककार, रंगकर्मी और सांस्कृतिक योद्धा भिखारी ठाकुर की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत रहीं जिन्होंने भिखारी ठाकुर की रचनाओं को स्वर देकर पूरे वातावरण को भोजपुरी लोक चेतना से भर दिया।




कार्यक्रम की शुरूआत भिखारी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर नीतू कुमारी नवगीत, जेडी विमेंस कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. हिना रानी, प्रसिद्ध संगीतकार अर्जुन चौधरी और संस्कृति कर्मी अविनाश कुमार झा ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भिखारी ठाकुर के गीतों के माध्यम से उन्हें नमन किया गया। नीतू कुमारी नवगीत ने 'पियवा गईले कलकतवा हे सजनी', 'डगरिया जोहत न हो, बीतत बाटे आठ पहरिया', बिदेसिया नाटक के प्यारी सुंदरी का विलाप 'कौवने अवगुणवे पियवा', बेमेल विवाह पर आधारित गीत 'चलनी के चालल दूल्हा' सहित अनेक प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत किए। उनके गायन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भिखारी ठाकुर लोक कलाकारों के लिए आदर्श हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से यह दिखाया कि एक लोक कलाकार समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। उनकी कृतियों ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक समरसता जैसे विषयों को मजबूती से उठाया और समाज में नए युग का सूत्रपात किया। उनकी रचनाएं आज भी ग्रामीण बिहार से लेकर विदेशों तक गूंज रही हैं। कार्यक्रम में डॉ. हिना रानी ने कहा कि भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर महान कवि, नाटककार और सामाजिक सुधारक थे। उनका जन्म बिहार के सारण जिले के कुतुबपुर गांव में हुआ था। उन्होंने नारी उत्पीड़न, शराबखोरी और जाति प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी रचनाओं के माध्यम से आवाज उठाई। बिदेसिया, बेटी बेचवा, भाई विरोध, पिया निसैल, गेबर घिचोर और गंगा स्नान उनकी प्रमुख रचनाएं हैं, जिन्होंने भोजपुरी भाषा और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम में अर्जुन चौधरी ने नाल पर, अशोक कुमार ने बैंजो पर, संजय मिश्रा ने कैसियो पर और प्रिंस ने बेड पर संगत की। भिखारी ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में अविनाश कुमार झा, बबलू कुमार, पवन सौरभ, निगम कुमार संस्कृति पाल, सोनी खातून, खुशी मिश्रा, नंदिनी सिंह, तुलसी सोनी, रोशनी कुमारी, अनु कुमारी, रिया सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# वार्षिक खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाया जलवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** माउंट लिट्रा जी स्कूल दानापुर की ओर से जगजीवन स्टेडियम में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेलभावना और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में बिहारओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शमा परवीन, स्कूल की चेयरमैन बी. के सिंह, प्रबंधक निलेश सिन्हा और ट्रस्ट सदस्या गीता सिन्हा की मौजूदगी ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। मार्च पास्ट में स्कूल के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अपने अनुशासित कदम ताल से दर्शकों का मन मोह लिया। खेल दिवस की औपचारिक घोषणा के बाद मशाल दौड़ आयोजित की गई जो एकता और खेल भावना का प्रतीक बनी। दिनभर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के छात्रों ने भाग लिया। मुख्य आकर्षणों में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर दौड़, बाधा दौड़, रिलेरेस, कबड्डी और टग-ऑफ-वार शामिल रहे। छोटे बच्चों के लिए फन-रेस जैसे' टनलरेस', 'ब्लाइंड फोल्ड वॉक'और बर्स्ट द बलून रेस' का भी आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र और छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया गया।

# ग्लोटर्निटी सेमिनार में 200 से अधिक ब्यूटीशियन हुईं शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नेचरह्रस एसेंस प्रोफेशनल ने पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित होटल लीलावती में ग्लोटर्निटी सेमिनार का सफल आयोजन किया। इस ज्ञानवर्धक सत्र में 200 से अधिक ब्यूटीशियन और सैलून प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। सेमिनार को कंपनी के नेशनल ट्रेनर नीरज कुमार और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव दीक्षा गांधी ने होस्ट किया। कार्यक्रम में ईस्ट रीजनल सेल्स मैनेजर सुव्रो गुथाथाकुर्ता और एरिया सेल्स मैनेजर चंदन कुमार का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पटना में आयोजित इस सेशन के दौरान ब्रांड के कुछ बेस्ट-सेलिंग प्रोफेशनल प्रोडक्ट्स को भी प्रस्तुत किया गया। इसमें खास रहा ग्वांग ग्लो–एक कोरियन-इंस्पायर्ड प्रोफेशनल फेशियल




रेंज, जो इंस्टेंट ग्लो, डीप हाइड्रेशन और स्किन रेडिएंस के लिए जानी जाती है। इसके साथ ही कस्टर्ड मैनी-पेडी को भी सराहा गया जो अपनी रिच क्रीमी टेक्सचर, डीप पोषण और लग्जरी सैलून एक्सपीरियंस के कारण सैलून प्रोफेशनल्स के बीच बेहद लोकप्रिय है। सेमिनार के दौरान सर्विस इनोवेशन, सही प्रोडक्ट यूसेज, रिटेलिंग के अवसर, क्लाइंट की जरूरतों को समझना और बदलते ब्यूटी ट्रेंड्स जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इंटरएक्टिव सेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल नॉलेज और इंडस्ट्री से जुड़ी अहम जानकारियां मिलीं। नेशनल ट्रेनर नीरज कुमार ने कहा कि ग्लोटर्निटी सेमिनार, जो कि पैन इंडिया आयोजित किए जाते हैं, नेचरह्रस एसेंस प्रोफेशनल की एक प्रमुख पहल हैं। इन सेमिनार्स का उद्देश्य केवल नए प्रोडक्ट लॉन्च तक सीमित नहीं है, बल्कि सैलून ओनर्स और ब्यूटीशियन्स को नए टिप्स, ट्रिक्स, सही ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल, क्लाइंट कंसल्टेशन और मार्केट अंडरस्टैंडिंग से भी अवगत कराना है। इससे प्रोफेशनल्स को अपने सैलून बिजनेस को बेहतर ढंग से बढ़ाने में मदद मिलती है। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव दीक्षा गांधी ने कहा कि ब्रांड की एक बड़ी विशेषता इसकी इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है जहां सभी प्रोडक्ट्स का निर्माण स्वयं किया जाता है। एरिया सेल्स मैनेजर चंदन कुमार ने बताया कि ग्लोटर्निटी जैसे सेमिनार के माध्यम से नेचरह्रस एसेंस प्रोफेशनल सैलून इंडस्ट्री को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# डिब्रूगढ़ और लखनऊ के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर न्यू तिनसुकिया-गुवाहाटी-कामाख्या-कटिहार-बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते डिब्रूगढ़ और लखनऊ के मध्य गाड़ी सं. 05905/05906 डिब्रूगढ़-लखनऊ-डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। यह स्पेशल डिब्रूगढ़ से 19 दिसम्बर, 2025 को तथा लखनऊ से 23 दिसम्बर, 2025 को 01 फेरे के लिये परिचालित किया जायेगा। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 14 कोच लगाये जायेंगे। गाड़ी सं. 05905 डिब्रूगढ़-लखनऊ स्पेशल 19 दिसम्बर, 2025 को डिब्रूगढ़ से 14.00 बजे प्रस्थान कर न्यू तिनसुकिया-गुवाहाटी-कामाख्या-अलीपुरद्वार के रास्ते 20 दिसम्बर को 18.30 बजे कटिहार, 19.30 बजे नवगछिया, 20.50 बजे खगड़िया, 21.24 बजे बेगूसराय, 21.45 बजे बरौनी जं., 23.25 बजे समस्तीपुर, 21 दिसम्बर को 00.45 बजे मुजफ्फरपुर, 01.50 बजे हाजीपुर, 04.35 बजे छपरा, 05.40 बजे सीवान, 09.10 बजे गोरखपुर, 12.30 बजे गोंडा तथा 14.20 बजे बाराबंकी रूकते हुए 16.30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में, 05906 लखनऊ-डिब्रूगढ़ स्पेशल 23 दिसम्बर, 2025 को लखनऊ से 23.30 बजे प्रस्थान कर 24 दिसम्बर 08.10 बजे सीवान, 09.30 बजे छपरा, 11.30 बजे हाजीपुर, 12.40 बजे मुजफ्फरपुर, 13.45 बजे समस्तीपुर, 15.25 बजे बरौनी जं., 15.55 बजे बेगूसराय, 16.45 बजे खगड़िया, 18.20 बजे नवगछिया एवं 20.40 बजे कटिहार रूकते हुए 26.12.2025 को 05.30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

CMYK

### सचिव ने किया प्रस्तावित सीएम के कार्यक्रम को लेकर पेयजल आपूर्ति परियोजना का निरीक्षण

# योजना कार्य 2027 के पूर्व होंगे पूर्ण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव एस के मल्ल ने प्रस्तावित सीएम के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को यहां सोन नदी पर 1,347 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन औरंगाबाद, डिहरी और सासाराम शहरों में पेयजल आपूर्ति परियोजना का निरीक्षण किया। श्री मल्ल ने यहां व औरंगाबाद जिले के बारुण के एनिकट के सोन नदी में निर्माण कार्य व डिहरी के बस्तीपुर में निर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता जताई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 54 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य का निर्माण तेज गति से चल रहा है। कार्य एजेंसी ने बताया कि योजना का कार्य निर्धारित मार्च 2027 के पूर्व हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने इंद्रपुरी बराज के पास प्रस्तावित भोजपुरी हाट के भूमि का भी निरीक्षण किया। मौके पर अभियंता प्रमुख अवधेश कुमार, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता सुबोध कुमार सुनहला व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। विदित हो कि इस परियोजना का गत सितंबर 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य सोन नदी के सतही जल का उपयोग करके डिहरी, सासाराम व औरंगाबाद क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या का समाधान करना है। इस परियोजना के तहत नदी से पानी निकालने के लिए एक पंप स्टेशन, वाटर ट्रीटमेंट इकाई और कस्बों तक पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन प्रणाली शामिल है। परियोजना को दो साल मार्च 27 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## ट्रेन के आगे कूद युवक ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर तकिया रेलवे गुमटी के समीप चलती गुड्स-ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने आत्महत्या की। रेलवे पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि मृतक का नाम भुवनेश्वर राम है जो बड्डी थाना क्षेत्र के खुढ़नी गांव निवासी रामटहल राम का बेटा था।

## वृद्ध महिला को ऑटो ने मारी टक्कर, घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू थाना क्षेत्र के तिलौथू ताराचण्डी सागर मुख्य पथ पर गुरुवार को माला बिगहा गांव के समीप एक महिला सड़क पार कर रही थी तभी अचानक टोटो ने महिला को टक्कर मार दी जिसके बाद टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया और टोटो चालक और बृद्ध महिला दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को स्थानीय पीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज हेतु सासाराम रेफर कर दिया गया।

# डीडीयू-गया रेलखंड में चला मेगा टिकट चेकिंग अभियान, 13 सौ धराए




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु लगातार सघन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीडीयू-गया सेक्शन के प्रमुख स्टेशनों पर किलेबंदी कर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया जंक्शन, सासाराम, डिहरी ऑन सोन तथा अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सुरक्षा बल की पर्याप्त तैनाती की गई। प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ आवागमन वाली ट्रेनों में भी गहन जांच की गई। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई तथा जागरूकता भी बढ़ाई गई। अभियान के दौरान कुल 1293 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए। इनसे जुर्माने के रूप में कुल 7,20,600 का राजस्व अर्जित किया गया। गया जंक्शन पर 344 मामले पकड़े गए जिनसे 1,64,340 का राजस्व प्राप्त हुआ। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 691 मामले पकड़े गए जिनसे 4,31,915 का राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, वेबसाइट, मोबाइल एप एवं एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेना अब और भी सरल हो गया है। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है और इससे बचना प्रत्येक यात्री की जिम्मेदारी है।

# घने कोहरे के साथ पछुआ हवा से बढ़ा ठंड का प्रकोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को सुबह से ही घने कोहरे का प्रकोप देखने को मिला जिससे काफी ठंढ बढ़ गया है। वही कोहरा के साथ पछुआ हवा भी था जिसके कारण कनकनी काफी बढ़ गया जिससे लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। अहले सुबह ठंढ इतनी ज्यादा थी कि लोगों के हाथ पाव ठिठुरने लगे। ठंढ से बचने के लिए लोग जगह-जगह लकड़ी का लाव जलाकर तापते नजर आये। घना कोहरे के कारण लोगों को अपने दैनिक कार्य करने में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कहीं लोगों को अपने ऑफिस के लिए जाना था तो कही अन्य कार्य से, लेकिन कोहरा का प्रभाव इतना अधिक था कि सड़क पर दो पहिया और चार पहिया वाहन को चलाना भी मुश्किल लग रहा था। किसी तरह लोग अपने कार और बाइक का पीला लाइट जलाकर धीरे-धीरे चलाते नजर आये। वही कोहरा का प्रभाव तिलौथू क्षेत्र सहित पूरे जिले में देखने को मिला। ठंढा का प्रभाव ग्रामीण इलाकों में ज्यादा देखने को मिला जहां अत्यधिक ठंढ के कारण गांव के लोग ठिठुरते नजर आये। कारण ठंढ के साथ कनकनी, घना कोहरा और कनकनी के कारण तापमान में भी काफी गिरावट आयी जिससे लोगों को कड़कड़ाती ठंढ का सामना करना पड़ रहा है।

## दहेज हत्या मामले में पति सहित तीन को 10-10 वर्ष का कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम के सिविल लाइन मोहल्ले में हुये 23 साल पूर्व के दहेज हत्या से जुड़े एक मामले में गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जिला जज द्वितीय बृजेंद्र कुमार राय की अदालत ने मामले में तीन अभियुक्तों सजा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले में अरविंद कुमार सिंह (पति) एवं जय बिंद कुमार सिंह (देवर) को 10-10 वर्ष कैद की सजा, वहीं लीलावती उर्फ कलावती देवी (सास) को 7 वर्ष कैद की सजा सुनाई। तीनों अभियुक्त सासाराम शहर के सिविल लाइन, काली स्थान मोहल्ले के निवासी हैं। इस मामले की प्राथमिकी सासाराम नगर थाना में दर्ज हुई थी। मामले का ट्रायल सत्रवाद संख्या 166/2006 में चल रहा था। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त घटना 23 साल पूर्व 26 दिसंबर 2002 को सुबह 8:30 बजे सासाराम नगर थाना क्षेत्र के सिविल लाइन मोहल्ले में घटी थी।

# प्रशिक्षण के बाद एनसीसी कैडेट भारतीय सेना में होंगे शामिल होने लायक

## 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**तिलौथू (रोहतास)।** 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वावधान में 17 से 26 दिसंबर तक 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राधा शांता कॉलेज, तिलौथू, रोहतास कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में कैंप कमांडेंट ने बताया कि इस सीएटीसी-एक्सआईएक्स कैंप में औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, आरा एवं गया के लगभग 450 एनसीसी कैडेट (लड़के एवं लड़कियां) भाग ले रहे हैं। इस शिविर में सभी कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें मुख्यतः ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, गेम, साहित्य एवं विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही विशेष रूप से फायर ब्रिगेड, उड़ान, योग गुरु, एआरो, आरटीओ, आपदा प्रबंधन, पोक्सो एक्ट एवं मेडिकल टीम के द्वारा तरह-तरह का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर से अपना प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी कैडेट्स में नई ऊर्जा और उत्साह का विकास होगा जो आगे चलकर ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने में काफी लाभदायक होगा। इसके उपरांत एनसीसी कैडेटस भारतीय सेना में शामिल होने लायक होंगे एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगा। खराब मौसम के होने के बावजूद सभी कैडेट्स का उत्साह बड़ा ही अव्वल दर्जे का रहा और कैंप की सभी कारवाइयों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर कॉलेज के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, डिप्टी कैंप कमांडेंट सच्चितानंद सिंह, सूबेदार मेजर रमेश पात्रा, प्रधान लिपिक मनोज कुमार, एएनओ अजीत कुमार सिंह, अक्षय जैन के साथ-साथ कॉलेज एवं बटालियन के समस्त सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जर्मनी में कुशल मानव संसाधन की बढ़ती आवश्यकता और भारतीय युवाओं के लिए उभरते वैश्विक अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** कैमूर जिले के रहने वाले और काशी हिंदू विश्वविद्यालय में जर्मन भाषा पर शोध कर रहे शोधार्थी आलोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में श्रम बाजार का स्वरूप तीव्र गति से परिवर्तित हो रहा है। विकसित देशों में जनसांख्यिकीय बदलाव, विशेषकर कम जन्म दर और वृद्ध होती आबादी ने कुशल मानव संसाधन की गंभीर कमी को जन्म दिया है। इस संदर्भ में जर्मनी की स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद जर्मनी आज संरचनात्मक श्रमिक संकट से जूझ रहा है। विभिन्न सरकारी और आर्थिक शोध संस्थानों के आकलन के अनुसार जर्मनी को अपनी अर्थव्यवस्था को सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए प्रति वर्ष लगभग सात लाख कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। यह कमी केवल अस्थायी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक प्रकृति की है। यह आवश्यकता स्वास्थ्य सेवाओं, नर्सिंग और केयर सेक्टर, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीकी व्यवसायों, औद्योगिक उत्पादन, निर्माण, लॉजिस्टिक्स और होटल प्रबंधन जैसे अनेक क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। जर्मनी की बड़ी आबादी सेवानिवृत्ति की आयु में प्रवेश कर रही है जबकि घरेलू स्तर पर उतनी संख्या में प्रशिक्षित युवा उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में जर्मनी की अर्थव्यवस्था बाहरी देशों से कुशल श्रमिकों पर निर्भर होती जा रही है। वही दूसरी ओर भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है। जनसांख्यिकीय दृष्टि से यह स्थिति भारत को एक संभावित वैश्विक कार्यबल प्रदाता के रूप में स्थापित करती है। किंतु केवल युवा जनसंख्या होना पर्याप्त नहीं है, आवश्यक है कि यह जनसंख्या कौशल, भाषा और अंतरराष्ट्रीय कार्य-संस्कृति से लैस हो। इसी संदर्भ में जर्मन भाषा का महत्व विशेष रूप से उभरकर सामने आता है। जर्मनी में रोजगार, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामाजिक एकीकरण के लिए जर्मन भाषा को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। अधिकांश नियोक्ता और संस्थान यह अपेक्षा करते हैं कि विदेशी कर्मी न्यूनतम ए2 से बी1 स्तर तक जर्मन भाषा में दक्ष हों। जर्मनी की व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रणाली जिसे अस्बिलडुंग के नाम से जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श मॉडल मानी जाती है। यह प्रणाली सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण का संतुलित संयोजन प्रस्तुत करती है। अस्बिलडुंग के अंतर्गत प्रशिक्षु न केवल किसी विशिष्ट पेशे में प्रशिक्षण प्राप्त करता है, बल्कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उसे मासिक मानदेय भी दिया जाता है। इस कारण यह प्रणाली आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात स्थायी रोजगार की संभावनाअस्बिलडुंग को और अधिक व्यावहारिक बनाती है। इस श्रमिक संकट को देखते हुए जर्मन सरकार ने हाल के वर्षों में अपनी आव्रजन और श्रम नीतियों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। स्किल्ड इमिग्रेशन से जुड़े कानूनों को सरल बनाया गया है, वीजा प्रक्रिया को तेज किया गया है और गैर-यूरोपीय देशों, विशेषकर भारत से कुशल पेशेवरों को आकर्षित करने पर विशेष बल दिया गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि जर्मनी दीर्घकालिक रूप से भारतीय कार्यबल को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण भाग मान रहा है। वही भारतीय परिप्रेक्ष्य में यह उल्लेखनीय है कि अब राज्य स्तर पर भी इस वैश्विक अवसर को पहचानने की शुरूआत हो चुकी है। बिहार सरकार द्वारा हाल ही में युवाओं के लिए प्रारंभ की गई पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले युवाओं को चयनित कर उन्हें जर्मन भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे जर्मनी में अस्बिलडुंग अथवा रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। यह पहल केवल विदेश भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय श्रम बाजार से जुड़ाव की एक समग्र नीति को दर्शाती है। बता दें कि बिहार जैसे राज्य जहां प्रतिभा और श्रम की कोई कमी नहीं है, किंतु अवसर सीमित रहे हैं, वहां इस प्रकार की योजनाएं सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बन सकती हैं। यदि इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन पारदर्शिता, गुणवत्ता और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ किया जाता है तो यह न केवल युवाओं के जीवन में बदलाव ला सकता है, बल्कि राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक योगदान दे सकता है। वही समग्र रूप से देखा जाए तो जर्मनी की प्रति वर्ष लगभग सात लाख कुशल श्रमिकों की आवश्यकता और भारत की विशाल युवा आबादी के बीच एक स्वाभाविक पूरकता मौजूद है। इस पूरकता को साकार करने के लिए भाषा प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा, सरकारी सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता है। जर्मन भाषा सीखना आज केवल एक अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि वैश्विक रोजगार की दिशा में एक ठोस निवेश बन चुका है। यदि भारतीय युवा समय रहते इस अवसर को समझें और स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करें तो वे न केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करेंगे, बल्कि भारत को वैश्विक श्रम बाजार में एक सशक्त और विश्वसनीय भागीदार के रूप में भी स्थापित करेंगे।

## युवक लापता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** थाना क्षेत्र के पहलेजा गांव से 23 वर्षीय युवक बिट्टू कुमार 10 दिसंबर से अपने घर से लापता है। पुलिस के अनुसार लापता युवक के पिता जितेंद्र राम ने प्राथमिकी कराई है। उन्होंने कहा है कि वह बिना बताए घर से घूमने के लिए निकला था, लेकिन आज तक वापस नहीं आया। रिश्तेदारों एवं सज्जनों के यहां उसकी खोज की गई, लेकिन पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से अपने पुत्र के तलाश करने की प्राथमिक किया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

ई.पी.सी. निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ई.पी.सी. निविदा–30–25–26

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.पी.सी. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र. सं. 1, कार्य का नाम–विवरण:** "पूर्व मध्य रेलवे के बरौनी जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास"।, **2. कार्य का लगभग मूल्य:** रू. 92,21,00,000.00, **3. बीड सिक्यूरिटी की राशि:** रू. 46,10,500.00, **4. प्री–बिड कॉंफ्रेस की तिथि एवं समय:** 23.12.2025, चौदह तीस बजे।, **5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 03.02.2026, चौदह तीस बजे।, **6.** वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहा पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहॉं पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि: उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1480/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/36


## बिजली चोरी के आरोप में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** बिजली विभाग की टीम ने गुरुवार को शाहपुर गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से टोक फंसाकर बिजली का उपयोग कर रहे दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के आवेदन के आधार पर शाहपुर गांव निवासी बिंदु कुंवर और ददन चौरसिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों पर अवैध रूप से बिजली का कनेक्शन लेकर आटा चक्की मिल चलाने का आरोप है। बिजली विभाग ने जांच के बाद दोनों पर कुल 4 लाख 34 हजार 335 रुपये का जुर्माना लगाया है।


**कार्यालयः जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा**

**वाहन स्वामियो के लिये आवश्यक सूचना**

निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि काफी दिनों से आपके निजी वाहन का पथकर बकाया है, जिसके कारण अंकेक्षण दल द्वारा आपके वाहन के विरूध आपति दर्ज की गयी है। पथकर एवं दण्ड की राशि जमा करने हेतु आपको सूचना दी गयी थी, फिर भी आपके द्वारा पथकर तथा दण्ड की राशि जमा नहीं की गयी। इस सूचना के माध्यम से आपको पुणः सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर बकाया पथकर एवं दण्ड की राशि जमा करना सुनिश्चित करेंगें। एक सप्ताह के अंदर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आपके विरूद्ध निलामपत्रवाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी।

| क्रमांक | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम | बकाया पथकर एवं दण्ड की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BR14P-2342 | LMVJEEP | अफसर अली खान | 35205 | |
| 2 | JH02C-6419 | LMVJEP | श्री मनोज कुमार | 38718 | |
| 3 | JH03A-2520 | LMVJEP | श्री मुन्ना प्रसाद | 38331 | |
| 4 | JH08A-3860 | LMVJEP | मो0 साबिर | 30160 | |
| 5 | JH12B-2019 | LMVJEP | अरूण कुमार सिंह | 43005 | |
| 6 | JH14A-0410 | LMVJEP | R.D.D.GOVERMENT OF JH. | 39357 | |
| 7 | JH14A-0439 | LMVJEP | मुकुन्द नारायण सिंह | 35634 | |
| 8 | JH14A-0576 | LMVJEP | श्री सुभाष चन्द्र प्रसाद | 42000 | |
| 9 | JH14A-0601 | LMVJEP | श्री रंगबहादुर सिंह | 38763 | |
| 10 | JH14A-0604 | LMVJEP | मो0 आजम खान | 41922 | |
| 11 | JH14A-0714 | LMVJEP | बद्री नाथ पाल | 29916 | |
| 12 | JH14A-0730 | LMVJEEP | महेन्द्र मल्लाह | 34476 | |
| 13 | JH14A-0927 | LMVJEEP | मधु मालिनी | 36426 | |
| 14 | JH14A-0985 | LMVJEEP | अनिल कुमार | 39879 | |
| 15 | JH14A-1078 | LMVJEEP | श्री राकेश रौशन | 38616 | |
| 16 | JH14A-1145 | LMVJEEP | श्री लगन पंजियारा | 45153 | |
| 17 | JH14A-1215 | LMVJEEP | श्रीमति रसुलेन बीबी | 37965 | |
| 18 | JH14A-1332 | LMVJEEP | श्री अखिलेश्वर तिवारी | 36636 | |
| 19 | JH14A-1376 | LMVJEEP | ताजमुल खान | 40710 | |
| 20 | JH14A-1377 | LMVJEEP | मंगु उरॉंव | 47667 | |
| 21 | JH14A-1733 | LMVJEEP | श्री कुमार कलिका सिंह | 42585 | |
| 22 | JH14A-1903 | LMVJEEP | सरफराज नवाज | 42267 | |
| 23 | JH14A-2061 | LMVJEEP | श्री धनन्जय चौबे | 41607 | |
| 24 | JH14A-2482 | LMVJEEP | संजय कुमार उपाध्याय | 32760 | |
| 25 | JH14A-3444 | LMVJEEP | STATE TB OFFICER | 51153 | |
| 26 | JH14A-3633 | LMVJEEP | मि0 कृष्णा कुमार वर्मा | 47532 | |
| 27 | JH14A-3677 | LMVJEEP | EXECUTIVE ENGINEER | 43458 | |
| 28 | JH14A-3679 | LMVJEEP | मो0 इसमाईल | 32960 | |
| 29 | JH14A-3964 | LMVJEEP | INSPECTOR GENERAL OF PRISONS | 49445 | |
| 30 | JH14A-4266 | LMVJEEP | श्री अनिल कुमार साह | 45819 | |
| 31 | JH14A-5104 | LMVJEEP | REGISTRAR | 51738 | |
| 32 | JH14A-5105 | LMVJEEP | मि0 अजय कुमार सिंह | 50766 | |
| 33 | JH14A-5155 | LMVJEEP | ब्यास मनी पाण्डेय | 49458 | |
| 34 | JH14A-5377 | LMVJEEP | JOINT SECETARY | 51069 | |
| 35 | JH14A-8421 | LMVJEEP | सतिश कुमार तिवारी | 48003 | |
| 36 | JH14D-0007 | LMVJEEP | मि0 अनिल कुमार एण्ड विनोद राम | 47208 | |
| 37 | MP17B-6216 | LMVJEEP | मकसुद आलम | 47208 | |
| 38 | MP53E-0250 | LMVJEEP | नन्ददेव तिवारी | 27040 | |
| 39 | UP44E-3964 | LMVJEEP | रविन्द्र सिंह | 44436 | |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 368897 Transport(25-26)#D


## भैंसहा पंचायत भवन में जदयू की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बीएमपी के पास भैंसहा पंचायत भवन बस्तीपुर में जनता दल यूनाइटेड रोहतास की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 दिसंबर के आगमन को भव्य और सफल बनाना था। बैठक की अध्यक्षता रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने किया। बैठक में उपस्थित साथियों के साथ आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री डिहरी पहुंचकर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंद्रपुरी में पर्यटन हॉट स्थल का निरीक्षण करेंगे और प्रस्तावित योजनाओं को अंतिम रूप देंगे साथ ही यह भी संभावना है कि भैंसहा पंचायत के सुजानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित है और जोर-शोर से उनके आगमन और उनके कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने में जुटे हैं। पूरे कार्यक्रम स्थल को पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया जा रहा है और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपने प्रिय और आदरणीय नेता के सम्मान के लिए तैयार है। नोखा के विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री का यह आगमन रोहतास जिला और रोहतास जिला वासियों के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री के द्वारा जिलावासियों के कल्याण और हित को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम और योजनाओं की घोषणा की जाएगी तथा उनका क्रियान्वयन भी मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश के अनुसार सुनिश्चित होगा। मौके पर अरुणा सिंह, धनन्जय पटेल, रिंकू सिंह, अशोक प्रजापति, प्रमिला सिंह, अनिल यादव, शोभा चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, बनारसी पटेल, रवि सिंह, संतोष शुक्ला, संतोष कुशवाहा, विकास सिंह, प्रमोद महतो, सुरेन्द्र पासवान, मुमताज अंसारी, सतेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RI/2025–26/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–18.12.2025

1. कार्य विवरणी :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/02/2025-26 | प्रखंड–पांकी, पंचायत–डंडार कला, ग्राम–डंडार कला में जितन यादव के घर से लक्ष्मण यादव के घर होते हुए छोटकी आहर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 12.210 | बारह लाख एक्कीस हजार रू0 मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 22.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 29.12.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.12.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज

PR 368945 District (25-26)_D

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने गए भाजपाई



**नवादा**। बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के पदभार ग्रहण समारोह में उत्साह का माहौल रहा। नवादा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पटना पहुंचे और संजय सरावगी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल मेहता ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों में उनका व्यापक अनुभव कार्यकर्ताओं को दिशा देने का काम करेगा और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जिला प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि संजय सरावगी का संगठनात्मक अनुभव पार्टी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन,जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया,नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार, प्रवक्ता कुंदन प्रभाकर सहित अन्य मौजूद थे।

### गोविन्दपुर पुल निर्माण परियोजना को लेकर प्रतिकर एवं पुनर्वासन समिति ने किया स्थल निरीक्षण

**नवादा**। गुरुवार को नवादा जिला अंतर्गत सकरी नदी पर गोविन्दपुर पुल रोड, गोविन्दपुर प्रखंड में प्रस्तावित 20 x 27.80 मीटर आकार के उच्च स्तरीय आरसीसी पुल निर्माण परियोजना के संदर्भ में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के आदेश के आलोक में गठित छः सदस्यीय उचित प्रतिकर, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना से प्रभावित सभी संबंधित रैयत स्थल पर उपस्थित रहे एवं उन्होंने समिति के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा। समिति में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा रैयतों की समस्याओं एवं आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रभावित रैयतों के हितों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी एवं न्यायोचित प्रक्रिया के तहत प्रतिकर, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्रवाई की जाएगी, ताकि पुल निर्माण कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

### मुस्कान वर्मा के शानदार प्रदर्शन से नारदीगंज लायंस की टीम जीती

**नवादा**। जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंदर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारदीगंज लायंस का मुकाबला लौंध लवर्स की टीम के बीच हुआ जिसमें नारदीगंज लायंस की कप्तान मुस्कान वर्मा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 181 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें बल्लेबाज श्रेयांश कुमार ने 57, कप्तान मुस्कान वर्मा ने 26 मयंक राज ने 36 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए लौंध लवर्स के गेंदबाज रतन, रोशन युवराज एवं अमित ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लौंध लवर्स की टीम 30 में ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें मनीष कुमार ने 34 रतन ने 29 जबकि कुमारी रंजना ने 18 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए नारदीगंज लायंस के कप्तान मुस्कान वर्मा ने शानदार तीन विकेट जबकि आशीष एवं सत्यम ने दो-दो विकेट लिए। मुस्कान के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### प्रदर्शनी में विद्या निकेतन के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, डा. मानव एवं मुख्य पार्षद ने किया उद्घाटन



**हिलसा (नालंदा)**। बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का बेजोड़ प्रदर्शन किया है, ये उनके अंदर की मेधा शक्ति को दर्शाता है जो बेहद ही प्रेरक है। उक्त बातें समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव एवं नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बिहार रोड स्थित विद्या निकेतन के प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का विधिवत शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बच्चों ने विज्ञान आधारित कई विषयों पर प्रोजेक्ट लगाकर अभिभावकों का भी मन मोह लिया है। इसके साथ साथ बच्चों द्वारा बनाए गए दर्जनों लजीज व्यंजन भी काफ़ी स्वादिष्ट है। कम समय में प्रतिभागियों ने बहुत ही आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्या निकेतन के निदेशक अनीश कुमार, शिक्षाविद राजीव कुमार आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष तौर से सम्मानित करने की घोषणा की। इस अवसर पर अतिथियों ने बाल मेला का भी अवलोकन किया जहां ख़ासकर बच्चों द्वारा बनाए गए लज़ीज़ व्यंजन की जमकर तारीफ़ की। मौक़े पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे।

### जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक कर सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा शहर के कौटिल्य नगर में जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार विद्यार्थी एवं संचालन संजय कुमार ने की।
बैठक को संबोधित करते हुए जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रो सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल में बिहार राज्य का चौतरफा विकास हुआ है। गुरूवार को जदयू का सदस्यता दिलाने का कार्य किया गया और सैकडो लोगों ने जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का सदस्य ग्रहण किया है। इस दौरान प्रोफेसर परमानंद पंडित, मिथिलेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार संजय कुमार, रामजी पंडित, कृष्ण कुमार,पंकज कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, सुनील चौधरी, इत्यादि शामिल है।

### प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों की मौत पर रजौली में उबाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। बिहार में जारी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बीच एक सप्ताह के भीतर दो प्रशिक्षु शिक्षकों की हृदय गति रुकने से हुई असामयिक मृत्यु ने शिक्षा जगत में शोक और आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। पटना के विक्रम और पुनः शेखपुरा प्रशिक्षण केंद्र में हुई इन घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए रजौली प्रखंड के शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की प्रबंधन शैली को आड़े हाथों लिया है। इस गंभीर विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए शिक्षक नेता अजित कुमार ने कहा कि भीषण ठंड के इस मौसम में प्रशिक्षण की कठोर व्यवस्था और समय का उचित सामंजस्य न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके कारण शिक्षकों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और अपर मुख्य सचिव से गुहार लगाते हुए मांग की है कि विभाग पहली घटना से सबक लेते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करे और प्रशिक्षण नियमों में लचीलापन लाए। शिक्षक नेता ने विशेष जोर देते हुए राज्य सरकार से प्रत्येक मृतक शिक्षक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का पारिवारिक लाभ और यथाशीघ्र अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया है कि बीमार व शारीरिक रूप से अक्षम शिक्षकों को योगा और पीटी जैसे कठिन कार्यक्रमों से अनिवार्य रूप से छूट दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा परिस्थितियों को रोका जा सके। शिक्षकों का स्पष्ट कहना है कि यदि व्यवस्थापकों ने सचेत होकर प्रशिक्षण के ढांचे में बदलाव नहीं किया, तो यह शिक्षकों के स्वास्थ्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ होगा।

# सांसद विवेक ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अश्विनी वैष्णव से की भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र नवादा के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आग्रह किया।
सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा के कुछ प्रमुख सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच) में परिणत करने का आग्रह किया गया। जिसमें उन्होंने गया–राजगीर रोड (एन.एच-82) पर मंझवे से नरहट, फतेहपुर, गोविंदपुर, सतगांवा, तिसरी, चकाई होते हुए देवघर (एन.एच-114) तक जाने वाली सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने का आग्रह किया। वहीं बख्तियारपुर–रजौली रोड (एन.एच-20) पर खरांट मोड़ से वारिसलीगंज, धेवधा, पकरीबरावां, अलीगंज, सिकंदरा, खैरा, सोनो, चकाई होते हुए देवघर (एन.एच-114) तक जाने वाली सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग करने के साथ - साथ बख्तियारपुर–रजौली रोड (एन.एच-20) पर नहर पर नवादा से कादिरगंज, रोह, रूपौ, कौआकोल, खैरा, सोनो, चकाई होते हुए देवघर (एन.एच-114) तक जाने वाली सड़क को भी राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने का अनुरोध किया।
सांसद विवेक ठाकुर ने रेल मंत्री से नवादा लोकसभा में रेल संपर्कता एवं यात्री सुविधा से जुड़े विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने शेखपुरा स्टेशन पर वाराणसी - देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (22449-22500) के ठहराव का आग्रह किया। साथ ही शेखपुरा - बरबीघा - बिहारशरीफ रेलखंड पर ग्राम पैनडिहरी के समीप रेलवे हॉल्ट के निर्माण के साथ - साथ किऊल - गया रेलखंड पर नवादा के मैसकौर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बैजनाथपुर के समीप रेलवे हॉल्ट के निर्माण का आग्रह किया। सांसद ने बाघी बरडीहा स्टेशन पर गया - जमालपुर फास्ट मेमो ट्रेन (63387-63388) के ठहराव का आग्रह किया। साथ ही सोनवर्षा हॉल्ट पर किऊल - गया मेमो ट्रेन (63385-63356) के ठहराव का आग्रह किया। उपरोक्त के साथ-साथ रेलमंत्री को दिए गए अपने पूर्व के आग्रहों पर भी उनका ध्यानाकृष्ट कराया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा हमारा संकल्प है, हर गांव - हर क्षेत्र तक आवागमन सुविधा का विस्तार और जनसुविधा में निरंतर सुधार हो। नवादा लोकसभा की कनेक्टिविटी, व्यापार, उद्योग, कृषि, पर्यटन और रोजगार को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## हथियार व कारतूस के साथ तस्कर समेत पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। नालंदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लहेरी थाना क्षेत्र के सोहनकुआं में की गई छापामारी में पुलिस ने हथियार तस्कर परवेज समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र, कारतूस, नकदी और वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पिछले कई दिनों से कुख्यात हथियार तस्कर मो. परवेज की गिरफ्तारी को लेकर लगातार आसूचना संकलन किया जा रहा था। इसी क्रम में विशेष कार्यबल, पटना से सूचना मिली कि परवेज अपने लहेरी थाना अंतर्गत ठिकाने पर अन्य तस्करों के साथ हथियारों की सप्लाई के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही लहेरी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापामारी दल गठित कर सोहन कुआं स्थित त्रिभुवन प्रसाद (पिता स्व. इंद्रदेव सिंह) के मकान की घेराबंदी की गई। निचले तल्ले की विधिवत तलाशी के दौरान हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ। जिसमे 05 पिस्टल, 11 मैगजीन, एके-47 के 153 जिंदा कारतूस, .315 बोर की 01 गोली, 6 मोबाइल फोन, 24 नकद , स्कार्पियो वाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार थाना क्षेत्र के गौरागढ़ निवासी स्व. अब्दुल हफीजुद्दीन का पुत्र मो. परवेज आलम, झारखंड के जिला पूर्वी सिंहभूम के मानगो थाना अंतर्गत आजाद नगर निवासी सहजाद खां का पुत्र जियारजई, स्व. मुस्तकीम का पुत्र मो. महबूब उर्फ टिंकू, साकची थाना क्षेत्र के साकची निवासी जाबीर हुसैन का पुत्र जाहिद हुसैन एवं कदमा थाना क्षेत्र के उलियाव निवासी अनिल कुमार का पुत्र सौरभ झा शामिल है। एसपी ने बताया कि मो. परवेज आलम का आपराधिक इतिहास वर्ष 2013 से दर्ज है। अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई विशेष कार्यबल, पटना की आसूचना के आधार पर की गई। मामले में आगे की पूछताछ जारी है और हथियारों की सप्लाई चेन को खंगाला जा रहा है।

# 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की सदस्य ममता कुमारी के नेतृत्व में नालंदा जिले में महिला अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर एक व्यापक और प्रभावी कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस दौरान प्रशासनिक समन्वय, जमीनी संवाद, जनसुनवाई और संस्थागत निरीक्षण के माध्यम से महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर ठोस पहल की गई। जिला भ्रमण के क्रम में सदस्य ने पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में महिलाओं से संबंधित मामलों, उनकी सुरक्षा, महिला उत्पीड़न के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण तथा आयोग के दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने जिले में महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और भविष्य में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया बिहारशरीफ के टाउन हॉल में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति विवाद सहित सामाजिक-कानूनी मामलों पर महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं। महिलाओं को कानूनी सहायता, परामर्श और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा निर्भय होकर आगे आने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को सीधे सुनना, उनके त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा आयोग की योजनाओं और महिला अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। "आपके द्वार" कार्यक्रम के माध्यम से आयोग स्वयं जमीनी स्तर तक पहुँचकर महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कर रहा है, ताकि पीड़ित महिलाओं को न्याय के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध सहित महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का एक प्रभावी माध्यम है। आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई की जाती है।

### घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त, वाहन रेंगते आए नजर

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। जिले में ठंड ने अचानक अपना प्रचंड रूप दिखा दिया है। पर्वतीय इलाकों में हो रही लगातार बर्फबारी का असर अब मैदानी क्षेत्रों तक पहुंच गया है, जिसका सीधा प्रभाव नालंदा जिले में देखने को मिल रहा है। गुरुवार की सुबह से ही पूरे जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। सुबह से लेकर शाम तक ठिठुरन भरी ठंड का असर बना रहा। तापमान में लगातार गिरावट के कारण आम लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दृश्यता बेहद कम रहने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई। स्थिति यह रही कि दिन के समय भी छोटे-बड़े सभी वाहनों की हेडलाइट जलती हुई नजर आई। सुबह से दोपहर तक पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। अचानक बढ़ी ठंड का सबसे ज्यादा असर गरीब और स्लम क्षेत्रों में देखने को मिला, जहां लोग अलाव के सहारे खुद को ठंड से बचाते नजर आए। जगह-जगह लोग आग जलाकर राहत पाने की कोशिश करते दिखे।

## नाम बदले जाने को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। गुरुवार को सतीश कुमार उर्फ़ मंटन सिंह द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शन भगत सिंह चौक पर माहत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के नाम बदलने के बिरोध मे प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार के विरोध मे नारे लगाए गए श्री बंगाली पासवान बिहार प्रदेश प्रतिनिधि ने भी माहत्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कमजोर करने हेतु लाये गए प्रस्ताव के विरोध मे मनरेगा केवल एक योजना ही नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबो के लिए काम के अधिकार की संवैधानिक गारंटी है इस कानून के माध्यम से करोड़ो का परिवार चलता है एजाज अली मुन्ना महामंत्री प्रवक्ता ने भी काले कपडे पहनकर विरोध करते हुए कहा है की माहत्मा गांधी का अपमान भारत नहीं सहेगा मनरेगा से ही महात्मा गांधी का नाम हटाना और अधिकार आधारित कानून को समाप्त कर केंद्र के नेतृत्व योजना मे बदलना न केवल गरीब विरोधी है बल्कि यह महात्मा गांधी के विचारों, मूल्यों और विरासत पर सीधा हमला है माहत्मा गांधी ने गरीबों के लिए अपना वस्त्र हटा दिया और एक खादी की धोती पहनकर अपना जीवन को अतिम सांस तक बिता दिया उनको गरीबो से बहुत मोहबत थी केंद्र सरकार ऐसा कर माहत्मा गांधी का नाम मनरेगा से हटा कर ये साबित कर रही है आर एस एस और नाथून राम गोडसे का सिंधतो पर चल रही है इस प्रदर्शन मे राम रतन गिरी अध्यक्ष रजौली, रामनेही शर्मा अध्यक्ष नारदिगंज, अखिलेश सिंह, नविन पासवान भारत जोड़ो यात्रा, राकेश पासवान, अब्दुला आजम, गौतम कुमार अध्यक्ष राजीव गाँधी ग्रामीण,सुल्तान अंसारी, गोलू पासवान, पुतुल कुमार ल अध्यक्ष, अभिजीत आनंद इत्यादि लोग इस प्रदर्शन मे शामिल थे ।

## उप विकास आयुक्त ने किया विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। गुरुवार को उप विकास आयुक्त नीलिमा साहु द्वारा विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला विकास शाखा, जिला जल एवं स्वच्छता समिति शाखा, डीआरडीए शाखा, आईसीडीएस कार्यालय, जिला कल्याण कार्यालय सहित अन्य संबंधित शाखाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी शाखाओं के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने कार्यालयों को साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रखने का निर्देश दिया। जिला विकास शाखा में फाइलों का रख-रखाव संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी फाइलों को आलमीरा में सुव्यवस्थित ढंग से संधारित किया जाए तथा कार्यालय में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उप विकास आयुक्त द्वारा निदेशक, डीआरडीए को निर्देश दिया गया कि टूटी-फूटी एवं अनुपयोगी आलमीरा, कुर्सी एवं अन्य सामग्रियों की सूची तैयार कर नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त विकास भवन परिसर में जिला खनिज फाउंडेशन द्वारा निर्मित शौचालय की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर समिति गठित कर साफ-सफाई की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।
जिला कल्याण शाखा के निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी से संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समग्र सेवा के अंतर्गत लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सभी छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि कार्यालय की साफ-सफाई केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि प्रशासनिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का यह सामूहिक दायित्व है कि कार्यालयों को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श बनाया जाए। स्वच्छ वातावरण में कार्य करने से कार्य की एकाग्रता बढ़ती है तथा नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ होता है। साफ-सुथरा कार्यालय संगठन की सकारात्मक छवि को मजबूत करता है। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा पालना घर का भी निरीक्षण किया गया। पालना घर की व्यवस्थाओं को देखकर वे प्रसन्न हुईं तथा वहां बच्चों की उपस्थिति एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।
इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार, वरीय लेखा पदाधिकारी संजय कुमार, जिला समन्वयक एलएसबीए अविनाश कुमार, डीपीओ मनरेगा विकेश कुमार, एमआईएस पीएमएवाई-जी अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के महियारा मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे एनएच-20 पर एक भयंकर सड़क दुर्घटना हुई। सड़क दुर्घटना में रजौली टोल मैनेजर समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं इलाज के क्रम में टोल मैनेजर की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही टोल कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में दो सवार लोगों के पास पैसों से भरी एक बैग भी था,जिससे पैसे गायब है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**कैसे हुई दुर्घटना**

रजौली टोल प्लाजा मैनेजर सुमित धनकड़ और सेकेंड मैनेजर मनोज कुमार पैसों से भरी एक बैग को लेकर स्कॉर्पियो पर सवार होकर नवादा की ओर जा रहे थे। स्कॉर्पियो के चालक सीट पर मैनेजर एवं बगल वाली सीट पर सेकेंड मैनेजर बैठा था। नवादा जाने के क्रम में महियारा मोड़ के समीप स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई।

**दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो में रखे पैसों की लूट**

घटना की सूचना मिलते ही रजौली टोल प्लाजा से कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे एवं सड़क पर गंभीर रूप से घायल पड़े दोनों लोगों को एनएचएआई एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराए।टोल कर्मियों द्वारा स्कॉर्पियो में रहे लाल रंग के बैग में 18 से 20 लाख रुपए गायब रहने की बात कही जा रही है,जिसे दुर्घटना के बाद लूटने की आशंका जताई जा रही है।

**जांच में जुटी पुलिस**

घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग वाली वाहन पहले पहुंची। घायल सड़क पर पड़ा हुआ दर्द से कराह रहा था,जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। स्कॉर्पियो में एक लाल रंग का बैग भी है,किंतु पैसों की लूट की पुष्टि अबतक नहीं हुई है। इस दुर्घटना में टोल मैनेजर सुमित धनकड़ की मौत हो गई है। वहीं दूसरे घायल अभी इलाजरत है। थानाध्यक्ष ने कहा कि घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया गया है।साथ ही बताया कि पुलिस मामलों की छानबीन में जुटी है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर शत प्रतिशत लाभुकों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल में बाल विकास परियोजना के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर शत प्रतिशत योग्य लाभुकों के बीच लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सीडीपीओ अंजली कुमारी ने बताया कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विभाग प्रयासरत है,जिसमें फेस रिकॉग्निशन सिस्टम और आधार-आधारित सत्यापन जैसे तरीके अपनाए जा रहे हैं,ताकि टेक-होम राशन और अन्य पोषण सामग्री सही व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे और पोषण व स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। इसके लिए उनके तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा लगातार मॉनीटिरिंग भी किया जाता है। सारा सिस्टम ऑनलाइन है। एफ़आरएस सिस्टम के जरिए टेक होम राशन का वितरण किया जाता है। परंतु एक साजिश के तहत कुछ सदस्यों के द्वारा दवाब बनाकर एवं मनमाने ढंग से काम करवाने को लेकर 20 सूत्री की बैठक में उनकी अनुपस्थिति में उनके ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर पदाधिकारी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विभाग जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीडीपीओ ने कहा कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति जर्जर है एवं केंद्रों पर पानी का अभाव है। जिसकी जानकारी पूर्व में हुए 20 सूत्री की बैठक में दिया गया था। इसे भी विभागीय स्तर से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को मिल रही पूरी तरह निःशुल्क सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक सराहनीय पहल सामने आई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर्निया से पीड़ित कई मरीजों का सफल ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया गया। खास बात यह रही कि आयुष्मान कार्ड उपलब्ध न रहने की स्थिति में भी अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को बिना किसी शुल्क के इलाज की सुविधा प्रदान की गई। अस्पताल में चंडी निवासी रामपाल पासवान, छोटी छरियारी, चंडी निवासी अशोक रावत, ग्राम सूरजगढ़ा, जिला लखीसराय निवासी श्रवण कुमार और खनवां, इसुआ, जिला नवादा निवासी अजय कुमार का हर्निया ऑपरेशन किया गया। इन सभी मरीजों का उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया गया, जिससे मरीजों को किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा। हर्निया ऑपरेशन सदर अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक डॉ. राजीव रंजन एवं डॉ. राजशेखर कुमार द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों को आवश्यक दवाइयां, जांच एवं अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## रोटरी क्लब ने किया स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत बिहार शरीफ के द्वारा गुरुवार को एस.एस. बालिका स्कूल, कचहरी रोड में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लड़कियों एवं महिलाओं में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा किशोरावस्था में स्वास्थ्य के प्रति सही जानकारी देना था। इस अवसर पर रो. डॉ. संध्या सिन्हा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, क्योंकि यह समय शारीरिक विकास का होता है। उन्होंने नेचुरल हाइजीन अपनाने, फास्ट फूड से परहेज करने की सलाह दी। रो. डॉ. सुनीति सिन्हा ने बच्चों को बताया कि केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनना ही लक्ष्य न रखें, बल्कि पहले एक अच्छा इंसान बनना सबसे ज़रूरी है। रो. डॉ. ममता कोशम्मी ने कहा कि टीन एज में शरीर में कई प्रकार के परिवर्तन आते हैं। समय पर मासिक धर्म आना सामान्य प्रक्रिया है, ऐसे समय में घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी समस्या में माँ को अवश्य बताएं एवं डॉक्टर से परामर्श लें। डॉ. प्रेरणा ने नियमित योग एवं प्राणायाम को स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। दंत रोग विशेषज्ञ रोटेरियन डॉ. विभाष एवं डॉ. रिया द्वारा दांतों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दांत ही स्वस्थ शरीर की पहचान हैं। शिविर में बी.पी. एवं शुगर जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। क्लब अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत सदैव सेवा भावना के कार्यों के लिए जानी जाती है और आगे भी समाजहित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. अनिल कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाता आ रहा है। एस.एस. बालिका स्कूल के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने बताया कि रोटरी क्लब तथागत के डॉक्टर सदस्यों द्वारा छात्राओं को शारीरिक विकास के दौरान आने वाली समस्याओं से बचाव की जानकारी दी गई, जो अत्यंत लाभकारी रही। नालंदा नेत्रालय के सौजन्य से नेत्र जांच की गई।

# मगध विश्वविद्यालय में प्रो. आर. पी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रो. आर. पी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला' के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्नातकोत्तर भूगोल विभाग परिसर में हुआ जिसकी अध्यक्षता विज्ञान संकायाध्यक्ष एस. एन. पी. दीन ने की जबकि संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. मौसमी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ए. एन. कॉलेज, पटना (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) के भूगोल के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रो. आर. पी. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। भूगोल विभागाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता, अतिथियों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का स्वागत करते हुए व्याख्यानमाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एस. एन. पी. दीन ने भूगोल विभाग को इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम न केवल विभाग के लिए बल्कि पूरे विश्वविद्यालय और शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी होते हैं। मुख्य वक्ता देवेंद्र प्रसाद सिंह ने 'प्रो. आर. पी. सिंह : भारतीय उपमहाद्वीप में भू-आकृति विज्ञान अनुसंधान के संस्थापक' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रो. आर. पी. सिंह के व्यक्तिगत एवं अकादमिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल भूगोल के महान विद्वान थे, बल्कि एक कुशल शिक्षक और प्रशासक भी थे। प्रो. आर. पी. सिंह द्वारा 'छोटा नागपुर पठार की भू-आकृति' विषय पर किए गए शोध ने भारतीय उपमहाद्वीप में भू-आकृति विज्ञान अनुसंधान की नींव रखी, जो मगध और बिहार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने क्षेत्रीय सर्वेक्षण को अपने शोध का प्रमुख आधार बनाया और विद्यार्थियों में इसकी परंपरा विकसित की। देवेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रो. आर. पी. सिंह का कार्य केवल भू-आकृति विज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने नगरीय भूगोल, जनसंख्या भूगोल तथा बिहार और झारखंड के भूगोल पर भी महत्वपूर्ण शोध कार्य किए। उनके शोध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हुए जिससे बिहार और मगध को वैश्विक पहचान मिली। बिहार के भूगोल पर लिखा गया उनका मोनोग्राफ आज भी एक श्रेष्ठ पुस्तक माना जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय के भूगोल शिक्षकों और शोधार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में भी शोध कार्य कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने की प्रेरणा प्रो. आर. पी. सिंह के जीवन से लेनी चाहिए। इस अवसर पर समन्वयक मुकेश कुमार ने भूगोल विभाग को व्याख्यानमाला के तहत विशेष व्याख्यान आयोजित करने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष लल्लन सिंह और वीरेंद्र कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में लखभद्र सिंह नरुका ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य वक्ता, विश्वविद्यालय प्रशासन, विभागीय शिक्षकों एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के शिक्षक नीरज कुमार, प्रीति कुमारी, पिंटू कुमार, अविनाश और हिमांशु की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके अतिरिक्त दाउदनगर कॉलेज के भूगोल विभाग से देव प्रकाश ने भी व्याख्यान में सहभागिता की।

## अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर एसडीओ ने की छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी।** शेरघाटी एसडीओ मनीष कुमार ने गुरुवार को डोभी में त्रिदेव अल्ट्रासाउंड और लाइफ अल्ट्रासाउंड पर एक साथ छापेमारी की। दोनों सेंटरों पर लाइसेंस समाप्त होने के बावजूद अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड चलाये जा रहे थे। कागजातों में गंभीर खामियां पायी गयीं। इसके बाद एसडीओ ने त्रिदेव सेंटर को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया और सभी दस्तावेज जब्त कर लिये। लाइफ अल्ट्रासाउंड को पुलिस ने कब्जे में ले लिया गया। शुक्रवार को डोभी सीओ सील करेंगे। इस छापेमारी के दौरान त्रिदेव अल्ट्रासाउंड पर 20-22 मरीज मौजूद रहे। एसडीओ ने डॉक्टर के पर्चे का फोटो खींच लिया। सेंटर संचालक अरुण कुमार साव ने बताया कि यह केंद्र पिछले छह वर्षों से चल रहा है, लेकिन अल्ट्रासाउंड लाइसेंस 2024 में ही समाप्त हो चुका था। रिन्यूअल नहीं कराया गया। मगर, डॉक्टर के योग्यता प्रमाणपत्र, मासिक रिपोर्ट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रमाणपत्र, रोगी रजिस्टर, फायर सेफ्टी और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट लाइसेंस जैसे जरूरी कागजातों में कुछ कमी पायी गयी। इस पर संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए एसडीओ ने सेंटर बंद करने और जांच के लिए कागजात लेने का आदेश दिये। जांच के बाद त्रिदेव अल्ट्रासाउंड पर कार्रवाई की जायेगी। इसी क्रम में डोभी के चतरा मोड़ के पास स्थित लाइफ अल्ट्रासाउंड पर भी दबिश दी गयी। यहां लाइसेंस 2023 में समाप्त हो गया था और रिन्यूअल नहीं कराया गया, फिर भी अवैध ढंग से संचालन जारी था। छापे के वक्त 10-12 मरीज मौजूद रहे जिनमें से कुछ 50 किलोमीटर दूर से आये थे। मरीजों से बातचीत में खुलासा हुआ कि जांच करने वाले डॉक्टर खुद इसी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने को कहते हैं। संचालक लोकेश कुमार ने बताया कि 2023 में अल्ट्रासाउंड का लाइसेंस समाप्त हो गया है।

एसडीओ ने तत्काल डोभी थाना प्रभारी सुकरात कुमार को बुलाया और सेंटर को कब्जे में लेने का आदेश दिया और कहा कि डोभी सीओ की अनुपस्थिति में अभी सील नहीं किया गया। लेकिन, शुक्रवार को सीओ की ओर से सील सुनिश्चित की जायेगी।

## फूस के मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे एक फूसनुमा मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अनाज समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार यह मकान धनेश्वर यादव का है, जो मिट्टी और फूस से निर्मित था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सौभाग्यवश इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## मंडल रेल प्रबंधक ने देखी विकास कार्यों की प्रगति

### आरा-सासाराम रेल खंड में विभिन्न स्टेशनों पर किया समीक्षात्मक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु आरा-सासाराम रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में श्री मीना ने पीरो, बिक्रमगंज एवं सासाराम स्टेशनों पर रुककर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन परिसरों में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण यान 'परख' से रेलखंड में निरीक्षण के दौरान रेल परिचालन, संरक्षा, सिगनलिंग, ओएचई एवं ट्रैक की स्थिति का भी अवलोकन किया गया जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्टेशन विकास कार्यों के साथ-साथ परिचालनिक दक्षता भी बनी रहे। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में गति बनाए रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगे सासाराम - डीडीयू खंड में विभिन्न स्टेशनों पर निरीक्षण हेतु दौरा जारी है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के साथ सीनियर डीईएन कोऑर्डिनेशन सूरज कुमार, सीनियर डीसीएम राजीव रंजन, सीनियर डीईई सुनील सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित हैं।

## 16वीं सीनियर मिस्टर बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं मेंस फिजिक पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप छपरा में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** न्यू बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सुंदर ने बताया कि छपरा (सारण) के खेल भवन प्रेक्षा गृह में होने जा रहा 16 वां सीनियर मिस्टर बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं मेंस फिजिक पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप का प्रमोशन रणवीर नंदन ( पूर्व विधान पार्षद एवं वर्तमान में धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष) जो कि न्यू बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन के संरक्षक भी हैं, के द्वारा बैनर का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री खेल प्रतिभा के अंतर्गत मेडल लाओ नौकरी पाओ के अंतर्गत स्वास्थ्य के प्रतिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप रविवार 21. 12. 2025 को सारण के धरती पर पहली बार आयोजित होने जा रहा है। न्यू बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन (एन बी बी एफ ए) के द्वारा प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के लिए हर जिले के सचिव से संपर्क किया गया। साथ ही साथ प्रत्येक जिले के जिम से संपर्क कर बच्चों को स्वस्थ के प्रति जागरूक कर बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए उत्साहित किया गया।

# पेंशन-आवास के नाम पर धोखा

### गरीब ग्रामीणों के नाम पर उठाया गया लोन, 20 साल बाद वसूली का दबाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** पेंशन और आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर गरीब और अनपढ़ ग्रामीणों के साथ बड़े पैमाने पर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की जोगापुर शाखा से वर्ष 2006-07 में तेतरिया और राजाबीघा पंचायत के करीब सौ ग्रामीणों के नाम पर बिना जानकारी दिए लोन उठा लिया गया। अब लगभग 20 वर्ष बाद बैंक की रिकवरी टीम और पुलिस द्वारा ग्रामीणों से लोन चुकाने का दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय के पंचायत मुखिया कमलेश्वर मंडल और उनके सहयोगी सुदर्शन शर्मा ने सरकारी पेंशन व आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर वोटर कार्ड, फोटो और अंगूठा निशान लिया था। भरोसे में आकर ग्रामीणों ने दस्तावेज दे दिए, लेकिन न तो उन्हें किसी योजना का लाभ मिला और न ही यह जानकारी दी गई कि उनके नाम पर बैंक से लोन लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कपड़ा फैक्ट्री, सुअर पालन और बकरी पालन जैसी योजनाओं के नाम पर प्रति व्यक्ति 20 से 25 हजार रुपये का लोन उठाया गया। ब्याज और जुर्माना जुड़ने के बाद अब यह राशि 90 हजार से एक लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। बैंक के रिकवरी विभाग के कर्मी रविश कुमार द्वारा वसूली की कार्रवाई शुरू किए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पीड़ितों में सीता देवी, फुलवा देवी, हरि मंडल, कमला देवी, कुंती देवी सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने कहा कि ग्रामीणों के साथ सुनियोजित तरीके से जालसाजी की गई है। उन्होंने बताया कि उस समय के मुखिया की मौत हो चुकी है, लेकिन मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों को चिन्हित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन और बैंक प्रबंधन से न्याय की गुहार लगाते हुए लोन माफी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**आमस (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र की साव कला पंचायत के तेतरिया गांव से कुछ दूरी पर स्थित गोरैया बांध में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। साव कला पंचायत के सरपंच कृष्णा यादव ने बताया कि तेतरिया गांव निवासी 27 वर्षीय अमित कुमार बुधवार को शौच करने गया था। इसी बीच फिसल कर गोरैया बांध में गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि अचानक मौत होने से घर में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर है। आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया।

## कोणार नगर से राइफल व गोलियां बरामद

**आमस (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के कोणार नगर से एसटीएफ की टीम ने देसी राइफल और गोली बरामद की है। आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि पटना से आयी एसटीएफ टीम ने आमस थाना क्षेत्र के कोणार नगर से झाड़ी में छिपा कर रखी गयी एक देशी राइफल और चार गोलियों को बरामद किया है।

## पुत्री से दुष्कर्म का आरोपित पिता गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के सियाडीह मठिया गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां एक कलयुगी पिता पर अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ गलत हरकत करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की मां द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सियाडीह मठिया निवासी अर्जुन पासवान पर उसकी पत्नी ने आरोप लगाया है कि वह नशे की हालत में आए दिन घर आता था और अपनी नाबालिग पुत्री के साथ गलत हरकत करता था। काफी समय से इस अमानवीय कृत्य से परेशान होकर पीड़िता की मां ने अंततः थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि महिला के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अर्जुन पासवान के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है और पीड़िता को हरसंभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**पर्यावरण सहमति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत मौजा खखन्दुआ ब्लॉक B के प्लॉट संख्या 01 (P), रकवा 16.00 एकड़ क्षेत्र पर पत्थर लघु खनिज खनन पट्टा हेतु पर्यावरणीय स्वच्छता प्रमाण पत्र सं०-SIA/1(A)/2493/2023 दिनांक 09.12.2025 द्वारा SEIAA, बिहार के आदेश से निर्गत किया गया है जिसकी प्रति SEIAA, बिहार, पटना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पर्यावरणीय स्वच्छता प्रमाण पत्र की प्रतियां पंचायत कार्यालय / अंचल अधिकारी **गोविन्दपुर / प्रखण्ड** विकास पदाधिकारी गोविन्दपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**सूचनार्थ :-**
**पटेल एग्री इंडस्ट्री प्रा०लि०,**
**नालंदा, बिहार ।**

## भाषा के समक्ष सम्प्रेषण और संस्कृति रक्षण की दोहरी चुनौती : डॉ. संगीता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और जगजीवन महाविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, गयाजी, बिहार के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन दूसरे सत्र का आरम्भ हुआ। इस सत्र के प्रथम वक्ता महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के एसोसिएट प्रोफेसर अंजनी कुमार श्रीवास्तव थे। अपने वक्तव्य में इन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा देने का एक अर्थ विश्व कल्याण है। भारतीय ज्ञान परम्परा अपनी प्रकृति में समावेशी और प्रकृति सापेक्ष है। पश्चिम की ज्ञान परम्परा प्रकृति विरोधी और हिंसक है। इसलिए पश्चिम का राष्ट्रवाद रक्तपात का इतिहास है। भारतीय राष्ट्रवाद साहचर्य और मुक्ति का पर्याय है। विष्णुपुराण में यह जोर देकर कहा गया है कि युद्ध के समय फसलों को न जलाया जाए। ऐसा काम करने वाला क्रूरता की पराकाष्ठा को पार करता है। भारतीय ज्ञान परम्परा ने उस समय भी विश्व को अपने ज्ञान से लाभान्वित किया जब भारत परतंत्र था। एक किसान अन्न उपजाता है और हम कहते हैं कि अन्न ब्रह्म है। भारत में अठारह विद्याएं और चौसठ कला स्वीकृत थीं। हमें इसे फिर से पुनर्जीवित करना होगा। पश्चिमी ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में भारत में ज्ञान परम्परा को विकसित करने की एक लम्बी कोशिश रही, लेकिन यह एक विफल और अभारतीय कोशिश रही है। समय बदल रहा है। आने वाला समय भारतीय ज्ञान परम्परा का है। हिन्दी भाषा का है। इस सत्र के दूसरे वक्ता लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. चन्दन कुमार झा थे। इन्होंने विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि भाषा के मानकीकरण का एक लम्बा इतिहास रहा है। भारतीय संस्कृति में भाषा मानक के रूप में ही आती है। भाषा का मानकीकरण कोई अलग प्रक्रिया नहीं है। वह भाषा निर्माण के समानान्तर चलने वाली भाषिक प्रक्रिया है। भारत के शास्त्र निर्माण में शब्दावली बाहर से आयातित नहीं की जाती। सत्र के तीसरे वक्ता मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वी.के.मंगलम थे। इन्होंने सत्र के विषय पर विचार करते हुए कहा कि भाषा सरल होनी चाहिए। सहज होनी चाहिए। उसका सम्प्रेषण आसान होना चाहिए। हिन्दी की यात्रा लम्बी रही है। इसलिए इसके मानकीकरण की यात्रा भी लम्बी रही है। वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत और शौरसेनी अपभ्रंश से होते हुए उत्तर भारत की सभी बोलियों पर विस्तार से इन्होंने प्रकाश डाला। इन्होंने मानक भाषा के बारे में बताया कि जिसमें देश-काल और परिस्थितियों का दाग न लगा हो, वही भाषा मानक हो सकती है। इसका अर्थ यह हुआ कि आप उसे कलकत्ता, दिल्ली, बनारस, इलाहाबाद या गया में बोलिए, वह अलग नहीं हो सकती। इस सत्र की अध्यक्षता मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रो. आनन्द कुमार सिंह ने की। सत्र का संचालन डॉ. शिव ने किया। संगोष्ठी के तीसरे सत्र में सहायक कुलसचिव, कौशल विकास विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आए डॉ. संतोष पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि 2011 की जनगणना में 54 भाषाओं का उल्लेख है जबकि वास्तविकता में सैकड़ों लोकभाषाएं और बोलियां भारत में प्रचलित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी मानवीय और संवेदनशील बन सकती है जब तकनीकी और वैश्विक विमर्श को स्थानीय भाषाओं तथा सांस्कृतिक संदर्भों से जोड़कर प्रस्तुत किया जाए। कोठारी आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को मातृभाषा या स्थानीय भाषा में देने की आवश्यकता पर बल दिया। मगही, अंगिका, भोजपुरी जैसी भाषाओं में पाठ्य सामग्री, प्रशिक्षित शिक्षकों और तकनीकी शब्दावली के विकास को उन्होंने समय की मांग बताया।

**AFFIDAVIT**

I, Ayush Ranjan, son of Nippu Kumar, resident of House No. 37, Village Nadpura, Jat Dumri, Punpun, Patna, Bihar - 804453, India, do hereby declare that my father's name has been incorrectly mentioned as "Nippu Singh" in my Class X and Class XII mark sheets. The correct, actual, and legal name of my father is "Nippu Kumar", which is correctly mentioned in my Aadhaar Card and PAN Card. Henceforth, "Nippu Kumar" shall be treated as the correct and official name of my father for all academic, legal, and official records.

**शपथ पत्र**

मैं, आयुष रंजन, पिता का सही नाम निप्पू कुमार, निवासी मकान संख्या 37, ग्राम नदपुरा, जट डुमरी, पुनपुन, पटना, बिहार 804453, भारत, यह घोषणा करता हूं कि मेरे कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के अंकपत्रों में मेरे पिता का नाम गलत रूप से ''निप्पू सिंह'' अंकित है जबकि मेरे पिता का सही, वास्तविक एवं वैधानिक नाम ''निप्पू कुमार'' है, जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही रूप से अंकित है। अतः भविष्य में सभी शैक्षणिक, शासकीय, कानूनी एवं अन्य अभिलेखों में मेरे पिता का नाम ''निप्पू कुमार'' ही मान्य एवं स्वीकार्य किया जाए।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एफ-एमएफजी-180-एमएमएडब्ल्यू-एएमसी-आरटी, दिनांक 16.12.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्यूफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा संख्या: एफ-एमएफजी-180-एमएमएडब्ल्यू-एएमसी-आरटी** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 03 वर्षों के लिए 180 अदद एमएमएडब्ल्यू रेक्टिफायर (आईजीबीटी एवं थाइरिस्टर आधारित) वेल्डिंग मशीन का एएमसी। **कार्य का स्थान:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 91,88,795। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0.00। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,83,800। **पूरा करने की अवधि:** तीन वर्ष। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.01.2026 को अपराह्न 4.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 18.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण और सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in** और www.er.indianrailways.gov.in तथा किसी भी कार्य दिवस को उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर का कार्यालय। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। ठेकेदारों को इस निविदा के तहत बयाना राशि का भुगतान आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान के तरीकों अर्थात नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि से करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के जरिये मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

(MISC-332/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सोनौरा प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि.**

**प्रखंड नवीनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार)**

**आवश्यकता**

नवीनगर प्रखंड के सोनौरा पैक्स समिति में सहायक प्रबंधक का पद रिक्त है। कार्मिक नीति के अनुसार सहायक प्रबंधक पद की नियुक्ति निकाली गई है। आवेदक की योग्यता ग्रेजुएट एवं कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य है ।

इच्छुक व्यक्ति 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

**पता ग्राम-** महदेवा, पोस्ट- चरण, थाना, माली जिला औरंगाबाद (विहार)

**नोटः** - आवेदन पैक्स अध्यक्ष से मिलकर या उक्त पते पर भी पोस्ट कर सकते हैं।

**नीरज कुमार सिंह**
**अध्यक्ष**
**सोनौरा पैक्स**
**प्रखण्ड नबीनगर (औरंगाबाद)**

संपादकीय

# नबीन के सामने बड़ी चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के अल्पज्ञात युवा नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर एक बार फिर चौंकाया है। बताया जाता है कि 45 वर्षीय नबीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पसंद हैं और इसे संघ ने भी मंजूरी दी है। नितिन नबीन का परिवार परंपरागत रूप से भाजपाई है और उन्हें संगठन और सत्ता दोनों में काम करने का अनुभव है। दो साल पहले छत्तीसगढ़ विस चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लौटाने के रणनीतिकार नितिन नबीन ही थे। नबीन की नियुक्ति यूं तो भाजपा में तीसरी पीढ़ी को आगे लाने की नीति के तहत उठाया गया एक बड़ा और दूरगामी कदम है। लेकिन इसी के साथ आलाकमान ने पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के ख्वाहिशमंद उन तमाम नेताओं को भी किनारे लगा दिया है, जिनके नाम लगातार मीडिया में चर्चा में रहे हैं। नितिन नबीन फिलहाल बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में पीडब्लूडी मिनिस्टर हैं। लेकिन इस बड़े दायित्व के बाद उन्हें मंत्री पद छोड़ना होगा। क्योंकि अब उनकी जिम्मेदारियां पूरे देश की हैं और दिल्ली ही उनका मुख्यालय होगा। कहा यह भी जा रहा है कि भाजपा उन्हें राज्यसभा में ला सकती है। नितिन नबीन की नियुक्ति से भाजपा ने कई समीकरण साधने की कोशिश की है। पहला तो अगड़ी जातियों को साधना। नबीन कायस्थ समुदाय से हैं और यह जाति अब मोटे तौर पर भाजपा समर्थक है तथा जिसकी शिकायत यही है कि संगठन में ऊंचे पदों पर उनकी संख्या बहुत कम है। दूसरे नबीन उस बिहार से जो देश के पूर्वी हिस्से में आता है और राष्ट्रीय राजनीति में उसकी भूमिका सीमित ही रही है। तीसरे, नबीन युवा है और उन्हें कम से कम 25 साल राजनीति करनी है। माना जा रहा है कि कम उम्र होने से युवा कार्यकर्ताओं से उनका कनेक्ट अच्छा रहेगा। अब यह नबीन पर निर्भर है कि वो पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने से कैसे जोड़ते हैं और साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कैसा संतुलन बना पाते हैं। हालांकि भाजपा में कांग्रेस की तरह अनुशासनहीनता सहन नहीं की जाती। जो निर्णय एक बार हो चुका, उसे सभी को मानना पड़ता है। लेकिन नितिन नबीन के सामने खुद सिद्ध करने की पहली चुनौती तो अगले साल देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। जिनमें से दो में भाजपा सत्ता में है और दो में सत्ता पाने की आस पाले हुए हैं। मसलन असम और पुदुच्चेरी में 2026 के मार्च/अप्रैल में चुनाव होना है। असम पुदुच्चेरी में भाजपा सत्ता में है और सत्ता में फिर से वापसी उसका लक्ष्य है। नबीन के नेतृत्व में यह कैसे संभव होगा, इस पर पूरे देश की निगाहें रहेंगी। लेकिन नबीन के सामने इससे भी बड़ी चुनौती पश्चिम बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाना है। वहां मुकाबला 'तुम डाल डाल तो हम पात पात' वाली ममता बैनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से है और राज्य में भाजपा का संगठन अपेक्षित रूप से मजबूत नहीं है। ममता को हराना भाजपा और संघ की तीव्र इच्छा है। लेकिन यह तभी संभव है, जब ममता विरोधी वोटजुट हो और राज्य में बड़े पैमाने पर ऊर्ध्व साम्प्रदायिक विभाजन हो, मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर विभाजित हो और हिंदू वोट भाजपा के पक्ष में एकजुट हो। यह असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरूर है, क्योंकि बंगाल की जनसांख्यिकी ही ऐसी है। लेकिन नबीन बंगाल में भाजपा को सत्ता दिलाने में कामयाब रहे तो उनका राजनीतिक कद बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। वैसे सवाल तो यह भी पूछा जा रहा है कि नबीन की नियुक्ति भाजपा में किसकी जीत है, लेकिन यह इसलिए बेमानी है, क्योंकि भाजपा में निर्णय कोई एक व्यक्ति नहीं करता।

# पुतिन की यात्रा और रिश्तों की नई दिशा

**23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की थीम स्वयं इस पुराने साझेदारी के नए स्वरूप की ओर इशारा करती है जहाँ रक्षा और राजनीति के साथ-साथ आर्थिक सहयोग को और अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। पुतिन की 27 घंटे की यात्रा की असली अहमियत केवल हस्ताक्षरित समझौतों में नहीं, बल्कि उस रणनीतिक संदेश में है जो यह देती है: भारत-रूस साझेदारी अपनी गति स्वयं तय करती है और बाहरी दबावों से आसानी से विचलित नहीं होती। शिखर बैठक में दोनों नेताओं ने साझेदारी के लगभग सभी क्षेत्रों जैसे राजनीतिक संबंधों, रक्षा सहयोग, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, संपर्क साधन, अंतरिक्ष, संस्कृति और शिक्षा पर व्यापक चर्चा की। वार्ता से यह साफ झलक रहा था कि दोनों देश सहयोग को एक नई दिशा और गति देना चाहते हैं।**

अंशुमान

करीब चार वर्षों के अंतराल के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा को भारत-रूस संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। चार साल बाद जब व्लादिमीर पुतिन दिल्ली उतरे और प्रधानमंत्री मोदी खुद हवाईअड्डे पर उन्हें लेने पहुँचे, तो यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं थी यह उस रिश्ते की झलक थी जो दशकों से भरोसे पर खड़ा है और आज की उथल-पुथल वाली दुनिया में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। यह प्रतीकात्मकता विशेष रूप से उस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाती है जब वॉशिंगटन की कड़ी नीतियाँ भारत-रूस संबंधों के विस्तार को सीमित करने की कोशिश करती दिखती हैं।

23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की थीम स्वयं इस पुराने साझेदारी के नए स्वरूप की ओर इशारा करती है जहाँ रक्षा और राजनीति के साथ-साथ आर्थिक सहयोग को और अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। पुतिन की 27 घंटे की यात्रा की असली अहमियत केवल हस्ताक्षरित समझौतों में नहीं, बल्कि उस रणनीतिक संदेश में है जो यह देती है: भारत-रूस साझेदारी अपनी गति स्वयं तय करती है और बाहरी दबावों से आसानी से विचलित नहीं होती।

शिखर बैठक में दोनों नेताओं ने साझेदारी के लगभग सभी क्षेत्रों जैसे राजनीतिक संबंधों, रक्षा सहयोग, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, संपर्क साधन, अंतरिक्ष, संस्कृति और शिक्षा पर व्यापक चर्चा की। वार्ता से यह साफ झलक रहा था कि दोनों देश सहयोग को एक नई दिशा और गति देना चाहते हैं। अगर वैश्विक तस्वीर पर नज़र डालें तो यह बिल्कुल साफ दिखता है कि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी कंपनियों के रूस से हटने से वहाँ एक बड़ा आर्थिक खालीपन पैदा हुआ। और दिलचस्प बात यह है कि यही खालीपन भारत के लिए अवसर बनकर सामने आया है। रूस अब ऐसे भरोसेमंद साझेदारों की तलाश में है जो उसकी अर्थव्यवस्था के नए दौर में साथ दे सकें और भारत स्वाभाविक रूप से इस सूची में सबसे ऊपर है। इसी कारण दोनों देशों ने इंडिया-रूस इकोनॉमिक कोऑपरेशन



2030 का खाका अपनाया है, जो अगले कई वर्षों के लिए आपसी आर्थिक सहयोग की दिशा तय करेगा। यह सिर्फ एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक रोडमैप है कि भारत और रूस किन-किन क्षेत्रों में मिलकर आगे बढ़ सकते हैं।

हालांकि अभी व्यापार का संतुलन रूस के पक्ष में झुका हुआ है और इसकी बड़ी वजह ऊर्जा आयात है। लेकिन इस बार रूसी प्रतिनिधिमंडल ने पहली बार इतने स्पष्ट रूप से भारतीय निर्यात की संभावनाओं पर भरोसा जताया। चाहे उपभोक्ता सामान हों, दवाइयाँ, कृषि उत्पाद, खाद्य सामग्री या दूरसंचार उपकरण रूस मानता है कि भारतीय उत्पाद उसके बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

यह बात मेक इन इंडिया की वैश्विक छवि के लिए भी ताकतवर संकेत है।रूस में तेज़ी से बढ़ती कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए दोनों देशों ने लेबर मोबिलिटी एग्रीमेंट पर भी हस्ताक्षर किए। साथ ही भुगतान प्रणालियों को सरल बनाना, लॉजिस्टिक्स में सुधार करना, और शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना–ये सभी मुद्दे प्रमुख रहे। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इन बाधाओं को प्राथमिकता से सुलझाने पर सहमति जताई है। साथ ही भारत ने यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ एफटीए को जल्द निष्कर्ष तक पहुँचाने में भी गहरी रुचि दिखाई।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को देखते हुए ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग उच्च प्राथमिकता बनकर उभरा। तेल एवं गैस क्षेत्रों के अतिरिक्त, दोनों देशों ने नई परियोजनाओं जैसे रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल तकनीक, ऑयलफील्ड सर्विसेज़ और परमाणु ऊर्जा में भारतीय निवेश की संभावनाओं पर विचार किया। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान में भी सहयोग को नए आयाम देने पर चर्चा हुई।

शिखर बैठक से पहले ही भारत ने साफ इशारा कर दिया था कि वह स्-400 की अतिरिक्त बैटरियों की खरीद और उन्नत स्-500 प्रणाली के संयुक्त उत्पादन उसकी रूचि है भले ही ये सौदे शिखर सम्मेलन में अंतिम रूप नहीं ले पाए, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि रूस की तकनीक साझा करने और सह-उत्पादन की नीति अब भी पहले जैसी है। इसी कड़ी में रूस ने स्ह्व-57 जैसे उन्नत लड़ाकू विमान भारत के लिए उपलब्ध कराने और संभावित संयुक्त निर्माण का संकेत भी दिया। यह दिखाता है कि चीन के साथ रूस के बढ़ते रिश्तों के बावजूद, भारत के लिए उसकी रणनीतिक प्राथमिकता अभी भी बरकरार है।

वास्तविकता में भारत के लिए यह बेहद अहम है क्योंकि ऐसे साझेदार ही उसे अपने रक्षा आधुनिकीकरण के लक्ष्य तक पहुँचने में मदद कर सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि भविष्य में उसकी सुरक्षा विकल्पों की कमी न हो। आर्कटिक और रूसी फ़ार ईस्ट जैसे क्षेत्रों में सहयोग भारत-रूस साझेदारी के अपने बेहतरीन आयाम हैं। इन क्षेत्रों में विशाल खनिज संसाधन, रेयर अर्थ्स और हाइड्रोकार्बन मौजूद हैं और इन चीजों में भारत गहरी रुचि रखता है और जियोपालिटिक्स में रूस भी भारत को आर्कटिक मामलों में एक प्रमुख उभरते भागीदार के रूप में देखता है।

चार साल बाद भारत आये पुतिन की यात्रा से साफ दिखता है कि भारत और रूस के हित पहले से कहीं ज्यादा एक-दूसरे के करीब आए हैं। भारत के लिए यह एक सीधा संकेत है कि तमाम वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच रूस अब भी वही भरोसेमंद, स्थिर और लंबी दौड़ का साझेदार है जिस पर वह दशकों से निर्भर रहा है। वैश्विक रणनीति के तौर पर रूस के लिए भी यह यात्रा बेहद अहम है क्योंकि यूक्रेन संघर्ष ने उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश जरूर की है, लेकिन भारत जैसा बड़ा, प्रभावशाली और गैर-पश्चिमी देश उसके साथ खड़ा रहे यह मॉस्को के लिए सिर्फ कूटनीतिक राहत नहीं, बल्कि उसकी वैश्विक प्रासंगिकता का प्रमाण भी है।

यह रिश्ते की वह मजबूती है जिसकी प्रतिध्वनि आने वाले वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सुनाई देती रहेगी। हाँ, यह भी सच है कि व्यापारिक असंतुलन, भुगतान से जुड़ी दिक्कतें और कुछ लंबित परियोजनाएँ आगे भी चुनौती बनकर खड़ी रहेंगी। लेकिन इन सबके बावजूद मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल एक बात बेहद स्पष्ट कर देता है भारत अब मॉस्को के साथ अपने संबंधों को सिर्फ निभाने भर तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि उन्हें और गहराई और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए तैयार दिखता है।

दरअसल, बदलती दुनिया में यह साझेदारी भारत और रूस दोनों के लिए नए अवसरों के दरवाज़े खोल रही है ऐसे अवसर जो आने वाले दशक में एशिया ही नहीं, बल्कि व्यापक वैश्विक व्यवस्था पर भी असर डाल सकते हैं।

अध्यात्म

## जब सीखना बंद कर देते हैं, तब से ही तरक्की रुक जाती है



पुराने समय में दो दोस्तों ने गांव से बाहर जाकर व्यापार करने की योजना बनाई। दोस्तों ने तय किया कि दोनों अलग-अलग दिशाओं में जाएंगे तो व्यापार करेंगे। कुछ महीनों के बाद दोनों को वापस अपने गांव लौटेंगे और एक-दूसरे का अनुभव बताएंगे। योजना के अनुसार दोनों दोस्त अलग-अलग दिशाओं में निकल गए। शुरुआती दिनों से ही दोनों दोस्तों का व्यापार अच्छा चलने लगा। एक दोस्त अपनी सफलता की वजह अहंकारी हो गया। उसे लगने लगा कि अब वह जल्दी ही बहुत पैसा कमा लेगा। व्यापार बढ़ रहा था तो वह बेफिक्र हो गया, लापरवाही होने लगी। जब व्यापार में मंदी का दौर आया तो उसे बहुत नुकसान हो गया। इतना नुकसान हुआ कि उसकी लगभग पूरी पूंजी ही खत्म हो गई।

बर्बाद हुए व्यक्ति ने सोचा कि मुझे मेरे मित्र के पास जाना चाहिए, मंदी के दौर में वह क्या कर रहा है, ये जानने के लिए वह अपने दोस्त के पास पहुंच गया। उसने देखा कि मंदी के समय में भी उसका मित्र लाभ कमा रहा है। ये उसे समझ नहीं आया। उसने अपने दोस्त से इसकी वजह पूछी। लाभ में चल रहे मित्र ने कहा कि मैं लगातार मेहनत कर रहा हूं। मैंने व्यापार में नई-नई चीजें सीखना जारी रखा। सोच-समझकर योजनाएं बना रहा हूं। मैंने इस दौरान छोटी सी लापरवाही नहीं की है। असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ता हूं और दोबारा वैसी कोई गलती नहीं करता, जिससे हानि होने की संभावना बनती है। इसी वजह से मंदी के दौर में भी मैं अपना व्यापार अच्छी तरह चला पा रहा हूं। पहले दोस्त को समझ आ गया कि उसने व्यापार में सीखना बंद कर दिया था। अहंकार की वजह से वह लापरवाह हो गया और गलतियों से सीख नहीं ली। इसी वजह से व्यापार में हानि हो गई। उसने मित्र से प्रेरणा लेकर दोबारा नए सिरे व्यापार शुरू किया और कड़ी मेहनत से उसका व्यापार फिर से चल पड़ा।

**सीख**– इस कथा की सीख यह है कि हम जिस पल सीखना बंद कर देते हैं, उसी पल से हमारी तरक्की रुक जाती है। इसीलिए सीखना कभी भी बंद न करें।

# एससी-एसटी पर बढ़ते अपराध और संसद में सवाल

**भीम आर्मी के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद के इस शीतकालीन सत्र में अनुसूचित जातियों और जनजातियों पर लगातार बढ़ते जा रहें अपराध पर चिंता जाहिर की हैं और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग पर तीखा हमला बोला है। उनके शब्दों में ये आयोग अब 'संवैधानिक सजावट' मात्र रह गए हैं जो दलित-आदिवासी समाज के साथ होने वाले अत्याचारों पर खानापूर्ति करते हैं, लेकिन न्याय दिलाने में पूरी तरह असफल हैं।**

डॉ.संजीव कुमार

अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 जिसे आज़ाद भारत में दलितों पर बढ़ते क्रूरतम अपराधों को देखते हुए इस अधिनियम की आवश्यकता महसूस हुई थी । संसद ने माना कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के विभिन्न उपायों के बावजूद, वे असुरक्षित बने हुए हैं। उन्हें कई नागरिक अधिकारों से वंचित रखा जाता है; उन्हें विभिन्न अपराधों, अपमानों, अपमानों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। कई क्रूर घटनाओं में, उन्हें अपनी जान और संपत्ति से वंचित किया गया है। विभिन्न ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक कारणों से उनके विरुद्ध गंभीर अत्याचार किए जाते हैं। जब देश आजाद हुआ तो इसकी सबसे ज्यादा खुशी अगर किसी को हुई थी तो वह थे गरीब,दलित, शोषित उन्हें लगा कि अब आजाद भारत में वें खुलकर सांस ले सकते हैं। एक सड़क पर चल सकते हैं, एक चौराहे पर बैठ सकते हैं, एक स्कूल में साथ पढ़ सकते हैं, एक कार्यालय में साथ नौकरी कर सकते हैं। अब किसी के आगे वेवजह सर झुकाने की जरूरत नहीं होगी। पर उन्हें क्या पता कि उनका सामना अब हजारों साल के मानसिक रोगियों से पड़ने वाला है। ऐसे मानसिक रोगी जो किसी विशेष जाति में जन्म लेने कारण एक मनुष्य होते हुए भी दूसरे मनुष्य को दोयम दर्जे का मानव समझते हैं। वे लोग कानून के इतने सक्षम होने के बावजूद भेदभाव करने से और उनके साथ पशुओं जैसा बरताब करने से बाज नहीं आने वाले। वैसे तो भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15 और 17 के अनुसार किसी भी तरह के भेदभाव का अंत कर दिया गया था। भारत के सभी नागरिकों को एक समान जीवन जीने का अधिकार प्रदान कर दिया गया था। परंतु फिर भी जब तमाम प्रावधानों के बावजूद दलितों का शोषण और दमन रुकने का नाम नहीं ले रहा था तब सरकार को एससी एसटी एक्ट बनाने की आवश्यकता पड़ी। आज शायद लोग भूल गए होंगे। परंतु इस एक्ट के पहले भारत में ऐसे दर्जनों दलित नरसंहार हुए थे जिसने उनके स्वतंत्रता के सभी सपनों को चकनाचूर कर दिया था( 1968 तमिलनाडु के केल्विनमणि में 44 दलितों को कुछ मजदूरी बढ़ाने के मांग पर तथाकथित उच्च जातियों ने सबक सिखाते हुए जिंदा जला दिया था। इसके पश्चात् 1977 बेलछी नरसंहार, 1978 मराठीवाड़ा आंदोलन नरसंहार, 1981 देहुली नरसंहार,1984 करमचेडू नरसंहार, 1987 डालमऊ नरसंहार) जैसे दर्जनों नरसंहार हुए जिसमें दर्जनों दलितों कों सबक सिखाने के नाम पर जिंदा जला दिया गया तो कहीं टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए।उनकी महिलाओ, लड़कियों का सरेआम बलात्कार किया गया, नंगा करके घुमाया गया। और यह सब आजाद मुल्क में किसी और ने नहीं बल्कि उनके ही मुल्क के लोगों ने किया था । फिल्म जगत में आज 'फाइल' बनाने की प्रक्रिया चल रही है। आज अगर इन घटनाओं पर फ़िल्में बने तो वे लोग जो




हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं, जो अंबेडकर को मिटाने की बात कर रहे हैं, जो उनके नाम पर सत्ता में बैठे हुए हैं शर्म से डूब कर मर जाएंगे। 30 जनवरी 1990 से लागू इस अधिनियम को अभी 25 वर्ष भी नहीं हुए हैं और इसे कई बार शिथिल करने और समाप्त करने का प्रयास हो चुका है। जबकि दलितों के साथ होने वाले ये बर्बर अत्याचार ना हिंदू राज्य में समाप्त हुए थे ना मुगल राज्य में न ही अंग्रेजो के शासन में और ना ही आजाद मुल्क में यह रुकने का नाम ले रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिपोर्ट (ह्ष्ह्ड्ड) के आकड़ो के अनुसार विगत दस वर्षों में ऐसे अत्याचारों में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं।एक तरफ तो सत्ता के लिए इन दलितों कों हिन्दू माना जाता हैं और मुस्लिमों के विरुद्ध एक होने की बात कही जाती हैं दूसरी तरफ उनके साथ आज भी पशुवत अपराध जारी हैं । विगत दस वर्षो में जब से देश कों हिन्दू राष्ट्र बनाने की राजनीति आरम्भ हुई हैं दलितों पर अत्याचार और बढ़े हैं।इनमें से कुछ चर्चित अपराधों ने देश और दुनियां कों अचंभित किया हैं। जिनमे ऊना कांड, रोहित वेमूला की आत्महत्या, हाथरस कांड, उन्नाव कांड, सिधी पेशाब कांड जैसे क्रूरतम अपराध शामिल हैं। और ये अपराधि जेल तक भी तभी पहुँचाए गए जब दलित पार्टियों ( जिनमे भीम आर्मी ने प्रमुख रूप से दबाव बनाने का कार्य किया हैं) और सामाजिक आंदोलनों का सरकार पर दबाव पड़ा। ऊना कांड पर प्रधानमंत्री जी घड़ियाली आशुँ बहाते नज़र आये थे तो सिधी कांड पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पीड़ित के पैर पखांरने जैसे नाटक किए थे जबकि यदि वें अपना काम ईमानदारी से करते तो इसकी उन्हें जरुरत नहीं होती । आज ऐसे अपराधों में सजा होने की स्थिति 20 त्न भी नही होती वह भी दशकों लग जाते है इन रसूखदार लोगों को सजा दिलवाने में। जिसके लिए इस परिवार को अपने रोजी-रोटी से समझौता तक करना पड़ता है ।एक ऐसा परिवार जो बमुश्किल से अपने लिए दो वक्त का भोजन जुटा पाता है उसके लिए समाज और कानून से न्याय पाने के लिए कितनी मुश्किल लड़ाई लड़नी पड़ती है ,सरकार को इसका अंदाज़ा नही है ।

चंद्रशेखर ने सरकार से सवाल पूछा की सरकार अस्पृश्यता, छुआछूत मानने वाले मानसिक रोगियों हेतु जनमाध्यमों का कैसे इस्तेमाल कर रही हैं और समाज पर इसका कितना प्रभाव हो रहा हैं? दरअसल बहुत कम लोग यह जानते होंगे की राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग कों जनमाध्यमों के जरिए भी समाज कों जागरूक करने हेतु धनराशि की व्यवस्था की जाती हैं। लेकिन सरकार गर्भ निरोध, एड्स, कैंसर, जैसे शारीरिक बीमारियों से निराकरण पर तो ढेरों विज्ञापन प्रसारित करना जानती हैं लेकिन हजारों साल से चले आ रहें छुआछूत, जातिगत भेदभाव जैसे मानसिक बीमारियों हेतु विज्ञापन करने से डरती हैं । मोदी जी सफाई अभियान तो चला सकते हैं लेकिन सफाई कर्म सम्मान अभियान नहीं चला सकते। सर पर मैला ढोना, खुले हाथों से मलमूत्र साफ करना ये सब अपराध भले ना हो पर करने वालों के लिए अभिशाप जरूर हैं । आज सरकार दलितों के मसीहा कहे जाने वाले बाबा साहब का देश भर में प्रतिमा लगवा रही है। उनके सम्मान में बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । लेकिन यह सब तभी सार्थक माना जाएगा जब ये अमानवीय अपराध रोकने में सरकार कामयाब हो पाएगी ।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी कार्यशैली में संरचनात्मक सुधार कर सकते हैं। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के सम्मान मिल सकता है।

**वृषभ**
विदेश में नौकरी की इच्छा रखने वाले लोगों को नयी नौकरी मिल सकती है। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिये दिन अच्छा है।

**मिथुन**
करियर को लेकर मन में दुविधा उत्पन्न हो सकती है। छोटे बच्चों को मौसमी बीमारियाँ घेर सकती हैं। घर के सदस्यों के साथ बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिये। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। विवाह को लेकर जल्दबाजी न करें।

**सिंह**
आज छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को आपके घर में अतिथि आ सकते हैं।

**कन्या**
पुराने मित्रों से आज काफी दिनों बाद मिलना हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। खरीदारी करते समय अपने बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला**
आपकी आय में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। नयी परियोजनाओं के प्रति आपके मन में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका मन कुछ कारणों से अशान्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। नशे और अनैतिक कार्यों की ओर आप आकर्षित हो सकते हैं।

**धनु**
भविष्य को लेकर योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। चतुराई से आप परेशानियों का समाधान ढूँढ लेंगे। नौकरी और व्यापार दोनों में ही आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।

**मकर**
अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन ला सकते हैं। नयी नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। युवा जातक अपने प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

**कुंभ**
वैवाहिक जीवन को समय नहीं दे पायेंगे। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उच्च अधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्व नहीं देंगे। किसी नयी मूवी या वेबसीरीज में अत्यधिक रूचि ले सकते हैं। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर मतदाता सूची में दो जगहों पर नाम होने पर एक जगह से नाम हटाया जा रहा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निर्वाचन आयोग के आदेश पर अनुमंडल में मतदाता सूची में दो जगहों पर नाम होने पर एक जगह से नाम को विलोपित किया जा रहा है. अभी तक 135 मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम काटा गया है. अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष मतदाता सूची सर्वे कराया जा रहा है और बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में दो जगह नाम वाले मतदाता का पहचान कर एक जगह से मतदाता सूची से नाम हटाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि दानापुर विधानसभा क्षेत्र में दो जगहों मतदाता सूची में नाम पाये जाने पर अभी तक 135 मतदाता का नाम हटाया गया है.सर्वे का कार्य किया जा रहा है.

### स्नातक निर्वाचन व शिक्षक निर्वाचन की वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए मतदाताओं ने किया आवेदन जमा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने की तैयारी तेज हो गया है. दानापुर विधानसभा क्षेत्र से स्नातक निर्वाचन के लिए वोटर लिस्ट में नाम जोडने को लेकर 772 मतदाताओं का आवेदन जमा किया गया है. जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए वोटर लिस्ट में नाम जोडने के लिए 1,035 आवेदन आया है. अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोडने का प्रक्रिया समाप्त हो गया है और जल्द ही मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा. इसको लेकर तैयारी किया जा रहा है.

### दानापुर नप प्रशासन ने आधा दर्जन जगहों पर जलाया अलाव



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर परिषद ने नगर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाया गया. रामजीचक आश्रय स्थल बेली रोड नहर के नीचे, गोला रोड शिव मंदिर के पास व सगुना मोड पर अलाव जलाया गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि डीएम व एसडीओ के आदेश पर ठंड को देखते हुए अलाव जलाये जा रहे हैं. मौके पर परिषद के रोकड़पाल सुभाष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, बाइक व कार क्षतिग्रस्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को जमुनिया टोला गांव के पास एनएच 30 पर कार ने बाइक सवार दो युवक को टक्कर मार दी। जिसे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक व





कार क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को बरामद कर अपने साथ थाने ले आई है। बताया जाता है कि डुमरिया के रहने वाला विवेक कुमार अपने दोस्त के साथ कही जा रहा था। इस बीच मनेर विधुत सबस्टेशन के पास एनएच 30 पर तेज रफ्तार में रहे एक कार ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण विवेक कुमार और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बिहटा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों घायल युवक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। वही कार व बाइक दोनो क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान सड़क दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जुटी रही। घटना की सूचना मिलने पर मनेर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को बरामद कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# आरसीसी ड्रेनेज का निर्माण कार्य हो रहा घटिया





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के 40 वार्डों में आरसीसी नाला निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर नाला का निर्माण करवाया जा रहा है. संवेदकों द्वारा आरसीसी नाला निर्माण कार्य से पहले शिलापट्ट नही लगाया जा रहा है. जिससे आम लोगों को नाला निर्माण कार्य के बारे में कुछ भी पता नही चला रहा है और संवेदकों मनमानी ढंग से आरसीसी नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. जदयू पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह समेत आम लोगो ने बताया कि आरसीसी नाला निर्माण कार्य में शासन के नियमों व मापदंड के विपरीत निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जाने के आरोप है. नाली निर्माण कार्य में 8 एमएम व 10 एमएम की लोहे की सलाखों के स्थान पर 6 एमएम की सलाखें उपयोग की जा रही है. सीमेंट, क्रांकीट लोहे की सलाखें लगाने के बाद उसे अच्छी तरह से सेट किए जाने अथवा पकाने हेतु आवश्यकतानुसार पानी डालना आवश्यक था, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा भी अल्प मात्रा में सीमेंट डाली जा रही है. इस कारण कार्य की गुणवत्ता बेहद घटिया हो गई है. उन्होंने बताया कि नाली निर्माण कार्य घटिया स्तर का होने के कारण ज्यादा समय तक टिकाउ व मजबूत नहीं होने से कभी भी धराशायी हो सकता है. नाली निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाकर निर्माण कार्य की यथाशीघ्र जांच करवाया जाना न्याय संगत होगा. श्री सिंह ने बताया कि नगर के जल निकासी के लिए नाला निर्माण कार्य जरूरी है, परंतु नाला निर्माण कार्य के नाम पर राशि का बंदरबांट किया जा रहा है. उन्होंने आरसीसी नाला निर्माण के गुणवत्ता की जांच नगर विकास व आवास के मंत्री, प्रधान सचिव , डीएम, एसडीओ से किया है औरर इसकी गुणवत्ता की जांच कराया जाये ओर इंजीनियर के निगरानी में आरसीसी नाला का निर्माण कार्य कराने की मांग किया है और नाला निर्माण कार्य से पहले शिलापट्ट लगाने की भी मांग किया है. ताकि लोगों को निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी हो सकेंगे. इस संबंध में परिषद के ईओ से संपर्क किया तो नही हुआ है.

## भाकपा माले के दिवंगत नेता विनोद मिश्रा की 27वीं शहादत बरसी पर संपतचक में संकल्प सभाएं आयोजित



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के दिवंगत महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा की 27वीं शहादत बरसी के अवसर पर पटना जिले के संपतचक प्रखंड के विभिन्न गांवों में शोक सभा, श्रद्धांजलि कार्यक्रम और संकल्प सभाओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कामरेड विनोद मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके अधूरे सपनों को साकार करने का संकल्प लिया.यह जानकारी भाकपा माले संपतचक प्रखंड सचिव सत्यानंद कुमार ने दी. जबकि हंडेर गांव में चंदेश्वर मांझी और मानपुर बैरिया में सुरेश सिंह, रासमनी देवी एवं सुरेश चंद्र ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया. सभाओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कामरेड विनोद मिश्रा ने गरीबों, मजदूरों और किसानों के हक की लड़ाई जीवन भर लड़ी. इन कार्यक्रमों में सुधीर पासवान, धनराज पासवान, लाल बाबू प्रसाद, सुग्रीम पासवान, जोगिंदर मांझी, सुरेश दास सहित बड़ी संख्या में भाकपा माले कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे.

## दानापुर में लगातार अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण पर 16 वें दिन गुरूवार को नप प्रशासन ने इमलीतल से बीएस कॉलेज तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. अभियान चलाकर बुलडोजर से सडक किनारे स्थायी -अस्थायी , पक्का ओटा व झोपडियों को ध्वस्त किया गया है. घंटो तक चले अभियान के तहत इमलीतल से बीएस कॉलेज तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया . परिषद ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि दंडाधिकारी सह नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि सडक किनारे नाला पर बने स्थायी व अस्थायी पक्का ओटो को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों से 2 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

**दानापुर छावनी में भी प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना**

11 वें दिन गुरूवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने आनंद बाजार गांधी मूर्ति से मुबारकपुर मोड तक सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. बुलडोजर से नाला पर स्थायी ओटा व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है और सडक किनारे झोडियों व गुमटी को भी ध्वस्त किया गया है. फुटपाथी दुकानों का कहना है कि परिषद प्रशासन के परती जमीन और लीज समाप्त वाले जमीन से अतिक्रमण हटाने के बजाय फुटपाथी दुकानों को उजाडा जा रहा है. केवल सडक किनारे फुटपाथी दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर हटाया जा रहा है. दंडाधिकारी सह नप के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला व अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर छावनी परिषद क्षेत्र में अभियान चलाकर नाला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है और सडक किनारे बनाये गये झोपडियों को भी ध्वस्त किया गया है. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 14 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है.

## नवादा मॉब लिंचिंग कांड पर मुस्लिम तंजीमों का आक्रोश, 50 लाख मुआवजा और नौकरी की मांग

**इमारते शरिया में जमा हुए कई मुस्लिम इदारो ने सरकार से दोषियों को फांसी की मांग की**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के नवादा जिले में कपड़ा बेचकर जीवन यापन करने वाले एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले को लेकर इमारत-ए-शरिया (बिहार, झारखंड, ओडिशा एवं बंगाल) सहित तमाम मुस्लिम तंजीमों में गहरा आक्रोश है. इस संबंध में इमारत-ए-शरिया के केंद्रीय कार्यालय, फुलवारी शरीफ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई.इमारत शरिया में जमा हुए कई मुस्लिम इदारो ने सरकार से दोषियों को फांसी की मांग की . इसके अलावा पीड़ित परिवार को नौकरी और 50 लाख मुआवजा सहित सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की गई. प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमारत-ए-शरिया, जमाअत-ए-इस्लामी हिंद (बिहार), जमीयत उलेमा-ए-हिंद (बिहार-अलिफ व मीम), इदारा-ए-शरीया, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस, केंद्रीय जमीयत अहले हदीस और मजलिस-ए-उलमा व मुतबाअ इमामिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे. बताया गया कि 5 दिसंबर 2025 को नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टा गांव में बिहार शरीफ निवासी मोहम्मद अतहर हुसैन, पिता मोहम्मद आलम, को नाम और धर्म पूछकर बेरहमी से पीटा गया. गंभीर रूप से घायल अतहर हुसैन की 12 दिसंबर 2025 को पावापुरी सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. मिल्ली तंजीमों ने बताया कि परिजनों द्वारा 10 नामजद और 5 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि कुछ अभी भी फरार हैं. तंजीमों ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमे की मांग की.

## घने कोहरे व धुंए के चलते एक साथ बस-स्कॉर्पियो व दूसरी बस की टक्कर में चार घायल





**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सीवान नेशनल हाईवे 531 पर आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के पश्चिमी किनारे के समीप गुरुवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। बताया गया है कि घने कोहरे व धुंए के चलते एक साथ बस-स्कॉर्पियो व दूसरी बस की टक्कर में चार घायल लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड के टाटा से आ रही एकमा की ओर से सीवान को जा रही एक सवारी बस आमडाढ़ी ओवरब्रिज के पास सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो से टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बस भी पहली बस से जा भिड़ी। तीन वाहनों की इस टक्कर में बस में सवार चार यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में सीवान जिले के तरवारा थाना क्षेत्र के बलिया पट्टी गांव निवासी बीरेंद्र सिंह, बड़हरिया थाना क्षेत्र के कर्बला गांव निवासी इमामू हक की पत्नी तज्जुम खातून, स्नेहा यादव व एक अन्य सहित चार यात्री शामिल बताए जाते हैं। स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए एकमा सीएचसी व निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य तीन का इलाज एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व निजी अस्पताल में चल रहा है। बताया गया है कि सड़क किनारे जलाए गए कचरे से उठे धुएं, घना कोहरा व तेज रफ्तार के कारण विजिबिलिटी/ दृश्यता कम हो गई थी, जिससे यह दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। हादसे में बस का इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दुर्घटना के बाद सभी वाहन चालक मौके से फरार हो गए।

## दानापुर में संत डोमिनिक सेवियोज स्कूल में अंतर विद्यालय कैरोल गायन प्रतियोगिता





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नासरीगंज स्थित संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल में गुरूवार को ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन एसोसिएशन की ओर से 16वी एनथोनी वाल्टर पेरी मेमोरियल अंतरविद्यालय क्रिसमस कैरोल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ आर्कबिशप सेबास्टियन कल्लूपुरा,फादर मार्टिन आनंव,पास्टर आनंद कुमार व स्कूल निदेशक ग्लेन गॉल्स्टन ने संयुक्त रूप किया.प्रतियोगिता में राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से करीब 400 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. संत डोमिनिक के बच्चों ने येशु क्रिस्ट के जन्म पर आधारित कैन्टाडा 'द थ्रिल ऑफ होप', संगीतीय नाट्य प्रस्तुत किया. सेन्टा क्लॉज के रूप में सीरम जॉप जिंगल बेल्स गीत की धुन पर थिरकते हुए सभागार में प्रस्तुत हुए और बच्चों और शिक्षको के बीच मिठाईयाँ वितरित की. प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डा जूडिथ लामू, फादर प्रेम लाल व विजय ओस्टा शामिल थे. विद्यार्थियों ने कैरोल रूडील्फ द रेड नोजेड रेण्डियर की धुन पर अनुक्रम नृत्य की भी प्रस्तुत कर सबको मनमोह लिया. विद्यालय के निदेशक ग्लेन गॉल्स्टन ने कैरोल गायन की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा बताया कि क्रिसमस त्योहार एक दूसरे के बीच स्नेह बांटने का मौका है. कुछ प्राप्त करने से ज्यादा आनंद कुछ देने में है तथा हमें रिश्ते में भाईचारे पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए. इस मौके पर ग्लेण्डा गॉल्स्टन, नेवील फिलिप्स, रसल फिलिप्स, कारलाईल पीटर, ग्रेग गॉल्स्टन, मारलन ईलिस, मरीना डीसील्या, डीनीश फलेमिंग, रोनाल्ड स्टार्क, एंजेलिना मार्टिन, मिशेल स्टार्क, खुस नॉरमन आदि मौजूद थे.

## बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक का 68वां स्थापना दिवस समारोह





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 18-12-2025 को बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक का '68वां स्थापना दिवस समारोह' बापू टॉवर, गर्दनीबाग, पटना के सभा कक्ष में मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह बैंक के अध्यक्ष ममता सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि में डॉ. प्रेम कुमार, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, उदघाटनकर्ता अवधेश नारायण सिंह, सभापति, बिहार विधान परिषद, प्रमोद कुमार, मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना, विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड/ संघ, नई दिल्ली, तरूण कुमार, अनिल शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम में बैंक के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, एवं निदेशकगण में दिनेश सिंह, त्रिवेणी सिंह, सुनिल कुमार सिंह, शम्भु प्रसाद सिंह, महेन्द्र प्रसाद यादव, राजेश कुमार सिंह, भारत भूषण सिंह, अनन्द रमण, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राम विशुन सिंह, रामकलेवर सिंह एवं अन्य शामिल हुए। साथ ही बैंक के बिहार-झारखण्ड के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि बैंक की स्थापना 18-12-1957 को हुई थी। उक्त अवसर पर बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों के द्वारा अपनी बातों को रखा गया। माननीय अध्यक्ष के द्वारा बैंक के सभी निदेशकों, प्रतिनिधियों एवं बिहार-झारखण्ड के सभी किसान भाइयों को स्थापना दिवस की शुभकामना दिया गया। समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ० कौशलेन्द्र सिंह, मुख्य निगरानी पदाधिकारी आरपी सिंह, निदेशक तकनीकी राजीव कुमार एवं बैंक के सभी पदाधिकारीगण तथा सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## छठू लाल साह की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वर्गीय छठू लाल साह की पांचवीं पुण्यतिथि 18 दिसंबर 2025 को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर परिजन, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. पुण्यतिथि कार्यक्रम में स्वर्गीय छठू लाल साह के पांच पुत्र चंद्रभानु प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार, ललित कुमार, संतोष कुमार और चंदन कुमार के साथ उनके पोते मृत्युंजय कुमार मौजूद रहे. इसके अलावा भारतीय लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव श्री प्रेम भी कार्यक्रम में शामिल हुए. इस मौके पर आसपास के ग्रामीणों ने स्वर्गीय छठू लाल साह को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की. श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों के बीच उनके पुत्र अजय कुमार द्वारा उत्तम नाश्ता बॉक्स का वितरण किया गया.

## पटना गोल्फ क्लब में 21 दिसंबर को होगा भव्य क्रिसमस कार्निवल का आयोजन







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना गोल्फ क्लब द्वारा आगामी 21 दिसंबर 2025 (रविवार) को क्लब परिसर में क्रिसमस कार्निवल 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह लोकप्रिय कार्निवल पिछले 25 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और राजधानी पटना के नागरिकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहा है। इस अवसर पर फैंसी फेयर, मैजिक शो, ब्रास बैंड, म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा, बच्चों के लिए विशेष खेल, बंपर हाउजी, सांता क्लॉज तथा दर्शकों के लिए आकर्षक सरप्राइज उपहार जैसी अनेक रंगारंग गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। यह कार्यक्रम सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन एवं उत्सव का विशेष अवसर होगा। इस कार्निवल को सफल बनाने में बिहार पर्यटन, वैद्यनाथ, आयुर्वेद भवन, आदित्य विजन एवं बिकाजी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर पटना गोल्फ क्लब के मानद सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि यह कार्निवल पटना की सांस्कृतिक विविधता और सामुदायिक सहभागिता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार की स्मार्ट सिटी गाइडलाइन्स के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि आम जनता अपने परिवार एवं मित्रों के साथ सुरक्षित एवं आनंददायक वातावरण में इस उत्सव का आनंद ले सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम पूर्णतः सार्वजनिक है और सभी नागरिकों के लिए खुला रहेगा। क्लब प्रबंधन ने जानकारी दी कि इस आयोजन से प्राप्त आय का उपयोग गोल्फ कोर्स के रख-रखाव, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के प्रशिक्षण, वृक्षारोपण तथा विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यों में किया जाएगा। पटना गोल्फ क्लब ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस उत्सव में शामिल होकर क्रिसमस कार्निवल 2025 को सफल बनाएँ।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने किया ओपन जिम सेटों का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र के चार सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित ओपन जिम सेटों का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने निरीक्षण किया। इन जिम सेटों की कुल लागत 23.94 लाख रुपये आई है। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा इन ओपन जिमों का उद्देश्य नागरिकों को निःशुल्क शारीरिक फिटनेस की सुविधा प्रदान करना है, खासकर असंतुलित खानपान और व्यस्त दिनचर्या के कारण फिटनेस की स्थिति में गिरावट को देखते हुए। चार सार्वजनिक स्थानों पर ओपन जिम लगाए गए हैं नजर बाग पार्क, उत्तरवारी पोखरा चिल्ड्रेन पार्क, ऑफिसर कॉलोनी पार्क और बड़ा रमना के समीप वृद्धाश्रम परिसर। महापौर ने कहा कि इन जिम सेटों से सभी आयु वर्ग के लोग लाभ उठा सकते हैं, जिनके लिए यह एक सस्ती और सुलभ फिटनेस विकल्प है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने उत्तरवारी पोखरा चिल्ड्रेन पार्क में लाइटिंग और फव्वारा की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क की सफाई और नियमित देख-रेख सुनिश्चित करने की बात भी कही।

### चिरैया के सभी फीडर में ठप रहेगी बिजली

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका स्थित पावर हाउस में विद्युत विभाग द्वारा मेटेनेंस कार्य किए जाने के कारण 19 दिसम्बर यानि शुक्रवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चिरैया क्षेत्र के सभी फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए चिरैया पावरग्रिड के सहायक कनीय विद्युत अभियंता पवन कुमार ने बताया कि उक्त तिथि व समय में ढाका पावर हाउस में कुछ मेटेनेंस कार्य होना है। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति कार्य बाधित रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सलाह दी कि उक्त अवधि से पूर्व अपने कार्य निपटा लेंगे।

### हवन के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञान यज्ञ एवं वैष्णव महोत्सव आयोजन सुगौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 माई स्थान में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अयोध्या से पधारे पूज्य संत हर्षवर्धन जी महाराज जी ने कथा को मधुर और हृदयस्पर्शी शैली में प्रस्तुत किया। यह सात दिन श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक हर्षवर्धन जी महाराज ने आध्यात्मिक प्रवचनों और भगवान के स्मरण की अनमोल अनुभूति से भक्तों को आत्मसात



करायें इस श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं के हृदय में प्रेम, शांति और भक्ति का नया प्रकाश जागृत हुआ। इस श्रीमद्भागवत कथा के आज समापन के दिन क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध लोगों को कथा वाचक हर्षवर्धन जी महाराज द्वारा संकल्प प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस विशाल श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष अनुप शर्राफ, उपाध्यक्ष आकाश शर्राफ, सचिव उदय गुप्ता, कोषाध्यक्ष उदय गुप्ता, कुंदन गुप्ता, विनय सर्राफ का सहयोग के साथ भाजपा नेता प्रदीप शर्राफ अंकुर चौधरी, मनीष बाबा, बेचू साह का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं भागवत समापन पर भी बाबा रामशरण दास जी उपस्थित रहे ।

### स्वच्छता कार्य मे प्रयोग होने वाले सभी उपकरणों की कराएं मरम्मत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी पंचायतो में स्वच्छता कार्य को सुचारू रूप से संचालन को लेकर प्रखंड प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। पंचायत के वार्डो से कचरा एकत्रित कर वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्लूपीयू) तक पहुचाने के लिए उपयोग किये जाने वाले ठेला व ई रिक्शा का एक सप्ताह के अंदर मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया है। इसको लेकर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने लोहिया स्वच्छ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर व सभी पंचायत सचिव को सख्त निर्देश दिया है की बीडीओ स्वच्छता कार्य मे लगे सभी उपकरणों की मरम्मती एक सप्ताह के अंदर कराए। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य को लेकर पंचायतों में ठेला, ई रिक्सा, डस्टबिन आदि मुहैया कराया गया था। वर्तमान में कई जगहों से ठेला व ई रिक्शा खराब होने की शिकायत मिली है। सभी वाहनों को सीघ्र ही दुरुस्त कराए। वही जिन पंचायतो में स्वच्छता कर्मियों का मानदेय भुगतान हो चुका है और मानदेय प्राप्त करने के बावजूद कार्य मे लापरवाही बरत रहे है। उन्हें चयनमुक्त करने की कार्रवाई का निर्देश दिया गया हैं।

### सीएस ने अनुमंडल अस्पताल का किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार को सिविल सर्जन विजय कुमार चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएस ने अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर और अन्य विभागों की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। वही टूटी हुई खिड़कियां, अव्यवस्थित कमरे और अन्य कुव्यवस्थाओ को देख नाराजगी जताई और सभी कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। सीएस ने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिया है कि मरीजों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएस ने अस्पताल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन और अन्य सुविधाओं को जल्द ही बेहतर किया जाएगा, ताकि मरीजों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। वही महिलाओं के बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए ऑपरेशन थिएटर पहुंचे तथा आवश्यक जानकारी ली। मौके पर पर चिकित्सक डॉ. गोविंद चंद्र शुक्ला, स्वास्थ्य प्रबंधक बिपिन राज सहित अन्य चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे।

### अपराध नियंत्रण के लिए बगहा पुलिस ने कसी कमर

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस लगातार करवाई कर रही है। प्रभारी एसपी निर्मला के निर्देश पर जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत शराब , कुर्की सहित विभिन्न मामलों में कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । वही दूसरी ओर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबित पड़े 29 वारंटों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी एसपी के नेतृत्व में लगातार छापेमारी की जा रही है । इसके साथ ही विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिए जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान कुल 410 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 1 लाख 17 हजार रुपये का जुमार्ना विभिन्न नियम उल्लंघनों के तहत लगाया गया । प्रभारी एसपी ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सघन पेट्रोलिंग, वाहन जांच और अपराधियों पर नकेल कसने में जुटी है । उन्होंने कहा कि शराब सेवन एवं अवैध बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय हैं ।

### कस्तूरबा कुष्ठ कॉलोनी में मानवता की मिसाल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्थित कस्तूरबा कुष्ठ कॉलोनी में ठंड के मौसम को देखते हुए एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभावती शिशु हेल्थ केयर मझौलिया के निदेशक एवं प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. कुमार अनुपम ने कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों कुष्ठ रोगियों के बीच कंबल का वितरण किया। इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को ठंड से



राहत मिली और उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखी।कंबल वितरण के दौरान डॉ. अनुपम ने कहा कि दीन-दुखियों और असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग अब पूरी तरह इलाज योग्य है, फिर भी सामाजिक भेदभाव के कारण मरीज उपेक्षा का शिकार होते हैं। समाज को चाहिए कि ऐसे लोगों के प्रति संवेदना और सहयोग की भावना विकसित करे।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना इसका उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर कॉलोनी के कई मरीजों ने कंबल पाकर आभार जताया। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

# एसडीएम के नेतृत्व में सड़क पर उतरा प्रशासन, अतिक्रमण हटाया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को एसडीएम के नेतृत्व में अनुमंडल प्रशासन, अनुमंडल पुलिस प्रशासन व नगर प्रशासन बुलडोजर के साथ सड़क पर उतरी। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाया गया। हालांकि इस दौरान कई दुकानदारों और अतिक्रमणकारियो ने स्वयं अतिक्रमण हटाया। यह अभियान शहर के पोखरा चौक से लेकर हाई स्कूल चौक, नागेंद्र तिवारी चौक होते हुए शिवगंज चौक तक चलाया गया। प्रशासन के इस करवाई में सड़क के किनारे अवैध रूप से लगाये गए ठेले, दुकान के आगे लगाए गए शेड,समेत अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। वही नगर प्रशासन द्वारा दुकानदारों से करीब 11 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। जबकि पुलिस प्रशासन ने कई यत्र-तत्र खड़े करने वाहन चालकों से करीब 20 बिस हजार रुपये जुमार्ना लगाया। इस तरह से कुल 31 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। इस अभियान के दौरान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, नगर प्रशासन समेत भारी संख्या में पुलिस बल ने पैदल मार्च कर सभी अतिक्रमण को हटवाया और कड़ी चेतावनी दी। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि शहर की मुख्य सड़को पर अतिक्रमण की शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने के पश्चात यह कार्रवाई की गई है। सड़को को अतिक्रमणमुक्त रखना जनहित में आवश्यक है। आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाये जाएंगे।



## अभया ब्रिगेड ने दी छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अभया ब्रिगेड के झणडी मिलने के बाद आदापुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय के छात्रोंओ को विशेष जानकारियां दी गई, स्थानीय थाना प्रभारी पप्पु पासवान के नेतृत्व में बंशी धर उच्च विद्यालय, जगीभगत प्रोजेक्ट विद्यालय 10+2 एवं कस्तुरबा गांधी विद्यालयों में जाकर बच्चियों को दिशा निर्देश दिए, उन्होंने बताया कि लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद अपने आप पर भरोसा रखना चाहिए, सरकार की पहल पर अब विद्यालयों की निगरानी रखी जाएगी ताकि मनचले युवकों पर काबू पाया जा सके ,अगर कोई लड़का बदमाशी करता है तो थाने की नम्बर से सम्पर्क कर जानकारी दे ,ताकी बदमाशों पर नकेल कसी जा सके, वहीं दुसरी ओर हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अभया ब्रिगेड की की जानकारी दी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय 10+2 के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित होकर बच्चों के बीच दो शब्द कहा,इस अवसर पर एस आई पुजा कुमारी, हरे राम प्रसाद,निशा कुमारी, पार्वती कुमारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वनाथ प्रसाद, मोहन प्रसाद, आलोक कुमार, युसुफ अंसारी,शेखर सर उपस्थित थे।



## आरओबी निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरिवाटिका चौक से सरिसवा जाने वाली मुख्य सड़क पर बारीटोला में हो रहे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में बाधक बने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध गुरुवार को प्रशासन की ओर से बुलडोजर चलाया गया। सड़क के दोनों किनारे से कच्चा व पक्का अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर किसी तरह के विरोध का सामना नहीं कराना पड़े, इसको लेकर प्रशासन की ओर से फुलप्रुफ तैयारी की गई थी। दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी व भारी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस जवानों की तैनाती की गई। इसके बावजूद 100 से 150 संख्या में महिला-पुरुषों ने विरोध शुरू कर दिया। अतिक्रमण हटा रही टीम पर पत्थरबाजी करने लगे। हालांकि प्रशासन के सख्ती के बाद अतिक्रमणकारियों को पिछे हटाना पड़ा। दंडाधिकारी के रुप में तैनात कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार व नगर निगम के कर संग्राहक नुर आलम ने बताया कि बारी टोला के समीप सड़क के दोनों तरफ 12 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सदर एसडीएम विकास कुमार ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया गया है।



## रक्सौल सीमा पर लहराएगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा, कस्टम चौक बनेगा राष्ट्रीय गौरव का भव्य प्रतीक

**कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि कस्टम चौक को एक आकर्षक और विकसित स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा**

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित रक्सौल में शीघ्र ही राष्ट्रीय गौरव का एक भव्य प्रतीक स्थापित होने जा रहा है। रक्सौल नगर परिषद की ओर से भारतीय लैंड कस्टम कार्यालय के समीप स्थित कस्टम चौक पर 100 फीट ऊंचा विशाल तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। इस पहल से न केवल सीमा क्षेत्र में भारत की पहचान और गरिमा और सशक्त होगी, बल्कि रक्सौल का स्वरूप भी पूरी तरह बदल जाएगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ई. मनीष कुमार ने बताया कि कस्टम चौक को एक आकर्षक और विकसित स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा। योजना के तहत नेपाल के बीरगंज स्थित शंकराचार्य गेट की तर्ज पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। साथ ही यात्रियों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शौचालय का भी निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से निरंतर वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैत्री पुल के भारतीय हिस्से में आधुनिक लाइटिंग, सजावटी रोशनी और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र दिन और रात दोनों समय आकर्षक नजर आए। उल्लेखनीय है कि नेपाल की ओर से बीरगंज महानगर पालिका द्वारा सीमा क्षेत्र को पहले ही पेड़-पौधों, लाइटिंग और शंकराचार्य गेट पर फहराते राष्ट्रीय ध्वज से सुसज्जित किया जा चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्सौल नगर परिषद भी भारतीय सीमा क्षेत्र को हरियाली, रोशनी और राष्ट्रीय प्रतीकों से सुसज्जित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा होने से रक्सौल सीमा क्षेत्र न केवल राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक सुंदर और अनुकरणीय प्रवेश द्वार के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।



# देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंस्टाग्राम पर देसी कट्टा के साथ फोटो वाला स्टेटस की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए साठी पुलिस ने दो युवकों को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ बुधवार को धर दबोचा। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिक दर्ज करते हुए बताया है कि 17 दिसंबर को दोपहर सूचना मिली कि एक व्यक्ति इंस्टाग्राम पर अपने हाथ में लिए देसी कट्टा वाला फोटो स्टेटस में लगाया है। उक्त सूचना के आधार पर सत्यापन कराया गया। चौकीदार के माध्यम से बताया गया की फोटो में दिख रहा व्यक्ति का नाम शेख रेहान ग्राम राय बरवा थाना साठी है। जिस पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी सह सहायक थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार एवं दरोगा संजय यादव पुलिस बल के साथ मेन रोड रायबरवा के पास पहुंचे तो एक लड़का पुलिस की गाड़ी देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ा गया युवक पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद रेहान घर राय बरवा बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो एक ओप्पो का मोबाइल बरामद हुआ। बरामद मोबाइल के जांच से हाथ में लिए देसी कट्टा वाला फोटो पाया गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि देसी कट्टा वाला फोटो उसका ही है। हथियार के संबंध में पूछने पर उसने बताया कि हथियार उसके दोस्त साहिल इकबाल ग्राम साठी बाजार बताया। रेहान के निशानदेही पर साहिल के घर जो साठी बाजार बंधन विवाह भवन के पास है छापामारी की गई जहां पहुंचते ही पुलिस को देख साहिल भागने की कोशिश किया जिसे पकड़ लिया गया। हर की तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पकड़े गए दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## घरेलू हिंसा से संबंधित पांच मामलों की हुई सुनवाई

**आपसी सहमति से विवादों को सुलझाने पर दिया गया जोर**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को घरेलू हिंसा के पांच मामलों की सुनवाई हुई। इस दौरान महिला संरक्षण पदाधिकारी सह सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने दोनों पक्ष की बातों को सुना और विवाद की जगह आपसी सामंजस्य बढ़ाने की बात कही। इस सुनवाई में बसंतपुर से पहुची शबनम खातून ने बताया कि उसकी शादी झुमका निवासी नेसार अहमद से छह वर्ष पूर्व हुई है। दोनों के दांपत्य जीवन से एक बच्ची भी है। इधर पति पिछले चार वर्ष पहले उसे मायके में छोड़ कर विदेश चले गए। उसके बाद से पति उसकी कोई भी मदद नही करता है। वहीं महुअवा गाव निवासी शायदा खातून ने अपने पति सरफराज आलम पर प्रताड़ना की बात बताई। इसके अलावा अवैध संबंध से पारिवारिक मनमुटाव, दहेज प्रताड़ना आदि बिंदुओं से संबंधित तीन अन्य मामलों में भी सुनवाई हुई।

## नौवीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा शुरू, पहले दिन हिंदी व संस्कृत की हुई परीक्षा

**ग्यारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के चौथे दिन दूसरी पाली में मनोविज्ञान विषय की हुई परीक्षा**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गुरुवार से नौवीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा शुरू हो गई है। जानकारी देते हुए पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 12.45 तक एवं दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5.15 तक हुई। उन्होंने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निदेर्शानुसार परीक्षा संचालित की जा रही है। परीक्षा 20 दिसंबर तक चलेगी। गुरुवार को पहली पाली में मातृभाषा (हिन्दी, बंगला, उर्दू एवं मैथिली) एवं दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा (संस्कृत, हिन्दी, अरबी, फारसी एवं भोजपुरी) की परीक्षा हुई। वहीं दूसरे दिन यानी 19 दिसंबर को पहली पाली में विज्ञान एवं दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। अंतिम दिन 20 दिसंबर को पहली पाली में गणित एवं दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए गृहविज्ञान तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। दूसरी ओर ग्यारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा विगत 15 दिसम्बर से शुरू हुई है। जो 22 दिसम्बर तक होगी। परीक्षा के चौथे दिन गुरुवार को पहली पाली में कला, विज्ञान व कॉमर्स के छात्र - छात्राओं की उर्दू, मैथिली, संस्कृत व मगही विषय की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में कला के विद्यार्थियों की मनोविज्ञान विषय की परीक्षा हुई। वहीं 19 दिसंबर शुक्रवार को पहली पाली में कृषि व अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा होगी तथा दूसरी पाली में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। बता दें कि इन दोनों कक्षाओं के प्रश्न पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना की ओर से उपलब्ध कराए गए है। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राघवेंद्र कुमार, राजेश्वर प्रसाद, आदित्य राज, हरि प्रकाश तिवारी, चंद्रिका कुमार तथा लिपिक विनोद कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## गन्ना उद्योग विभाग द्वारा किसान जागरुकता गाड़ी हरी झंडी दिखा कर की गई रवाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गन्ना उद्योग विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का गन्ना किसान के बीच अधिक से अधिक प्रचार प्रसार एवं जानकारी पहुंचने के उद्देश्य से सहायक निदेशक ईख विकास, मोतिहारी के सौजन्य मोबाइल परचा वाहन का उपनिदेशक - सह सहायक निदेशक ईख विकास मोतिहारी अजित कुमार प्रसाद द्वारा हरि झंडी दिखाकर कार्यालय से रवाना किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार गन्ना किसान के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। आगे उनके द्वारा बताया गया। कि वित्तीय वर्ष 25 - 26 मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना अंतर्गत किसान बीज, बड चिप विधि, उपादान किट, का लाभ ले सकते है साथ ही गन्ना यंत्रीकरण योजना अंतर्गत 33 प्रकार के गन्ना यंत्र पर 50% सब्सिडी के साथ में पंजीकृत डीलर के माध्यम से कार्य करने हेतु पोर्टल पर जा कर आवेदन कर सकते है ' उन्होंने जोर देते हुए गन्ना किसानों को विभाग से जुड़ने हेतु अधिक से अधिक किसान पंजीकरण करने का भी अनुरोध किया ताकि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए किसान चीनी मिल के कर्मचारी या गन्ना उद्योग विभाग के क्षेत्र पदाधिकारी के सहयोग से कर सकते है।





# बिहार में उच्च शिक्षा को लेकर पीपीपी मॉडल पर कार्य करने के लिए सेज यूनिवर्सिटी की पहल सराहनीयः कुलपति

**'सेज शिक्षा आपके द्वार' अभियान के तहत शहर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को जेपीयू के कुलपति के द्वारा किया गया सम्मानित**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार व गुणवत्ता सुधार को लेकर सरकार एवं देश के अन्य राज्यों की शिक्षण संस्थाएं मिलकर पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल में नई शैक्षणिक संस्थाएं स्थापित कर सकती हैं। इससे न केवल राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों या देशों में जाने की मजबूरी से भी निजात मिलेगी। यह बातें शहर के शिक्षाविदों व कोचिंग संचालकों के साथ आयोजित बैठक में दौरान जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति डॉ प्रमेंद्र कुमार बाजपेई ने कही। उन्होंने कहा कि सारण जिला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध रहा है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी बड़े निवेश की जरूरत है। इसके लिए पीपीपी मॉडल के माध्यम से यदि निजी विश्वविद्यालय और सरकार मिलकर संस्थान स्थापित करें तो स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। इससे विद्यार्थियों का आर्थिक बोझ भी कम होगा और बिहार की प्रतिभा को राज्य में ही आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। दिशा में सेज यूनिवर्सिटी इंदौर (मध्यप्रदेश) की ओर से की जा रही पहल की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर के नामचीन शिक्षाविदों ने भी कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाना चाहिए। स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में स्किल डेवलपमेंट, रोजगारोन्मुखी शिक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल कर छात्रों को व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार करना समय की मांग है। सेज यूनिवर्सिटी द्वारा 'सेज शिक्षा आपके द्वार' अभियान के तहत शहर के एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छपरा शहर के निजी स्कूलों, शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संचालकों व शिक्षकों सहित मीडिया कर्मियों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सेज यूनिवर्सिटी इंदौर के प्रतिनिधि प्रो शैलेश पाठक ने अपने संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवृत्ति योजनाओं और ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सेज यूनिवर्सिटी पिछले 23 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है और जरूरतमंद छात्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष भंडारी ने किया, जबकि मंच संचालन आलोक कुमार एवं गौरव शुभम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सम्मान देना और बिहार में उच्च शिक्षा के नए अवसरों पर संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद व सेज ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बिहार में उच्च शिक्षा के विकास के लिए पीपीपी मॉडल को प्रभावी कदम बताया।








## एक नजर

### पढ़ने निकला छात्र नहीं लौटा घर

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थानाक्षेत्र के धुसरी गांव निवासी रवि रंजन राम का 14 वर्षीय पुत्र कंचन कुमार 15 दिसंबर 2025 को घर से पचपखिया गया हुआ था जो चार दिन बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटा। बताया जाता है नवम वर्ग के छात्र है। पचरूखिया एक्सपर्ट कोचिंग में पढ़ता था। जिसे खोजबीन के लिए हसपुरा थाना में लिखित आवेदन कंचन कुमार के पिता रवि रंजन राम ने दिया है। कंचन कुमार के पिता ने बताया कि रिश्तेदारों, परिजनों के यहां काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। जिसे लेकर परिजनों के उपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। माता पिता को रो रोकर बुरा हाल हो रहा है

### शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद। देवकुंड थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बंधवा गांव में छापेमारी कर पांच लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला कि पहचान गांव निवासी मुकेश राम कि पत्नी पुनम देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त महिला चोरी छिपे शराब बिक्री करती है। टीम गठित कर छापेमारी किया गया जहां से पांच लीटर देसी शराब को जब्त करते हुए महिला को गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कुछ दिन पूर्व खेत में बकरी चराने को लेकर मारपीट की घटना हुई थी, इस मामले में एक अभियुक्त नेयाज कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बकरी चराने को लेकर दो पक्ष में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे, दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज की गई थी, कांड संख्या 507/25 के इस मामले में नामजद अभियुक्त नेयाज कुरैशी को घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने नीमा वाजिद गांव से एक वारंटी सुरेश पासवान को न्यायालय द्वारा वारंट के आलोक पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत हुई थी, उसी का आलोक में सुरेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने ढोसीला गांव निवासी नागदेव यादव के घर से 10 लीटर महुआ शराब के साथ नागदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव में नागदेव यादव के घर पर छापामारी की गई, छापामारी के क्रम में घर से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया, शराब व शराब कारोबारी दोनों को हिरासत में लेते हुए थाना लाया गया। मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत शराब कारोबारी नागदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कॉमरेड विनोद मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**अंबा (औरंगाबाद)**। कॉमरेड विनोद मिश्रा की 27वीं शहादत दिवस की वर्षी पर भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय अंबा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया और भाजपा के सांप्रदायिक मंसूबों को चकनाचूर करने का संकल्प लिया। पार्टी के प्रखंड सचिव रमेश पासवान ने कहा कि हमलोग कॉमरेड विनोद मिश्रा के सपनों को साकार करेंगे। बिहार में गरीबों और दलितों के घर उजाड़े जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों का कड़ा मुकाबला करने के लिए हर परिस्थिति में हम सबको जनता के साथ खड़ा रहना होगा। इस मौके पर संजय कुमार तेजा, मंटू कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सिंह, अवधेश महतो, अलखदेव पासवान, विरेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, जनार्दन विश्वकर्मा, रामस्वरूप मेहता, वैद्यनाथ प्रजापति, रामराज राम समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वाहन चेकिंग में कार से शराब बरामद

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। पचरूखिया रोड में इटवां पेट्रोल पंप के समीप हसपुरा पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान एक कार चालक तेज रफ्तार से मेन रोड छोड़ गिरधारी प्रसाद गुप्ता कालेज के रास्ते भाग निकला। जिस पर पुलिस को संदेह हुआ। स्थिति को भांपते हुए चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे एसआइ सूर्यदेव सिंह साथ में एसआइ सुग्रीव कुमार के साथ पुलिस के जवान रूपेश कुमार यादव व राम प्रताप के साथ कार को पीछा किया। पुलिस पीछा करते हुए इटवां फिल्ड के पास पहुंची तो कार कहीं नहीं दिखाई दिया। जब आसपास के लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि बागीचा के रास्ते आगे एक कार गई है। पुलिस जब आगे गई तो कार खड़ी मिला और बगल में नीचे कार्टून रखा पाया। जहां कोई भी व्यक्ति नहीं था। पुलिस ने कार कि तलाशी ली तो कार्टून में रखा अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जिसे लेकर कार को जब्त करते हुए हसपुरा थाना लाई गई और जब्त कि शराब के बोतल गिनती किया तो 750 एम एल का 183 बोतल में 137 लीटर झारखंड व अन्य राज्य का निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बिहार उत्पादन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर कारवाई में पुलिस जुट गई है। उन्होंने बताया कि थानाक्षेत्र के सभी रूटों में वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है। चेकिंग के दौरान गलत करने वाले बराबर पकड़े जा रहे है और उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

### कड़ाके की ठंडक और घने कोहरे से आम जनजीवन अस्त- व्यस्त



**जहानाबाद**। पिछले दो दिनों में मौसम ने अचानक करवट बदला जहां दिसंबर महीने के मध्य में लोग सामान्य तरीके से जीवन बसर कर रहे थे, वहीं बुधवार से मौसमक रुख में आए अचानक परिवर्तन ने सबको हैरान कर दिया। सुबह-शाम कुहासे और कड़ाके के ठंड के प्रभाव के साथ लगातार गिरते तापमान के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है। सुबह शाम तेज पछुआ हवा में बढ़ते गलन से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। लगातार बढ़ती ठंड के कारण स्थानीय प्रशासन के द्वारा बाजार क्षेत्र में कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। ठिठुरन और सर्दी से बचाव के लिए यात्रा करने वाले लोग अलाव से अपने आप को गर्म रखने का प्रयास कर रहे हैं। शहर के प्रमुख चौक- चौराहों, बस स्टॉप, अस्पताल, बैंक सहित कई सार्वजनिक और महत्वपूर्ण जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कड़ाके की ठंड के कारण सुबह और शाम मुख्य सड़कों पर विरानगी छा जा रही है। शाम ढलते ही दुकाने बंद हो जा रही है। ठंड और भीषण सर्दी के कारण सबसे अधिक छोटे बच्चों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है जिन्हें सुबह से ही अपने विद्यालय जाने के लिए तैयार होने की जद्दोजहद करनी पड़ती है। यात्रा करने वाले लोगों को भी ठंड के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार मौसम के पारे में गिरावट से ठंडक का प्रभाव और बढ़ने का असर हो रहा है। ठंड का प्रभाव बुजुर्ग और नवजात शिशु पर भी काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है। इधर पिछले दो दिनों में अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है जिसमें अधिकतर बुजुर्ग और छोटे बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गिरजेश कुमार ने लोगों को सलाह दी है कि अनावश्यक यात्रा से बचें। घर से बाहर निकलते समय गर्म वस्त्र जरूर पहनें। उन्होंने लोगों को से अपील किया है कि खाने-पीने में भी खासा परहेज करें। गर्म और ताजा खाना ही खाएं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में हल्का और सुपाच्य भोजन करना ज्यादा हितकर होता है।

# हत्याकांड में पांच को आजीवन कारावास व अर्थ दंड की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश विशाल कुमार की अदालत ने हत्या के मामले में दोषी करार किए गए पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में जिन्हें दोषी करार दिया गया उसमें रमता सिंह, गौरव कुमार, उत्तम कुमार, शशिकांत शर्मा एवं निहाल नंदन सिंह शामिल हैं। बताया गया कि सजा के बिंदु पर बुधवार को सुनवाई पूरा करने के उपरांत भा द वि की धारा 302 के तहत सभी दोषियों को आजीवन कारावास एवं दस- दस हजार रुपए का अर्थ दंड



भुगतने की सजा सुनाई। इतना ही नहीं न्यायालय ने हत्या के षड्यंत्र रचने के मामले में सभी लोगों को भा.द.वि की धारा 120 बी के तहत भी आजीवन कारावास एवं दस-दस हजार रुपए के अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला अलग से सुनाया। साथ ही न्यायालय ने सभी आरोपितों को घटना के क्रम में बचाने आए राहगिर उदय प्रसाद पर जानलेवा हमला करने को लेकर भा.द.वि की धारा 307 के तहत सात साल का कठोर कारावास एवं पांच हजार अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। इतना ही नहीं न्यायालय ने सभी आरोपितों को शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत तीन साल का सश्रम कारावास एवं एक हजार अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। इस मामले में लोक अभियोजक शारदानंद कुमार ने अभियोजन का पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस मामले में जिला के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकरसा गांव निवासी प्रतिमा देवी ने उपरोक्त सभी लोगों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में सूचिका आरोप लगाई थी कि वह अपने पुत्री के साथ घटना के दिन जहानाबाद व्यवहार न्यायालय से मुकदमे में पैरवी करने के बाद घर लौट रही थी कि रास्ते में अपराधियों ने घेरकर गोली मार दी जिससे मेरी बेटी जख्मी हो गई। इसी क्रम में एक राहगीर उदय प्रसाद बचाने के लिए आया तो उसे भी अपराधियों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया। बाद में रिचा कुमारी की मौत हो गई थी। इस मामले में अभियोजन की ओर से सूचक, अनुसंधानकर्ता एवं चिकित्सक सहित 10 गवाहो की गवाही कराई गई थी।

# ई-किसान भवन के सभाकक्ष में उर्वरक निगरानी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड कार्यालय स्थित ई - किसान भवन के सभाकक्ष में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की गुरूवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने की। जबकि संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित निगरानी समिति के सदस्यों ने किसानों के साथ उर्वरक की हो रही समस्या पर विस्तार से चर्चा किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा प्रखंड में उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को किसी तरह की परेशानी हो इसके लिए कृषि विभाग के गाइडलाइन को हर हाल में पालन करेंगे। खाद दुकानदारों ने कहा कि उर्वरक बिक्री में पांस मशीन के साथ बराबर परेशानी होती है। हमेशा नेट प्रोबलम रहता है। ऐसी स्थिति में क्या किया जाए। वहीं रबी फसल में उर्वरक की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था, कालाबाजारी, जमाखोरी पर रोक, उर्वरक बिक्री एवं नियंत्रण पर सतत् निगरानी को लेकर विस्तार चर्चा किया गया। उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, प्रखंड कृषि समन्वयक ब्रजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, अखिलेश कुमार सहित खाद व्यवसाईयों में उपेन्द्र सिंह , श्याम किशोर सिंह लक्ष्मी नारायण दत, अजय कुमार के अलावा कई उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

# वेंडिंग जोन पर भू-माफिया का कब्जा फुटपाथी दुकानदारों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से की गई पहल फिलहाल उलझन में पड़ती नजर आ रही है। श्री शनि मंदिर के पीछे, काको मोड़ से लेकर ऊंटा सब्जी मंडी के आसपास तक सड़क किनारे ठेला-गुमटी लगाकर जीविका चलाने वाले फुटपाथी दुकानदारों को अस्थायी रूप से वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था लागू होने से पहले ही भू-माफियाओं एवं आसपास के कुछ लोगों द्वारा वेंडिंग जोन की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। स्थिति ऐसी बन गई है कि वास्तविक फुटपाथी दुकानदारों के लिए वहां दुकान लगाने की कोई जगह नहीं बची है।

इस संबंध में फुटपाथी दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा गरीब फुटपाथी दुकानदारों के हित में की गई सोच सराहनीय है। उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन यह नहीं चाहता कि फुटपाथी दुकानदार अपने रोज़गार और परिवार के भरण-पोषण से वंचित हों। उन्होंने कहा कि यदि यह व्यवस्था जिला प्रशासन की देखरेख में क्रमबद्ध तरीके से लागू की जाती, तो आज यह समस्या उत्पन्न नहीं होती। वर्तमान स्थिति में जिन लोगों के पास पैसा,ताकत और प्रभाव है, उन्होंने अधिक स्थान पर कब्जा कर लिया है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद दुकानदार हाशिये पर चले गए हैं। इस संबंध में फुटपाथी दुकानदार संघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन से मांग की है कि हटाए गए सभी फुटपाथी दुकानदारों को नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाए।संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर भू-माफियाओं के कब्जे को हटाएगा और वास्तविक फुटपाथी दुकानदारों को उनका हक दिलाएगा।

# राजनीति की पृष्ठभूमि पर एक युवा कायस्थ की दमदार उपस्थिति पर चित्रांश समाज ने जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जहानाबाद चित्रांश परिवार ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। यह दायित्व नितिन नवीन के दीर्घकालिक संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता का एक बड़ा पारितोषिक उन्हें मिला है। नितिन नवीन विधायक के साथ-साथ बिहार के पथ निर्माण मंत्री भी थे, और अब राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पद उनके राजनीतिक पृष्ठभूमि को चार चांद लगायेगा। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन को मिला बड़ा दायित्व कायस्थ परिवार के लिए गर्व की बात है।ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष बिंदु भूषण प्रसाद ने जिला कार्यालय में सभी को मिठाई खिलाकर बधाइ दी और नितिन नवीन के स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने इसे राजनीति में कायस्थों की उपस्थिति का नया अध्याय भी बताया। इस दौरान चित्रांश के लोगों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के



राजीव रंजन प्रसाद
ग्लोबल अध्यक्ष



रागिनी रंजन
प्रबंध न्यासी

प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कायस्थों को सम्मान दिया है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में उपाध्यक्ष शीलभद्र सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव, सचिव नीतीश सिन्हा, कोषाध्यक्ष रामबिंदु सिन्हा , युवा अध्यक्ष किशन रंजन, सूर्यभूषण प्रसाद, रामावतार प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दिलीप कुमार,अरविंद कुमार, देवांशु , वीरभद्र सिन्हा, रमेश प्रसाद, अंजनी कुमार, चित्रा सिन्हा ,विनीता सिन्हा,विनीत, अनूप , मनीष, ऋषि ,आशुतोष सहित कई अन्य चित्रांश समाज के लोग शामिल थे।

# कुहासे से थमी रफ्तार, ठंड से कांपे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में घने कुहासे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। गुरुवार के सुबह से ही छाए घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गई थी। दृश्यता कम होने से जीटी रोड और ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। ठंड का असर इतना रहा कि लोग देर तक घरों में दुबके रहे। ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। चौक-चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में सुबह के समय अलाव के आसपास लोगों की भीड़ लगी रही। दिहाड़ी मजदूरों और राहगीरों के लिए सुबह का समय बेहद कठिन साबित हो रहा था। घने कुहासे के कारण सूर्यदेव भी पूरे दिन दर्शन नहीं दिए। करीब 1० बजे के बाद सड़कों पर आवाजाही धीरे-धीरे सामान्य हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सुबह और शाम के समय कुहासे और ठंड का असर बना रह सकता है। वहीं जिला प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील किया है कि कोहरे में सावधानी बरतें, फॉग लाइट का उपयोग करें और धीमी गति से वाहन चलाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।



इधर ठंड और कुहासे के कारण बीमारियों में भी इजाफा होने लगा है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी शिकायतों को लेकर जिले के विभिन्न अस्पतालों में मरीज पहुंचने लगे। खासकर बच्चे और बुजुर्ग ठंड से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. अभिष्ोक कुमार सिंह ने लोगों से ठंड से बचाव, गर्म कपड़े पहनने और बीमार होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

## अनियंत्रित बाइक पलटने से युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रघुनंदन बिगहा के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान सिमरा थाना क्षेत्र के सधान बिगहा निवासी धनरक्षण यादव के पुत्र संतोष यादव के रूप में हुई है। काम छोड़कर बाइक से अपने घर जा रहा था। इस दौरान वह बाइक को काफी तेज गति में चल रहा था, जैसे ही वह उस जगह पहुंचा, तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और घायल युवक का हाल जाना। फिलहाल, जख्मी युवक इलाजरत है।

# शिक्षामित्र का बेटा बना लेफ्टिनेंट क्षेत्र में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बारुण प्रखंड के गोठौली ग्राम के शिक्षक हरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र आदित्य कुमार रवि द्वारा लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। आदित्य कुमार रवि की शिक्षा दीक्षा औरंगाबाद के लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल से पांचवी तक हुई। उसके बाद उनका चयन सैनिक स्कूल जामनगर गुजरात में हो गया। फिर वहां से एनडीए में सिलेक्शन होने के बाद 3 साल खड़गवासला पुणे में उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 2024 में देहरादून में लेफ्टिनेंट का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एक सप्ताह पहले लेफ्टिनेंट के पद पर उन्होंने भारत माता की सेवा करने के लिए ज्वाइन किया। जब आदित्य



कुमार रवि से वार्ता किया तो उन्होंने बताया कि उनकी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरु जन एवं बचपन के मित्र हैं। आदित्य के पिता हरेंद्र कुमार सिंह 2003 में 1500 पर शिक्षामित्र की नौकरी की और अपने बेटे को विपरीत परिस्थितियों में पढ़ा लिखा कर इस योग्य काबिल बनाया कि जिसका नाम पूरे हिंदुस्तान में रोशन हो सके।

# क्लस्टर आधारित प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, औरंगाबाद के तत्वावधान में आयोजित क्लस्टर आधारित प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को रफीगंज स्थित आरबीआर खेल मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन ने खेल, अनुशासन और युवा ऊर्जा का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। समापन दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। इस अवसर पर रफीगंज के माय भारत स्वयंसेवक सत्यम शर्मा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मेरा युवा भारत का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन चंद्रप्रकाश ने पूरे जोश और सुव्यवस्थित ढंग से किया। मुख्य अतिथि आरबीआर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी सशक्त करता है। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे— 200 मीटर महिला दौड़ में मनीषा कुमारी विजेता बनीं, 400 मीटर पुरुष दौड़ में पंकज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वॉलीबॉल में रफीगंज टीम विजयी रही, जबकि महिला कबड्डी में कस्तूरबा गांधी महिला छात्रावास की टीम ने बाजी मारी। कार्यक्रम में आलोक कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, एबीपी नगर मंत्री राहुल कुमार, रंजन कुमार, प्रांशु कुमार, आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि खेल ही भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।

## धनहारा गांव जाने वाली कच्ची सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। सड़क बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं गांव की सड़क कच्ची होने के कारण वर्षा के दिनों में अधिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीण गंगा मेहता, उमेश प्रजापति सहित ने बताया कि हम साइबर युग में प्रवेश कर चुके हैं, यहां के ग्रामीणों की स्थिति 18वीं शताब्दी जैसी ही है। जब ग्रामीण बीमार पड़ते हैं तो उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। धनहारा से विशनपुर होते हुए कंचन बंद तक लगभग दो किमी की सड़क पूरी तरह से कच्ची है जो पैदल चलने के लिए भी अनुपयुक्त है। इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चों और महिलाओं को होती है। बता दें कि धनहारा गांव में एक प्राथमिक विद्यालय भी है और यहां की आबादी लगभग 400 है। इतना होने के बावजूद भी सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

# मोहल्लों में कचरे के ढेर से नाला जाम, नागरिक परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में विभिन्न मोहल्लों में कचरे का अंबार लगा है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में कचड़ा जमा होने और सफाई व्यवस्था की कमी ने कई समस्याएं उत्पन्न कर दी है। बता दें कि यह स्थिति सिर्फ शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रही है बल्कि नागरिकों के लिए भी असुविधा का कारण बन रही है। कचड़े के अंबार से नाला जाम हो गया है। नाला जाम होने से बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। बता दें कि शहर में सफाई व्यवस्था केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है जबकि इस पर लगभग 45 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इतना होने के बावजूद भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं होता है। वहीं नगर परिषद की ओर से कचड़ा उठाव की व्यवस्था तो की गई है परंतु कर्मचारियों की लापरवाही और औपचारिकता के कारण शहर में



गंदगी का अंबार लग रहा है। कचड़े की अंबार के कारण नालियां जाम हो जाती है और गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है जिससे दुर्गंध फैलती है। गंदगी से संक्रामक रोग फैलन की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा कचड़े के ढेर के समीप आवारा पशुओं का जमावड़ा भी रहता है जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में कचड़ा जमा होने से निचले इलाक ों में पानी भर जाता है जिससे नागरिकों और दुकानदारों को नुक सान होता है। नावाडीह के प्रदीप सिंह, वासुदेव सिंह ने नगर परिषद से उचित कचड़ा निस्तारण व्यवस्था की मांग की है। कहा कि कर्मचारियों को नियमित और सही तरीके से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही शहर में डंप किए गए कचड़े के निष्पादन के लिए स्थायी समाधान खोजने की आवश्यकता है। सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और नागरिकों को कचड़ा सही जगह पर फें कने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। बताया कि विभाग को सफाई कार्य के प्रति सजग रहकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि नागरिकों को सुविधाओं का ध्यान रखा जा सके।

# बच्चों को आधुनिक शिक्षा दे रही है प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी बच्चों के प्रतिभाओं को सींचने और समुचित विकास के लिए आधुनिक व समावेशी शिक्षा के साथ पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक माहौल में बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करना विद्यालय को अन्य संस्थानों से अलग बनाता है। उक्त बातें अतिथियों ने गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित पैरेंट्स टीचर मीटिंग एवं विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, समाजसेवी सिद्धेश्वर विद्यार्थी, दिलीप कुमार, एसआई उमेश कुमार,



राजा कुमार ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा फूल माला एवं अंगवस्त्र देकर आगत अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख ने विद्यालय के दो दशक से अधिक के सफल कार्यकाल की सराहना की और बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आठवीं क्लास की मानसी, सुरभि और सुगंधा कुमारी ने कार्बन प्यूरीफिकेशन मॉडल, आठवीं क्लास की माही, शिवानी सोनम कुमारी के सोलर सिस्टम, सातवीं क्लास की जूही रोशनी और साक्षी कुमारी के एग्रीकल्चर वर्किंग मॉडल, चौथी क्लास के आनंद भूषण और कार्तिक कुमार ने ओपन एवं क्लोज ब्रिज, सातवीं क्लास के आर्यन और राणा कुमार ने अर्थक्वेक प्रूफ हाउस, छठी क्लास के हंस कुमार, गोल्डन कुमार और विमल कुमार ने विंड मिल, नौवीं क्लास की एंजेल कुमारी और रेशमा कुमारी में दांडी मार्च तथा दसवीं क्लास के राहुल, पीयूष और गोलू कुमार ने एलॉटरोप्स मॉडल बनाया था। जिसे अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा। इस मौके पर संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी, प्राचार्य कुमारी शशि, वॉयस प्रिन्सिपल जयमंगल सिंह, शिक्षक डीके सिंह, रीता सिंह, कंचन सिन्हा, अमित कुमार, शिवम कुमार, अशोक सिंह, आदित्य कुमार, अक्षय कुमार, राहुल सिंह, नेहा शर्मा, प्रिया मिस, संजना मैडम, गायत्री मैडम, रीना सिंह, अंजली कुमारी विद्यालय के बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# बंदेया में अगलगी में धान के बोझे जलकर हुए राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। जिले के गोह प्रखंड के बंदेया गांव में असामाजिक तत्वों ने बुधवार की रात्रि एक किसान के धान के बोझे में आग लगा दी। जिसमें इसी गांव निवासी मनोज पासवान के करीब साढ़े चार बीघा धान के बोझे जलकर राख हो गए। यह क्षेत्र में पिछले 15 दिनों में आगजनी की तीसरी घटना है। किसान बब्लू शर्मा की जमीन पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की रात मनोज अपने धान के बोझे की रखवाली कर रहे थे, तभी उनके सामने ही बोझे में आग लगा दी गई। हालांकि पीड़ित किसान इस मामले में कुछ भी स्पष्ट कहने को तैयार नहीं हैं। किसानों को आर्थिक नुकसान बब्लू शर्मा ने गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बताया कि असामाजिक तत्व लगातार किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की इन घटनाओं से किसान समुदाय में गहरी चिता व्याप्त है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दी गई है आग लगने की सूचना मिली है मामले की छानबीन की जा रही है।

# शराब माफिया व लंबित मामलों पर सख्ती के निर्देश

## शिवाजीनगर थाना का डीएसपी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** रोसरा अनुमंडल के डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने शिवाजीनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हाजत, शस्त्रागार सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान डीएसपी ने विशेष रूप से शराब माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने थाना क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। साथ ही उन्होंने पुराने एवं लंबित कांडों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता को शीघ्र न्याय मिल सके निरीक्षण के क्रम में उन्होंने फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, थाने में आने वाले लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली पारदर्शी और जनहित में होनी चाहिए मौके पर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, अपर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार सहित थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, अनुशासन और कार्य निष्पादन की सराहना करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक में दिए गए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य तथा प्लस 2 विद्यालय के प्रधानाध्यापक की बैठक विमर्श कक्ष में बीडीओ सह प्रभारी बीईओ राहुल रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। उन्होंने स्कूल में संचालित सभी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष तथा सचिव स्कूल के नियमित बैठक में नहीं आते हैं। जिससे विद्यालय के वित्तीय कार्य सहित कई अन्य कार्य प्रभावित होता है। श्री रंजन ने कहा कि तीन बैठक में अध्यक्ष एवं सचिव नहीं आतें हैं तो उन्हें पदच्युत करते हुए नये अध्यक्ष एवं सचिव के चयन कर विद्यालय के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रधानाध्यापक स्वतंत्र है। छीजित एवं अनामंकित बच्चों का गृहवार सर्वेक्षण निर्धारित अवधि तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। कंपोजिट ग्रांट मद की राशि व्यय करना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री पोषण साधन सेवी रूचिका कुमारी ने बच्चों की उपस्थिति दो बजे तक ई शिक्षा कोष पर अपलोड करने का निर्देश दिया। मध्याह्न भोजन पंजी अपडेट करने, जिस विद्यालय को पोषण वाटिका की राशि मिली है वह विद्यालय यथाशीघ्र पोषण वाटिका निर्माण करने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम के तहत निर्धारित दिवस पर आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का सेवन कराकर इसका रिपोर्ट अपलोड करने, लकड़ी पर मध्याह्न भोजन नहीं बनाने का निर्देश दिया। मौके पर अमित कुमार, नवनीत कुमार, प्रधानाध्यापक प्रिय रंजन, मन्टुन महतो, शंभू महतो, अशोक शर्मा, रमण कुमार झा, आनंद, चांदनी कुमारी, रेखा कुमारी, सरोज कुमार, अभय झा, बागीश चंद्र पाठक, राजेश कुमार, विभाकर कुमार, कंचन कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

# विद्यालय में तिथि भोजन आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्राथमिक विद्यालय धुसहा में शिक्षक मो जाहिद आलम के द्वारा गुरुवार को तिथि भोजन आयोजित करवाया। इस अवसर पर 103 स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षक को पूरी, सब्जी, दही एवं रसगुल्ला खिलाया गया। मौके पर एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद आलम ने तिथि भोजन के आयोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताते हुए इस अनुपम प्रयोग को छात्र एवं समाज के लिए अनुकरणीय बताया। मौके पर बीआरपी कमल कुमार मौर्य, प्रधान संदीप, विकास, नरेंद्र, बिंदेश्वर, शिक्षक मनोज, सोनू, अशोक आदि मौजूद थे।

## विद्यालय त्रैमासिक परीक्षा हुई प्रारम्भ

**भगवानपुर।** प्रखंड के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गुरुवार से 9वीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा शुरूहो गई। यह परीक्षा 20 दिसंबर तक दो पालियों में चलेगी। पहली पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 9.30 बजे से एवं दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से हुई।गुरुवार को पहली पाली में मातृभाषा (हिन्दी, बंगला, उर्दू एवं मैथिली) एवं दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा (संस्त, हिन्दी, अरबी, फारसी एवं भोजपुरी) की परीक्षा हुई ।19 दिसंबर को पहली पाली में विज्ञान एवं दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। 20 दिसंबर को पहली पाली में गणित, गृहविज्ञान तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। प्रारंभिक विद्यालय में भी त्रैमासिक परीक्षा जारी रही।

# दरभंगा ने पटना को 6 विकेट और मगध ने तिरहुत को 21 रनों से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के गांधी मैदान में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एव जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय क्रिकेट बालक प्रतियोगिता में दरभंगा एवम मगध बनी विजेता। गुरुवार को अंडर-14 खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन के मैच काफी शानदार रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि आप लोग निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें। गुरुवार को पहले मैच में पटना ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 14.5 में ओवर में पटना की टीम 112 रन बना कर आउट हो गयी। पटना की ओर से स्पर्श कुमार ने सर्वाधिक 42 रन 37 बल में बनाया। वहीं आशुतोष ने 20 बल में 23 रन बनाया। दरभंगा की ओर से गेंदबाजी करते हुए रूदल ने 1 ओवर में 4 रन देकर 4 विकेट लिया। वहीं अरूणेश ने 3 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिया। दरभंगा की टीम बल्लेबाजी करने उतरी और 14 वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाकर जीत अपने नाम किया। दरभंगा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए दक्ष ने 25 गेंदों में 38 रन और अयान ने नाबाद रहते हुए 35 बल में 39 रन बनाया। पटना की ओर से गेंदबाजी करते हुए इशु साहिल ने 1 ओवर में 3 रन देकर 2 विकेट लिया वहीं सम्यक पाठक ने 1 ओवर में 4 रन देकर 1 विकेट लिया। दरभंगा के अयान और रूदल को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। वही दूसरे मैच में मगध ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 124 रन बना कर मगध की टीम ने तिरहुत को सम्मान जनक लक्ष दिया। मगध की ओर से अतुल विनय शक्ति ने सर्वाधिक 41 रन 26 बल में बनाया वहीं आयुष ने नाबाद रहते हुए 20 बल में 37 रन बनाया। तिरहुत की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल शाह ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिया वहीं आयुष राज ने 2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिया। तिरहुत की टीम बल्लेबाजी करने उतरी और 14.3 ओवर में 103 रन बनाकर आल आउट हो गयी। तिरहुत की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सचिन सिंह ने 12 गेंदों में 18 रन और अमरकांत ने 20 बॉल में 18 रन बनाया। मगध की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष सिंह ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिया वहीं उमेश कुमार ने 2.3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिया। मगध के आयुष सिंह को मैन अफ द मैच मिला। क्रिकेट प्रतियोगिता के इस अवसर पर बेगूसराय जिला क्रिकेट संघ के सचिव मृत्युंजय कुमार वीरेश, शारीरिक शिक्षक विश्वजीत कुमार, अरविंद कुमार, दीपक, चिरंजीवी, अरूनव पंकज, दीपक कुमार दीप, शशिकांत, शुभम, रितेश, मणिकांत, क्रिकेट खिलाड़ी मुरारी कुमार, सुमित कुमार, आदि उपस्थित रहे। स्कोरर की भूमिका शिक्षक राहुल कुमार और अभय शंकर आर्या ने बखूबी निभाया।

# गिरफ्तारी में हुई देर तो परिजन करेंगे आत्मदाह

## मृतक शहजाद के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** वीरपुर थाना क्षेत्र के बाहरबन्नी बाबा स्थान के पास कपड़ा व्यवसायी मोहम्मद शहजाद की हत्या के बाद उनके परिजनों से मिलने पहुचे विधायक द्वय। ज्ञात हो कि गुरुवार 11 दिसंबर को घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों में भारी आक्रोश है। मृतक के भाई मोहम्मद सालमन ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए बड़ा अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि उनके भाई की हत्या को कई दिन बीत चुके हैं। लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। सालमन ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 5 दिनों के अंदर पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया। तो वे अपने चारों भाइयों के साथ बेगूसराय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेंगे। बुधवार को मृतक शहजाद के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने नेताओं का तांता लगा रहा। तेघड़ा के विधायक रजनीश कुमार और मटिहानी के विधायक बोगो सिंह परिजनों से मिलने पहुंचे। दोनों विधायकों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि वे इस मामले में पुलिस के आला अधिकारियों से बात करेंगे। ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके। और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उल्लेखनीय है कि 11 दिसंबर को अपराधियों ने बाहरबन्नी बाबा स्थान के पास बांध पर शहजाद की हत्या कर दी थी।

# माले ने विनोद मिश्र की पुण्यतिथि मनाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाकपा-माले के पूर्व महासचिव कामरेड विनोद मिश्र की 27वीं स्मृति दिवस पर जिला कार्यालय में मनाई गई। गुरुवार को शहर के कमलेश्वरी भवन में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर सिंह और बैजू सिंह की अध्यक्ष मंडल में कार्यकर्ताओं का कन्वेंशन हुआ। जिसमें चन्द्रदेव वर्मा ने पार्टी केन्द्रीय कमेटी के आह्वान को पढ़ा। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा इस 18 दिसम्बर को हम कॉमरेड विनोद मिश्रा की 27वीं शहादत-बरसी पर लाल सलाम और क्रांतिकारी श्रद्धांजलि पेश करते हैं। 1970 के दशक के शुरूआती भयंकर झटके और बिखराव के बाद हमारी प्यारी पार्टी को दोबारा खड़ा करने और संगठित करने का काम इन्होंने किया था। 1990 के दशक में संघ-भाजपा के बढ़ते खघ्तरनाक हमलों के चुनौतीपूर्ण दौर का मुकाबला करने के लिए पार्टी को तैयार करने तक स्वर्गीय मिश्र ने हमारे लिए एक शानदार, गौरवशाली कम्युनिस्ट विरासत हमारे हवाले की है। स्वर्गीय मिश्र की अगुवाई में पार्टी ने संगठन को मजबूत करके जनता के बीच और गहरा रिश्ता बनाकर, और विपक्षी राजनीति में पार्टी की संयुक्त मोर्चा नीति को आगे बढ़ाकर चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया। चन्द्रदेव वर्मा ने कहा कि हाल के बिहार चुनाव ने एक बार फिर हमें चुनावी राजनीति की टेढ़ी-मेढ़ी राह पर पीछे धकेल दिया है। नवलकिशोर सिंह ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और अब बिहार तक एक के बाद एक राज्य चुनावों में मिली जीतों से बेलगाम होकर मोदी सरकार ने पूरे देश में अपने फासीवादी हमलों को तेज कर दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाता सूची से नामों की कटाई की देशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है।इस लड़ाई के मैदान में जैसे-जैसे मुकाबले की घड़ी और तेज हो रही है। हमें आने वाले निर्णायक आंदोलनों के लिए अपनी पूरी ताकत को एकजुट करना होगा। कन्वेंशन को बैजू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, इन्द्रदेव राम, शैलेन्द्र सिंह, टूसा देवी, गौड़ी पासवान, सोनू फर्नाज, रामकुमार तांती, रामानंद महतो, कैलाश महतो, नूरूल इस्लाम जिम्मी, एहतेशाम अहमद समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर के सिन्हा थाना पुलिस ने चोरी के एक बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित खवासपुर थाना क्षेत्र के सरबू सिंह के टोला निवासी संजय सिंह के पुत्र कृष्णा सिंह उर्फ करिया व नथमलपुर गांव निवासी बीरेंद्र सिंह के पुत्र भानु प्रताप सिंह है। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें दोनों आरोपियों को चोरी के वाहन के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और दोनों से पूछताछ की जा रही है। कुछ अन्य जानकारी मिलने के बाद पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पकड़े गये आरोपित कई राज खोल सकते है।

# सड़क निर्माण का विधायक ने लिया जायजा

## नगर परिषद की बैठक में विधायक एवं अधिकारी ने कार्यों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** नगर परिषद सभागार में नगर परिषद की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद मो. जमालउद्दीन ने किया। बैठक में विधायक सतानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव भी मौजूद थे। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में विधायक निधि से हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमे नगर क्षेत्र के पटेल चौक से स्टेशन रोड तक बुडको के द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण एवं डिवाइड के काम पर नगर पार्षदों द्वारा गुणवत्ता पर जो सवाल उठाए जा रहे थे कार्यो पर संतोष व्यक्त किया जा रहा था उसे गंभीरता से लेते हुए विचार विमर्श किया गया। सड़क एवं डिवाइडर के बारे में गुणवत्ता को लेकर बुडको प्रोजेक्ट मैनेजर से पूछताछ किया गया। मामले में संतोषजनक जवाब जवाब नहीं मिलने की बात कही गयी। वहीं एस्टीमेट के अनुसार काम करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम तरनिजा के द्वारा सड़क के बीच बनाए गए टेढ़े-मेढ़े डिवाइडर को सही करने एवं सड़क के बगल में बिजली के खंभे को डिवाइड के बीच में लाने का निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया। वही पटेल चौक से स्टेशन चौक के बीच दो पेड़ को वन विभाग से एनओसी के लिए लेटर भेजने की बात कही। बैठक में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, अधिकारी सभी नगर पार्षद, कर्मी मौजूद थे।

## चोरी की घटना को दिया अंजाम

**नावकोठी।** थाने के नावकोठी पंचायत में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। बीती रात हुई घटना में चोरों ने नगदी समेत अन्य सामान की चोरी कर ली। इधर पुलिस ने बताया कि गृहस्वामी सपरिवार बेगूसराय में रहते हैं। पडोसी ने मोबाइल फोन पर सूचना दिया कि घर के अंदर से दो बच्चे निकल रहे हैं। सूचना पाकर मैं (नीता देवी पति गणेश गौतम)घर आई तो मेनगेट धक्का मार कर तोड़ा गया। तथा चार कमरे में से तीन कमरे का ताला टूटा पाई। कमरे के ट्रंक का ताला तोड़कर 20 ग्राम सोने की बाली तथा एक चेन तथा 8 हजार रुपए नगद, दूसरे कमरे से चांदी का बरतन प्लेट, ग्लास, चम्मच आदि को चोरों ने गायब कर दिया। इसकी लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष कांड 234/25 अंकित कर घटना स्थल का जायजा लिया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि इस घटना की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि अनुसंधान में सहूलियत मिल सके।

# दो नामजद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने दो प्राथमिकी नामजद को गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार नामजद नावकोठी के मनोज सिंह का पुत्र गौरव कुमार, संजय सिंह का पुत्र अनमोल सिंह उर्फ संख्या है। नावकोठी के वार्ड संख्या 13 के मो निजाम ने अपने पुत्र मो रियाजुल के साथ मारपीट करने तथा दिनभर की मजदूरी का रुपए निकाल लेने का आरोप लगाकर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मो रियाजुल पीएचसी के बगल में चाय पीने के लिए बुधवार की शाम में गया था। उपरोक्त नामजद उसके साथ बदसलूकी करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट किया जिसमें रियाजुल का सिर फट गया। जिसका इलाज पीएचसी में किया गया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों नामजद को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाई शुरूकर दी है।

# कामना के त्याग से जो सुख प्राप्त होता है, वह पूर्ति से कभी नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** हनुमान मंदिर बड़ी मठिया आरा में श्रीमद्भागवत कथा कहते हुए श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज ने कहा कि कामना छूटने से जो सुख होता है, वह सुख कामना की पूर्ति से कभी नहीं होता। प्रवचन के दौरान कहा कि परमात्मा की अभिलाषा चाहते हो तो संसार की अभिलाषा को छोड़ो। जो संसार की इच्छा करता है, उससे सुख लेता है, वह भी बदलता रहता है अर्थात अनेक योनियों में जन्मता - मरता रहता है। जिसको हम सदा के लिये अपने पास नहीं रख सकते, उसकी इच्छा करने से और उसको पाने से भी क्या लाभ? कामना के कारण ही कमी है। कामना से रहित होने पर कोई कमी बाकी नहीं रहेगी। कामना का सर्वथा त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी; क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुष के पास आने के लिये लालायित रहती हैं। जो अपने सुखके लिये वस्तुओं की इच्छा करता है, उसको वस्तुओंके अभावका दुःख भोगना ही पड़ेगा। कामना न कर के अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये। जैसा मैं चाहूं, वैसा हो जाय-यह इच्छा जब तक रहेगी, तब तक शान्ति नहीं मिल सकती। निन्दा इसलिये बुरी लगती है कि हम प्रशंसा चाहते हैं। हम प्रशंसा चाहते हैं तो वास्तव में हम प्रशंसा के योग्य नहीं हैं। जो प्रशंसा के योग्य होता है, उसमें प्रशंसा की चाहत नहीं रहती। मनुष्य समझदार होकर भी उत्पत्ति - विनाशशील वस्तुओं को चाहता है। यह आश्चर्य की बात है । शरीर में अपनी स्थिति मानने से ही नाशवान् की इच्छा होती है और इच्छा होने से ही शरीर में अपनी स्थिति दृढ़ होती है। कुछ चाहने से कुछ मिलता है और कुछ नहीं मिलता। परन्तु कुछ न चाहने से सब कुछ मिलता है। दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है। इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत। सांसारिक सुखकी इच्छा का त्याग कभी-न-कभी तो करना ही पड़ेगा तो फिर देरी क्यों। मौके पर अयोध्यानाथ स्वामी जी महाराज, संजय स्वामी जी, कवि स्वामी जी, राधाचरण साह, मल्लू बाबा, बिट्टू सिंह, दीपक तिवारी, वीरेंद्र दुबे, गोलू बाबा समेत अन्य थे।

# पीजीआरओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईसीडीएस की सभी सेवाओं में पारदर्शिता लाने लाभुकों को शत प्रतिशत लाभ मिले जिनको लेकर अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली ने बुधवार धनरूआ प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया, मौके पर धनरूआ सीडीपीओ जीनत कौसर भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कोड 39, 40, 41, 47, 48, 183, 235 आदी आंगनबाड़ी केद्रों की जांच की गई, जहां संतोषजनक बच्चों की संख्या, एफआरएस के माध्यम से पोषाहार एवं टीएचआर वितरण आदि की व्यवस्थाएं संतोषजनक देखी गई। हालांकि कई जगहों पर कुछ कमियां भी पाई गई जिसे समय रहते ठीक कर लेने की चेतावनी दी गई। जांच पदाधिकारी पीजीआरओ सोनाली ने अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजने, उनकी साफ-सफाई का ध्यान रखने, समय पर बच्चों का वजन कराने और टीकाकरण सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इन बिंदुओं पर विशेष जोर दिया ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# विशेष टिकट जांच अभियान में मिले 503 बेटिकट यात्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के साहिबगंज-भागलपुर रेलखंड पर आज चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत कुल 503 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया है। मालदा मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह ने आज यहां बताया कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में इस रेलखंड के भागलपुर और कहलगांव स्टेशनो पर आज विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत पकड़े गये 503 बेटिकट यात्रियों से जुर्माने के रुप में कुल 4 लाख 33 हजार 75 रुपए की राशि वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत भागलपुर के मुख्य टिकट निरीक्षक दिलीप चौरसिया की अगुवाई में टिकट निरीक्षकों की अलग-अलग टीमों के द्वारा आज दिन भर अप तथा डाउन दिशा की सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में यात्री टिकट की चेकिंग कर बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया।इस काम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का पूरा सहयोग मिला है। श्री सिंह ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान से मालदा मंडल के साहेबगंज भागलपुर खंड सहित सभी रेलखंडों पर चलने वाले सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की संख्या में कमी आई है तो दूसरी तरफ प्रमुख स्टेशनों के राजस्व में भी वृद्धि हुई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि इस रेलमंडल के प्रमुख स्टेशनों पर टिकट काउंटरों के भीड़ से बचने के लिए रेल यात्रियों को स्वचालित टिकट वेंडिंग (एटीभीएम)और ऑनलाइन टिकट हेतु रेलवन एप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं इन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु यात्रियों को जागरुक किया जा रहा है।

# जहानाबाद में बैंकों की तिमाही समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** डी.एल.सी.सी. की सितम्बर 2025 कि तिमाही समीक्षात्मक बैठक अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अग्रणी जिला अधिकारी (आरबीआई) अमित कुमार गुप्त, जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) रजनीकांत सिंह, निदेशक (आरसेटी) नागेश्वर, अपर समाहर्ता बैंकिंग नेहा कुमारी वरीय उप समाहर्ता, डी.आर.डी.ए. रोहित कुमार मिश्रा एवं जिले के बैंकों के 16 समन्वयक उपस्थित रहे। इस बैठक के संयोजक रवींद्र कुमार सिंहा, अग्रणी जिला प्रबंधक जहानाबाद ने बैठक को संबोधित करते हुए जिले के सभी बैंकों के समन्वयकों से जिले के साख जमा अनुपात जो की 43.44 है, इसे 50 तक बढ़ाने का अनुरोध किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले के साख जमा अनुपात और जिले की रैंकिंग जो की राज्य के 38 जिलों में 34वें स्थान से 32वें स्थान पर आ गई है, पर इसमें और सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जिन बैंकों का जमा साख अनुपात 60 से कम है, उन बैंकों के अधिकारियों एवं जिले के के अन्य अधिकारियों के साथ रणनीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हमारा जिला कृषि प्रधान जिला है, इसलिए जो कृषक ऋण अच्छा चला रहे हैं उन्हें जरूरत के अनुसार ऋण की राशि बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा पी.एम.ई.जी.पी. के तहत जिले का लक्ष्य 65 (लाभुकों की संख्या) के विरुद्ध 16.12.2025 तक 30 लाभुकों को ऋण का लाभ मिला। इसके उपरांत जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) एवं अग्रणी जिला अधिकारी (आरबीआई) द्वारा सभी बैंकों को जिनका एसीपी लक्ष्य 10% से कम है, उन्हें मार्च 2026 तक 100% तक एसीपी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार कर अग्रणी जिला प्रबंधक जहानाबाद के कार्यालय को बताने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि इसे शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया जाए तो जिले का साख जमा अनुपात को आसानी से 50 से ज्यादा प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद आरसेटी के निदेशक ने बताया की उनके संस्थान में कितने तरह के स्किल डेवलपमेंट की कार्यशाला है तथा किन लोगों को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की शिक्षा दी जाती है। सितम्बर छमाही में 18 बैच में कुल 581 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिसमें से 366 का सेटलमेंट भी किया गया एवं 131 लोगों का क्रेडिट लिंकेज किया गया है। जहानाबाद जिला को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत मशरूम उत्पादन के लिए चुना गया है। आरसेटी द्वारा मशरूम उत्पादन पर काफी लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। इसलिए निदेशक ने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे इन प्रशिक्षित लागों को वित्त पोषित करने का प्रयास करें ।इसके बाद जिले के अपर समाहर्ता श्री विनय कुमार सिंह ने सभा को संबोधित कर सभी को अच्छा काम कर साख जमा अनुपात एवं एसीपी लक्ष्य की प्राप्ति की बात कही।

# नेपाल के राजा ने किया था पहला तर्पण, तब से शुरू हुआ खरमास में पिंडदान

## पुनपुन घाट पर मिनी पितृपक्ष का चल रहा आयोजन

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** एक माह तक चलने वाले पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पौष खरमास मेले की शुरुआत 16 दिसंबर को हो चुकी है। यह 14 जनवरी तक चलेगा। मेले से जुड़ीं प्रशासनिक तैयारियां की गई हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार पुनपुन नदी को पितृ तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में स्वीकार किया गया है। ऐसी मान्यता है कि नेपाल के राजा द्वारा पुनपुन नदी के तट पर पौष माह में अपने पूर्वजों का पिंडदान किया गया था। तबसे ये परंपराएं चली आ रही है। पुनपुन नदी को आदि गंगा के नाम से भी जाना जाता है। पुनपुन पांडा समिति के सचिव रिंकू पांडै ने बताया की खरमास में पिंडदान करने से दिवंगत आत्माओं को शांति और तृप्ति मिलती है, जिससे वे सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करती हैं। यह समय पितृ दोष के प्रभाव को कम करने के लिए बहुत शुभ होता है, खासकर भगवान शिव और विष्णु की पूजा के साथ पिंडदान करने से लाभ होता है। पांडा समिति के पूर्व अध्यक्ष तारिणी मिश्रा ने इसकी पिछे की कहनी के बारे मे बताया की सूर्य देव के रथ की आकाशीय यात्रा पर आधारित है। जब रथ खींचने वाले घोड़े थक गए, तो एक अद्भुत घटना हुई। सूर्य देव को अपने घोड़ों पर दया आ गई और उन्होंने अपना रास्ता नदी किनारे की ओर मोड़ लिया। घोड़ों को वहाँ आराम मिला, जब उन्होंने बहती नदियों का पानी पिया। इस आकाशीय मोड़ पर, घोड़ों की जगह कुछ समय के लिए दो गधों ने ले ली, जिन्हें खर कहा जाता था, जिससे वे आकाशीय यात्रा पूरी कर पाए। इसी दयालुता के काम से 'खर मास' नाम पड़ा, जो पौष महीने के दौरान सूर्य की तीव्रता की धीमी और कम होती दर को दर्शाता है।

# शिक्षक के खाने में मिली छिपकली, मचा बवाल

## बीडीओ ने की जांच, प्रिंसिपल से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**मसौढ़ी।** प्राथमिक शिक्षा महाविद्यालय में आवासीय प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों के भोजन में गुरुवार के दिन उस वक्त बवाल मच गया जब खाने की थाली में खाने के दौरान आलू के भुजीया में छिपकली मिली, फिर होना क्या था जमकर बवाल हो गया। खाना खा रही महिला शिक्षक रानी कुमारी यह देखकर खाना फेंक दी और उसे उल्टी आने लगी। मामला मसौढ़ी के प्राथमिक शिक्षा महाविद्यालय की है जहां पर 15 से 19 दिसंबर तक क्लास 6-8 के टीचरों की आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उसे आवासीय तौर पर रहने वाली महिला शिक्षकों की खाने की भी व्यवस्था की गई है। जहां गुरुवार की दोपहर में खाने के दौरान आलू की भुजिया में छिपकली निकला है। जिसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी और स्थानीय विधायक को भी हुई है ऐसें में एसडीएम के आदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार जांच करने पहुंचे। जहां पर जांच कर उन्होंने बताया कि आलू की भुजिया में मेंढक जैसा कुछ जीव दिख रहा है। सैंपल को इकट्ठा कर लिया गया है और जांच के लिए भेजा जा रहा है और पूरे मामले की तह तक जांच की जाएगी। फिलहाल प्रिंसिपल रश्मि कुमारी, और भेंडर पर स्पष्टीकरण की जा रही है। बहरहाल ऐसे में सेहत पर सवाल उठना लाजिमी है कि खाने में छिपकली निकलना लापरवाही के साथ साथ सेहत से खिलवाड़ भी है। यूपी की रहने वाली महिला शिक्षक रानी कुमारी ने बताया कि जब हम खाना खा रहे थे उसी दरमियान आलू की भुजिया में नजर पड़ी है जहां पर छिपकली जैसा कुछ निकला उसके बाद हमने खाना फेंक दिया और मुझे उल्टी आने लगी। बहरहाल मामले की जांच की जा रही है।

# मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने के मामले में चार उपभोक्ताओं के घर हुई छापेमारी

## कुल 1 लाख 30 हजार 530 रुपए का लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिजली चोरी की मिल रही शिकायत को लेकर मसौढ़ी विद्युत प्रमंडल के द्वारा टीम गठित करते हुए कई मोहल्ले में सघन छापेमारी की गई, जहां टीम का नेतृत्व विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने की, जहाँ कैलूचक में शिवजी सिह उम्र लगभग-71 वर्ष पिता स्व0 बृजभूषण कुमार, के आवासीय परिसर में पोल से मीटर तक लाये गए इनपुट सर्विस तार को बीच से काटकर एक अन्य तार के द्वारा, विद्युत मीटर को बाईपास कर विद्युत उर्ज़ा का उपभोग कर रहे थे। विधुत उर्ज़ा की इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 को लगभग 10,516.00 (दस हजार पाँच सौ सोलह) रुपये मात्र की हानि हुई है। इसके अलावा शशिभूषण कुमार उम्र लगभग 51 वर्ष पिता शिवजी सिह का विद्युत उर्ज़ा की इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 को लगभग 13.612.00 रुपये मात्र की हानि हुई है। छापेमारी दल बृजभूषण प्रसाद उम्र लगभग 63 वर्ष पिता अयोध्या प्रसाद,को लगभग 19,830.00 (उन्नीस हजार छह सौ तीस) रुपये मात्र की हानि हुई है एवं दिलीप कुमार उम्र लगभग 42 वर्ष पिता-किशोरी साह उपभोक्ता के परिसर का विद्युत कनेक्शन बकाया राशि 74934.00 रुपया पर विच्छेदित कर दिया गया था। जिसके चलते उपभोक्ता का मासिक विपत्रीकरण बन्द हो गया, उपभोक्ता के द्वारा विद्युत कनेक्शन विच्छेदित होने के बाद बकाया राशि जमा किये विना ही अपने परिसर का विद्युत कनेक्शन स्वयं से जोड़ लिये। जिससे विधुत उर्ज़ा की चोरी हो रही थी। लगभग 11831.00 रुपया मात्र की हानि हुई है, जिसका कुल योग रुपया 86765.00 (छयासी हजार सात सौ पैसठ रुपये) दिलीप कुमार पर देनदारी है।सभी अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधीनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

# पचास हजार सदस्य बनाने का रखा गया लक्ष्य

## मसौढ़ी के गांवों में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान, विधान पार्षद ने की चकिया गांव से शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** 2025 से 2028 तक के लिए जदयू का सदस्यता अभियान गांव गांव में शुरू किया गया है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के लखनौर बेदौली पंचायत के चकिया पर गांव से इसकी शुरुआत विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने की है। जिसकी अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह की उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता और जनविश्वास के कारण इस बार सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक सदस्य बनाये जायेंगे. उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2025-28 के सदस्यता अभियान में सिर्फ मसौढ़ी प्रखंड में लगभग पचास हजार सदस्य बनाकर पिछला रिकॉर्ड तोड़ेगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूरे बिहार में तय एक करोड़ से अधिक सदस्यों और जिला मे पांच लाख के लक्ष्य में जिला प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि प्राथमिक व क्रियाशील सदस्य बनने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तथा सदस्यता शुल्क सहित फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2026 निर्धारित है। नए सदस्य के रूप में पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार वर्मा, चंद्रमोहन पटेल को नए सदस्य के रूप में सदस्यता दिलायी गयी। कहा कि मसौढ़ी प्रखंड में जदयू के नए सदस्य बनाने के दिशा और ईमानदारी के साथ काम करूंगा. कहा कि जिले के सातों प्रखंड में चौथम प्रखंड में सबसे अधिक जदयू के सदस्य बनाने का संकल्प लेकर जदयू की सदस्यता लिया है। मौके पर जिला प्रभारी मनोरंजन गिरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, संतोष चौधरी, पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार वर्मा आदी उपस्थित रहे।

# विनोद मिश्रा की 27वीं बरसी पर भाकपा माले ने मनाया संकल्प दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** कामरेड विनोद मिश्रा की 27वीं बरसी के अवसर पर भाकपा माले की ओर से संकल्प दिवस मनाया गया। इसके अलावा मसौढ़ी अनुमंडल में 18 से 24 दिसंबर तक सदस्यता भर्ती नवीकरण वबुथ स्तर पर चुनाव में आए वोटो की समीक्षा करने ब्रांच व लोकल कमेटी के पुनर्गठन के संदर्भ में ब्रांच व गांव की बैठक का अभियान जारी रहेगा। उक्त बाते भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह जिला सचिव कामरेड अमर ने पुनपुन के नीमा व नुरीचक में कहीं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले को हर मोर्चे पर हर संभव तरीके से मज़बूत करे आने वाले साल में पार्टी को और अधिक गतिशील सगढित अडिग व जुझारू बनाने के लिए हम अपनी हर ताकत झोक दे। मसौढ़ी माले कार्यालय में नागेश्वर पासवान शशि यादव, इन्दू देवी, उमा यादव, चिथौल कॉलोनी में राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, सतनारायण सिंह बलियारी में प्रखंड सचिव राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी मुखिया खराट पंचायत बिलौटी में बाजन पासवान सत्येंद्र, हसनपुरा में रमेश चौधरी कृष्णा रविदास सीतापति देवी राघो प्रसाद सहित कई दर्जन ब्रांच में विनोद मिश्रा की बरसी मनाई गई उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की वही धनरूआ में प्रखंड सचिव अकलू पासवान जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र प्रसाद, भगवान पासवान, निरंजन वर्मा, प्रमोद यादव, कमला देवी, रिंकू देवी, दीपक पासवान, खुर्शीद अंसारी कमलेश यादव, जितेंद्र राम, पुनपुन में प्रखंड सचिव मोहन आनंदी पासवान, मिथिलेश कुमार, मुन्ना चौहान, जयप्रकाश पासवान आदी शामिल रहे।

# शिविर से लोगों में बढ़ेगी संस्कृत अध्ययन की रूचि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, लोकभाषा प्रचार समिति, बिहार प्रान्त एवं डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का उद्घाटन सत्र पीजी संस्कृत विभाग में अध्यक्ष डॉ कृष्ण कान्त झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शिविर में कुमकुम कुमारी ने संस्कृत में स्वागत गीत गाया, जबकि वैदिक मंगलाचरण- डॉ सोमेश्वर नाथ दधीचि तथा पौराणिक मंगलाचरण- शोधार्थी सुधांशु कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जबकि अतिथियों का स्वागत पाग एवं चादर से किया गया। इस अवसर पर शिविर प्रशिक्षक अमित कुमार झा ने सहभागियों का प्रारंभिक वर्ग लिया। उद्घाटन संबोधन में प्रो जीवानन्द झा ने कहा कि इस शिविर से संस्कृत अध्ययन-अध्यापन में लोगों की रुचि बढ़ेगी। यदि 10-20% छात्र भी संस्कृत बोलना सीखेंगे तो यह शिविर सफल माना जाएगा। उन्होंने छात्रों से संस्कृत भाषा में संवाद करने, लिखने, पढ़ने तथा समझने का आह्वान किया ।मुख्य अतिथि डॉ धीरज कुमार पांडेय ने संभाषण शिविर हेतु छात्रों की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत सबसे प्राचीन एवं अन्य भाषाओं की जननी है। संस्कृत आदिकाल का हमारा इतिहास भी है और मूल्यपरक भाषा भी। मुख्य वक्ता डॉ संजीत कुमार झा ने कहा कि संस्कृत में बोलना छात्रों एवं शिक्षकों के लिए सम्मान की बात है। इसमें निहित ज्ञान के कारण ही आज संस्कृत की प्रासंगिकता पुनः बढ़ रही है। संस्कृत बोलने से छात्रों का आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने निरंतर अभ्यास कर संस्कृत संभाषण सीखने का आह्वान करते हुए कहा कि संस्कृत परिवर्तन का वाहक है। छात्र ही शिक्षकों का वास्तविक परिचय होता है। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ कृष्णकान्त झा ने कहा कि देवभाषा कही जाने वाली संस्कृत प्राचीन काल में लोकभाषा थी। विदेशी आक्रमण के कारण इसका काफी क्षय हुआ। कई उदाहरण देते हुए कहा कि आज कई मुस्लिम लोग भी संस्कृत में संभाषण करते हैं। संस्कृत की उन्नति एवं लोकप्रियता दिनानुदिन पुनः बढ़ती जा रही है। संस्कृत सीखने से अन्य भाषाएं भी जल्दी सीखी जा सकती है। उन्होंने छात्रों से संस्कृत में आवेदन लिखने का आह्वान करते हुए कहा कि संस्कृत बहुत कठिन भाषा नहीं है, पर व्यवहार में न होने के कारण लोग इसका प्रयोग नहीं कर पाते हैं। संस्कृत बोलने के लिए व्याकरण या शास्त्रीय ज्ञान आवश्यक नहीं है, बल्कि निरंतर अभ्यास की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ आर एन चौरसिया ने संस्कृत ग्रंथों में वर्णित सिद्धांतों को बेहतरीन जीवनशैली बताते हुए कहा कि शिविर में संकेतों, चित्रों, वस्तुओं, उदाहरणों, प्रश्नोत्तरों तथा वार्तालापों आदि के माध्यम से सरल संस्कृत संभाषण सिखाया जाएगा। शिविर में किसी भी उम्र के, कोई भी छात्र-छात्रा या पुरुष-महिला निःशुल्क रूप से भाग ले सकते हैं। शिविर के समापन के अवसर पर आगामी 23 दिसंबर को सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। स्वागत संबोधन में डॉ ममता स्नेही ने संस्कृत संभाषण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डॉ मोना शर्मा ने मानव जीवन में संस्कृत भाषा के महत्वों पर विस्तृत चर्चा की। शिवम कुमार मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्कृत अध्ययन केन्द्र के नामांकित छात्रों का वर्गारंभ भी हुआ, जिन्हें अतिथियों द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा तैयार पांच पुस्तकें प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र पाठ से हुआ।

# पुलिस वालों ने खराब पड़ी स्कूल बस को धक्का मार कर पहुचायी मदद

## बच्चों ने कहा थैंक यू पुलिस अंकल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पुलिस ड्यूटी में मुस्तैद रहने वाले पुलिस को लगातार अपराधियों के पीछे आपने भागते हुए देखा होगा, लेकिन यह तस्वीर पुनपुन की है जहां पर पुलिस ड्यूटी के अलावा नागरिक सेवा भी करने में पुलिस वाले आगे रह रहे हैं। दरअसल गुरुवार की दोपहर में एक स्कूली बस अचानक बीच सड़क पर खराब हो गई जहां आसपास कोई भी बस को धकेलना वाले नहीं थे, खराब पड़े हुए स्कूली बस में दो दर्जन से अधिक छोटे-छोटे बच्चे बैठे हुए थे, काफी देर तक बस खराब पड़ी हुई थी। ऐसे में पुलिस वालों ने उस खराब पड़े हुए बस को काफी दूर तक धक्का मार कर सड़क के किनारे उसको खड़ा किया: उसके बाद गाड़ी बनाने में बस ड्राइवर जुटे रहें और किसी तरह से स्टार्ट कर वहां से हटाया: पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि हम सभी पुलिस वाले दिन रात अपराध को कंट्रोल करने के लिए सड़कों पर मुस्तैद रहते हैं। इस बीच हर नागरिकों की समस्याओं का भी द निवारण करना हमारी प्राथमिकता रहती हैं ताकि पब्लिक में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। लगातार पीपुल फ्रेंडली के तहत आम नागरिकों के बीच अपनी उपस्थिति दिखाते भी हैं और लोगों के बीच जन जागरूकता भी फैलाते हैं।

# गरीब असहायों के लिए तारेगना स्टेशन पर आर्यभट्ट चेतना मंच ने जलाया अलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मौसम का मिजाज बदलते ही ठंड का ठिठुरन बढ गई है। ऐसे में खासकर रिक्शा चालक ठेला चालक और अन्य मजदूर वर्ग किलो को ठंड में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए गुरुवार को आर्यभट्ट चेतना मंच की ओर से गरीबों सहयोग के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में अलाव जलाया गया। जहां गरीबों ने अलाव जलते ही ठंड से राहत पाई आर्यभट्ट चेतन मठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर सुनील गावस्कर ने कहा गुरुवार को पहले दिन रेलवे स्टेशन परिसर में अलाव जलाया गया है यह निरंतर कार्य चलता रहेगा कर्पूरी चौक बस स्टैंड टेंपो स्टैंड अन्य जगहों पर जा जाकर इसी तरह से अलाव जलाते रहेंगे और गरीबों के बीच कंबल वितरण भी किया जाएगा और अलाव जलाने का कार्य न केवल सिर्फ इस वर्ष बल्कि कई वर्षों से निरंतर करते आ रहे हैं। इसके साथ ही सभी आर्यभट्ट चेतना मंच के पदाधिकारी को आवाहन करते हुए कहा की रोज कंबल एवं आग जलाएं अलाव जलाने वाले में आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील कुमार गावस्कर शिवम कुमार चंदन कुमार एवं अन्य गण्य मान्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** बिहार में जयनगर-दरभंगा रेल खंड के पण्डौल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को जयनगर से आरा के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 13225 इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरने से एक 35 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जयनगर जीआरपी थाना गुंजन कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या- 11 मेन रोड शहीद चौक निवासी 35 वर्षीय राहुल कुमार साफी बताया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया है। मृतक आज गुरुवार सुबह अपने घर से ससुराल सकरी के बहेरी ट्रेन से जा रहा था।

**आरोपित के घर चिपका इश्तेहार**

अथमलगोला। हत्या मामले के आरोपी के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि कुणाल पासवान सहित अन्य चार आरोपियों के घर पर फरार होने के कारण इश्तेहार चिपकाया गया है।

# ठंड से ठिठुरन बढ़ी, कोहरे के चादर में लिपटा शहर

## रफ्तार पर लगी ब्रेक, कई ट्रेनें चल रहीं घंटों लेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**








**मसौढ़ी।** अचानक आये तापमान मे गिरावट के कारण मौसम का मिजाज बदलने लगा है. अब धीरे-धीरे ठंड की ठिठुरन बढ रही है। गुरुवार की सुबह से ही पूरे मसौढ़ी शहर में कोहरे का धुंध रहा। सड़कों पर विजिबिलिटी कम रही। इससे ट्रेनों की रफ्तार कम हो गई है। पटना गया रेल खंड में धुंध के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। कई ट्रेन में अपनी नियमित समय से विलंब से चल रही है। जिसमें 133229 गंगा दामोदर एक्सप्रेस 1 घंटे से लेट चल रही है। पटना रांची एक्सप्रेस 45 मिनट लेट चल रही है। बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस तकरीबन डेढ़ घंटे अपने नियमित समय से विलंब चल रही है। इसके अलावा गया पटना सवारी गाड़ी 822238 डेढ़ घंटे लेट चल रही है। 63244 अपने निर्धारित समय से 45 मिनट से लेट चल रही है। तकरीबन आधा दर्जन एक्सप्रेस मेल और पैसेंजर ट्रेन विलंब से चल रही है। बहरहाल गुरुवार से पछुआ हवा चलने के कारण हवा मे शित लहरी चलने लगा है। ऐसे में मौसम का मिजाज सर्द हो गया है।

# आभूषण व्यवसायी से झपटे लाखों के गहने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा बाजार में आभूषण व्यवसायी लगातार अपराधियों के निशाने पर हैं। चोरी और छिनतई की बढ़ती घटनाओं से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला गुरुवार शाम की है, जब बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े आभूषण व्यवसायी से करीब 30 लाख रुपए के गहने और 20 हजार रुपये नकद से भरा बैग झपट फरार हो गए। पूरी वारदात बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार हसपुरा बाजार मेन रोड स्थित शिवशंकर ज्वेलर्स के मालिक अनिल कुमार स्वर्णकार रोज की तरह करीब साढ़े सात बजे अपनी दुकान बंद कर बेटी सानूप्रिया के साथ श्री भास्कर नगर



स्थित घर जा रहे थे। आभूषण से भरा थैला उनकी बेटी के हाथ में था जबकि अनिल कुमार कुछ कदम पीछे चल रहे थे। जैसे ही वे चौराही मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर थैला छीन लिया और तेज रफ्तार में चौराहीं की ओर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास, सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार और हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित व्यवसायी और उनकी पुत्री से पूछताछ की गई तथा आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में बाइक पर सवार दो युवक स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जिनमें से एक हेलमेट पहने बाइक चला रहा था जबकि दूसरा टोपी लगाए बैठा था। पीड़ित अनिल कुमार ने बताया कि थैले में घरेलू आभूषण, दुकान के गहने और ग्राहकों द्वारा मरम्मत के लिए दिए गए आभूषण शामिल थे। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के अनुसार फर्द बयान में थैले में लगभग 30 लाख रुपये के आभूषण और 20 हजार रुपए नकद होने की बात सामने आई है। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की तकनीकी जांच कर अपराधियों की पहचान की जा रही है। खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है और जल्द ही मामले का उद्भेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कोहरे का कहर : अनियंत्रित होकर पलटी बस, कई जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के सिमरा नहर के समीप महाकाल नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस घटना में आधे दर्जन लोग जख्मी हो गये,जबकि कई सवारी चोटिल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी सवारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना गुरुवार की दोपहर की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार ने बताया कि नवीनगर थाना क्षेत्र के मैगरा गांव निवासी संतोष सिंह की 20 वर्षीय पुत्री अंचला कुमारी, संतोष सिंह की 50 वर्षीय पत्नी गीता देवी, कुटुंबा थाना क्षेत्र के समदा गांव निवासी बसंत तिवारी के 35 वर्षीय पुत्र विकास तिवारी, बडेम थाना क्षेत्र के बड़ेम गांव निवासी ललन पासवान की 42 वर्षीय पत्नी संगीता देवी, नगर थाना क्षेत्र के रामाबांध गांव निवासी ईश्वरी पासवान की 25 वर्षीय पुत्री शांति कुमारी जख्मी हुए है। छात्रा पूजा कुमारी, सुमी कुमारी और आंचल कुमारी को भी जख्मी होने की सूचना है। ये सभी पिछले तीन सप्ताह से नवीनगर अस्पताल में ट्रेनिंग कर रही थी। सभी जख्मियों को इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इधर घटना से संबंधित मिली जानकारी के अनुसार उक्त यात्री बस नवीनगर से औरंगाबाद जा रही थी। इसी बीच सिमरा नहर के समीप अचानक बस अनियंत्रित हो गयी। सड़क से काफी दूर जाकर बस पलट गयी। इसमें सवार कई लोग जख्मी व चोटिल हो गये। घटना के बाद आस पास के लोग दौड़ते हुए वहां पहुंचे



और सवारियों को बचाने और अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंची और लोगों का हाल जाना। पता चला कि दुर्घटना के दौरान कुछ लोग यात्री बस से दब गए थे। क्रेन के माध्यम से बस को खड़ा किया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। घटना के बाद बस का चालक फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह, शिक्षक नेता धनंजय सिंह, पूर्व मुखिया भोला सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिंदेश्वरी सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष संतोष चौहान, समाजसेवी अभय सिंह अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों के इलाज में मदद की। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि यात्री बस को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# रेल ट्रैक से युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रेलवे ट्रैक से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। घटना बुधवार की रात फ़ेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया कुरम्हा नरेश हॉल्ट के समीप की है। रेलवे कर्मचारियों ने सबसे पहले ट्रैक पर शव देखे जाने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर ज़रूरी प्रक्रिया के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान मृतक की उम्र क़रीब 35 साल बताई जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी ज्योति कुमारी ने बताया कि शव को रेलवे ट्रैक से बरामद कर लिया गया है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस की ओर से पहचान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक की तस्वीर आसपास के थानों को भेजी गई है ताकि किसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान किया जा सके। रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक कब और किस परिस्थिति में वहां पहुंचा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। शव की पहचान होने के बाद ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आ पाएगी। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक थाना परिसर में सुरक्षित रखा जाएगा।

# मास्टर प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में निपुण बिहार उत्कर्ष के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए मास्टर प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मकता लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मास्टर प्रशिक्षकों की क्षमता को सुदृढ़ करना था। पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रबंधक शादाब आलम ने गांधी फ़ेलोशिप कार्यक्रम एवं निपुण लक्ष्यों की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मास्टर प्रशिक्षकों की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर गुणवत्ता आधारित शिक्षण सुनिश्चित करने में मास्टर प्रशिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला का संचालन मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिसमें मास्टर प्रशिक्षक



राजकुमार गुप्ता, कौशल किशोर एवं रमेश कुमार ने प्रमुख नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभायी। सत्रों में एक सफल व आदर्श शिक्षक की भूमिका, उसकी जिम्मेदारियों तथा उन्हें व्यवहार में उतारने के तरीकों पर गहन चर्चा की गयी। रमेश कुमार ने टीआइपीपीएस के प्रमुख संकेतकों पर प्रकाश डाला गया, जो शिक्षकों के शैक्षिक कौशल, सकारात्मक विद्यालय वातावरण एवं बाल-अनुकूल शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक हैं। साथ ही निरंतर कक्षा अवलोकन, संरचनात्मक फीडबैक, मेंटोरिंग एवं सहयोगात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यशाला में प्रोग्राम लीडर अहमद रजा ने जिले के 170 विद्यालयों के कक्षा तीन के विद्यार्थियों की दक्षताओं से संबंधित आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया। इन आंकड़ों का निपुण लक्ष्यों के सापेक्ष विश्लेषण करते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। राजकुमार गुप्ता एवं कौशल कुमार ने आदर्श कक्षा की परिकल्पना, प्रभावी पाठ योजना, गतिविधि-आधारित शिक्षण तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया। कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने के लिए एफएलएन टीएलएन किट, स्वर-हावभाव, स्थानीय भाषा एवं वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के प्रयोग पर बल दिया गया। समग्र शिक्षा अभियान से आए पदाधिकारियों ने मास्टर प्रशिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं आपो सर्वेश एवं गंगाधर ने निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये। कार्यशाला का समापन शादाब आलम द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला के प्रमुख निष्कर्षों को रेखांकित किया। कार्यशाला में रफीगंज, मदनपुर व ओबरा प्रखंड के सभी मास्टर प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्ट सहित अन्य मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 48 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 23 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पोक्सों एक्ट में 1, एससी-एसटी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 1, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 498.40 लीटर देसी शराब, 140.75 लीटर विदेशी शराब, 2 कार, 2 बाइक, 1 साइकिल बरामद किया गया है। साथ ही 200 लीटर महुआ घोल एवं दो भट्ठियों को विनष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 996 वाहनों की जांच की गई जिसमें 57500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 15 वारंट निष्पादन किया गया है। विदित हो कि एसपी अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें।

# एसपी ने सुनी आमजनों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से क्रमशः उनके समस्या के संबंध में पूछताछ की और न्याय का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित थाना के पुलिस पदाधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों से पुलिस को इससे सीधे जुड़ने का अवसर मिल रहा है। जनता दरबार का मकसद लोगों को सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं का




निपटारा कराने की अपील की है। उन्होंने फरियादियों से कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। अपनी समस्याओं को बेहिचक कहे। औरंगाबाद पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। पुलिसिंग व्यवस्था को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से यह नई व्यवस्था दी गई है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन का किया जा रहा है जिससे अधिक अधिक से मामले की जन सुनवाई संभव हो सके व दूरदराज से आये फरियादियों को लाभ मिल सके।

# न्यायालय के निर्देश पर पांच वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर औरंगाबाद पुलिस द्वारा पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा की गई है। मदनपुर पुलिस द्वारा तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान सिरौंधा निवासी लालू यादव, लालकेश्वर यादव एवं पड़रिया निवासी पवन यादव के रूप में की गई है। रफीगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के नीमा वाजिद निवासी सुरेश पासवान के रूप में की गई है। इसके अलावा सलैया पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के पीरवा निवासी सूरज कुमार के रूप में की गई है। पुलिस की माने तो अलग-अलग मामलों में ये सभी फरार चल रहे थे। लंबे समय से फरार होने के कारण न्यायलय से वारंट निर्गत किया गया था जिसमें आज सभी पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की मिलेगी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शी लाने एवं योजना का सही रूप से क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बेहतर पहल की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पत्र जारी कर प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत पंचायत में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी की पहल से योजनाओं की क्रियान्वयन में पारदर्शिता आने व जनकल्याणकारी योजना का लाभ सीधे जरूरतमंदों को मिलने की उम्मीद जगी है। इस अभियान के तहत कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन रिसियप आज शुक्रवार को कार्यक्रम निर्धारित है। डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी समेत सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे योजना से संबंधित स्टॉल लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान जरूरतमंद जनकल्याणकारी योजनाओं का हेतु अपना आवेदन भी देंगे। आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए संबंधित विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर कंप्यूटर सेट के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे तथा आवेदन आते ही उसे ऑनलाइन करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तरह के पेंशन योजना, बैंकिंग, मनरेगा, राशन कार्ड, सात निश्चय योजना पार्ट 2, स्वास्थ्य शिविर, बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आइसीडीएस शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। इसके साथ ही जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा हेतु भी कार्रवाई की जायेगी। डीएम के इस पल से लोगों को सहूलियत होने की उम्मीद है। डीएम के निर्देश पर बीडीओ प्रियांशु बस ने सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। इसके साथ ही पंचायत सचिव को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है।

# लंबे अर्से से फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा (औरंगाबाद)।** विशेष समकालीन अभियान के दौरान कुटुंबा थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात्रि लंबे अर्से से फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष इमरान आलम ने की। गिरफ्तार वारंटी धीरेन्द्र पासवान व तिलेश्वर पासवान थानाक्षेत्र के विशुनपुर गांव के रहने वाले हैं। उन्होनें बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों के विरूद्ध न्यायालय में अपराधिक मामला लंबित है। कोर्ट द्वारा निर्गत नोटिस प्राप्त करने के



बावजूद वे निर्धारित तिथि पर हाजिर नहीं हो रहे थे जिसके कारण कोर्ट द्वारा उन दोनों के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# धान चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** धान चोरी के आरोप में माली पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव निवासी ऋतिक कुमार पासवान, जीनू कुमार एवं सनौरा गांव निवासी नेहाल कुमार पासवान के रूप में की गई है। दरअसल, 5 दिसंबर 2025 को एक पिकअप वाहन से चार बोरा धान की चोरी हुई थी जिसमें मामला दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की गई। गुरुवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की धान




जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि धान चोरी के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बाइक को भी जब्त कर लिया। इसके बाद तीनों को पकड़कर थाना ले गयी। थाने में तीनों से पूछताछ की गयी। तीनों ने चोरी के बाद छिपाकर रखे चार बोरी धान के बारे में सटीक जानकारी दी। पुलिस की टीम वहां पर पहुंची और चोरी की चार बोरी धान को जब्त किया। इसके बाद सोनौरा गांव निवासी श्रवण साव ने तीनों चोर के खिलाफ थाना में आवेदन दिया। आवेदन के आलोक में तीनों पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बड़ी बात है कि अभी इस गिरोह के मुख्य शातिर का भंडाफोड़ नहीं हुआ है। इससे पहले भी उक्त इलाके में कई बार चोरी की घटना घटित हुई है। फिलहाल पुलिस हर पहलुओं पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# बंद रास्ते को खुलवाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकार जहां हर बसावट को आम रास्ता से जोड़ने के लिए कार्रवाई कर रही है वहीं औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित मदरसा कब्रिस्तान के समीप के रहने वाले लोग अपने रास्ते के लिए पिछले चार वर्ष से विभाग का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में पीड़ित स्थानीय निवासी बाबर अली एवं नूरजहां खातून ने जानकारी दी कि मदरसा कब्रिस्तान खाता संख्या 157 खेसरा 438 में अवस्थित है और खाता संख्या 110, खेसरा 437 रैयती जमीन है। जबकि खाता संख्या 156 खेसरा 436 गैर मजरूआ मालिक कादिम है, जो पिछले कई वर्षों से आम रास्ता है और खाता संख्या 437 पर जाने का रास्ता भी है। मदरसा कमिटी द्वारा जबरदस्ती इस रास्ते को बंद कर दिया गया है जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर 16 जून 2025 को अंचलाधिकारी द्वारा मदरसा कब्रिस्तान कमिटी को 15 दिनों के अंदर अतिक्रमण को खाली करने का आदेश निर्गत किया गया था। कब्रिस्तान कमिटी द्वारा उनके आदेश की अवहेलना कर दी गई और अभी तक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया। इतना ही नहीं कब्रिस्तान कमिटी के सदस्यों ने भी नगर थाने में रास्ते को आम रास्ता के लिए छोड़ने से संबंधित समझौते पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए लेकिन कार्रवाई शून्य रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उतरही हवा के साथ वातावरण में घना कुहासा छाये हुआ है। पूरा आसमान सफ़ेद बादलो से पट्टा हुआ है। गुरुवार को पूरे दिन सूर्य नहीं दिखाई दिये। शीत हर व कुहासे से मौसम का पारा लुढ़क गया है। ऐसे में जीव जंतु से लेकर आम नागरिक तक परेशान दिख रहे है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। हालांकि प्रशासनिक स्तर से कहीं भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं करायी गयी है। इस बीच सबसे अधिक दिक्कत खेतिहरों के साथ पशुपालकों को हो रही है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में धूप सुहानी लग रही थी। इधर अचानक बीते बुधवार की देर रात्रि से मौसम का रंग बदल गया है। गुरुवार को पूरे दिन कंपकंपाती ठंड लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। घने कुहासे की वजह से सड़कों पर गुजरने वाली वाहनों की रफ्तार काफी धीमी पड़ गई थी। अचानक ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्ग काफी परेशान है। घर से बाहर निकलते ही ठंडी हवा उनके लिए घातक साबित हो रही है। इधर स्कूली बच्चे सुबह में स्कूल, कोचिंग व ट्यूशन पढ़ने जाने से कतरा रहे हैं। ठंडी के असर से बुखार, वोमेटिंग व सर्दी-खांसी तथा सिर दर्द के मरीज बढ़ने गये है। अचानक ठंड बढ़ने से किसान व पशुपालक मुश्किल के दौर से गुजर रहे हैं। कड़ाके की ठंडी में भी खेतिहर सुबह से शाम तक खेत खलिहान में काम करने को मजबूर है। किसानों के खेत में अभी तक गेहूं एवं अन्य रबी फसलों की बुआई नही हुई है। उनके लिए यह ठंड आफत से कम नहीं है। इधर ठंड बढ़ने से दूध उत्पादन पर असर पड़ रहा है। वेटेनरी सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम में पशुओं के रखरखाव को लेकर पशुपालकों को एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया है कि अत्यधिक ठंड बढ़ने पर पशु के शरीर पर मोटा कंबल या जूट की बोरी डाल कर ओढाएं। अहले सुबह व सूर्यास्त के पश्चात पशुओं को कतई खुले आसमान के नीचे न रहने दे। टंकी का या रात्रि का बासी पानी पशु को पिलाना खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने बताया कि पशुओं को स्वस्थ व सुरक्षित रखने के लिए चापाकल का ताजा पानी पिलाएं। ठंड के दिनों में शुद्ध सरसों का तेल व गुड़ खिलाने से पशुओं का स्वास्थ्य ठीक रहता है। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में गौशाला में नमी नहीं होने दे। अगर नमी है तो कुट्टी, भूंसी या सूखी राख का छिड़काव करें। दूसरे दिन पुनः उसे अलग हटाकर गौशाला का साफ सफाई कर दे। ठंड के मौसम में गौशाला के खिड़की किवाड़ बंद रखें। अगर किसी पशु के शरीर के तापमान बढ़ने, भूख न लगने तथा नाक से पानी गिरने की शिकायत हो तो तत्काल नजदीक के पशु चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराने का प्रयास करें। मौसम वैज्ञानिक डॉ अनूप कुमार चौबे ने बताया कि औरंगाबाद सहित बिहार के अन्य जिलों में अब कड़ाके की ठंडी पड़ेगी। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 20 दिसम्बर तक घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी है। वहीं 21 से 22 दिसम्बर को घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले 48 घंटे के भीतर बिहार में कोल्ड वेव का असर दिखने लगेगा। पश्चिमी हवाओं के सक्रिय होने से ठंड में और इजाफा होने की संभावना है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093